पारा आपडेट
मैक्सिमम 25.00 | मिनीमम 12.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.12
सूर्योदय (कल) ▸ 06.29

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत 2080

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, सोमवार 30 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 177 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

पेज 12


## संक्षिप्त खबरें

### नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट का लैंडिंग टेस्ट सफल

**मुंबई।** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को कमर्शियल विमान की पहली लैंडिंग सफल रही। कमर्शियल विमान को लैंड करते ही वाटर कैनाल से सलामी दी गई। इसे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी विमानन परियोजना के विकास में एक बड़े कदम के तौर पर देखा जा रहा है। एक माह पहले सेना के विमान का सफल लैंडिंग परीक्षण किया गया था। मार्च तक एयरपोर्ट का काम पूरा होने पर यहां से नियमित उड़ान सेवा शुरू कर दी जाएगी। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने मीडिया को बताया कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है।

### कच्छ में 3.2 का भूकंप, इस माह में तीसरी बार झटका

**भुज।** कच्छ जिले के कुछ क्षेत्रों में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस होने से हड़कंप मच गया। इस भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 3.2 रिकॉर्ड की गई, जिसका केन्द्र भचाऊ से 18 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व स्थित था। कच्छ इलाके में इस माह में यह तीसरी बार भूकंप के झटके लगे हैं। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार राज्य के कच्छ जिले में रविवार सुबह 10 बजकर 6 मिनट पर 3.2 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। जिला प्रशासन ने इस संबंध में बताया कि भूकंप से किसी तरह के जानहानि या सम्पत्ति के नुकसान होने की जानकारी नहीं मिली है। दरअसल, कच्छ जिले में कम तीव्रता के भूकंप अक्सर आते रहते हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री की अस्थियां यमुना घाट पर हुई विसर्जित

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां रविवार को गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट पर विसर्जित कर दी गईं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पार्थिव देह का अंतिम संस्कार शनिवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया था। राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि बहुत सम्मान के साथ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियों को गुरुद्वारा मजनू का टीला के अस्थि घाट पर यमुना नदी में विसर्जित किया गया। यह बहुत भावुक क्षण था। दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार ने गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन (गुरु ग्रंथ साहिब का संगीतमय पाठ), पाठ (गुरबानी का पाठ) और अरदास कराए हैं। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर भी कीर्तन और गुरु पाठ के लिए गुरुद्वारा मजनू का टीला पहुंची थीं।

### केजरीवाल ने भाजपा पर मतदाता सूची में हेरफेर करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा पर दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में हेरफेर करने का आरोप लगाया। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मजबूत उम्मीदवार या मुद्दे पेश करने में विफल रहने के बाद अनुचित तरीकों से चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने कहा, भाजपा पहले ही चुनाव हार चुकी है। उसके पास मुख्यमंत्री पद का चेहरा या उचित उम्मीदवार भी नहीं है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा

# संविधान हमारा पथ प्रदर्शक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि संविधान हमारा पथ प्रदर्शक है। 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। मन की बात के 117 वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निमार्ताओं द्वारा सौंपा गया संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस एपिसोड में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का विशेष उल्लेख किया और कहा कि अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि इसकी विशेषता इसकी विशालता में ही नहीं बल्कि इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परंपराएं, सैकड़ो संप्रदाय, अनेक अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है।

उन्होंने बताया कि इस बार कुंभ के आयोजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैट बोर्ड का भी प्रयोग किया जा रहा है फोन विराम इसके माध्यम से 11 भारतीय भाषाओं में काम से जुड़ी हुई हर जानकारी हासिल की जा सकेगी।

### भारत का कंटेंट क्रिएशन का हब बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम



अगले साल भारत में आयोजित होने वाले ऑडियो विजुअल इंटरटेनमेंट सबमिट यानी वेव्स सबमिट के विषय पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें दुनिया भर के मीडिया और एंटरटेनमेंट उद्योग के दिग्गज और सृजनात्मक दुनिया के लोग भारत आएंगे। यह भारत के दुनिया के कंटेंट क्रिएशन का हब बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने दुनिया भर में भारत की संस्कृति के प्रचार-प्रसार से जुड़े कुछ तथ्य रखे। उन्होंने मिस्त्र में भारत की संस्कृति पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता और दक्षिण अमेरिकी देश पराग्वे में लोगों की आयुर्वेद के प्रति बढ़ती रुचि का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल को वहीं ट्रेनिंग लिए शिक्षक सिखा रहे हैं। विकास के पथ पर अग्रसर मोहब्बत प्रभावित बस्तर संभाग में आयोजित ओलंपिक के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि 65000 खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया यह हमारे युवाओं के संकल्प की गौरव गाथा है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है।

### एफपीओ का सालाना टर्नओवर डेढ़ करोड़ से हुआ ज्यादा

आयुष्मान भारत योजना से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में मिल रही मदद को प्रधानमंत्री ने गरीबों को संबल देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि अब भारत में समय पर कैंसर का इलाज शुरू होने की संभावना काफी बढ़ गई है। आयुष्मान योजना ने उपचार के 30 दिनों के भीतर ही शुरू कराने में बड़ी भूमिका निभाई है। ओडिशा के कालाहांडी में सब्जी क्रांति अर्थात कालाहांडी का वेजिटेबल हब बनने की उल्लेखनीय उपलब्धि को प्रधानमंत्री ने अपनी मन की बात में शामिल किया। उन्होंने बताया कि कम पानी और कम संसाधनों के बावजूद यहां एक समूह ने मिलकर एफपीओ यानि कृषि उत्पाद संघ की स्थापना की। खेती में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया और आज यह करोड़ों का कारोबार कर रहा है। आज इससे 200 से अधिक किस जुड़े हैं जिसमें से 45 महिलाएं हैं। अब इस एफपीओ का सालाना टर्नओवर भी बढ़कर डेढ़ करोड़ से ज्यादा हो गया है।

# बेटे ने की पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल के निधन की पुष्टि

● राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य थे आचार्य किशोर कुणाल



एजेंसी

**पटना।** राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य रहे पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (भापुसे) के पूर्व अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। किशोर कुणाल के निधन की पुष्टि उनके बेटे ने की है। किशोर कुणाल को रविवार सुबह कार्डियक अरेस्ट हुआ और उन्हें तुरंत महावीर वत्सला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के संस्थापकों में से एक थे। सेवानिवृति के बाद आचार्य किशोर कुणाल सामाजिक कार्यों से जुड़ गए और फिलहाल वे बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और पटना के चर्चित महावीर मन्दिर न्यास के सचिव थे। महावीर मंदिर न्यास बोर्ड पटना में कई स्कूल और कैंसर अस्पताल का संचालन करता है। किशोर कुणाल राजधानी पटना में ज्ञान निकेतन जैसे चर्चित स्कूल के संस्थापक भी हैं। जब देश में वीपी सिंह की सरकार थी तो उस वक्त आचार्य किशोर कुणाल केंद्र सरकार, विश्व हिंदू परिषद् और बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के बीच मध्यस्थता के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए गए थे।किशोर कुणाल का जन्म 10 अगस्त 1950 को हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा मुजफ्फरपुर जिले के बरुराज गांव से की। उन्होंने पटना यूनिवर्सिटी से इतिहास और संस्कृत में ग्रेजुएशन किया। वे 1972 में गुजरात कैडर से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी बने और पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात हुए।

### दक्षिण कोरिया : 'जेजू एयर' विमान में सवार थे 181 यात्री, दो लोग ही जिंदा बच पाए

# पक्षियों के झुंड से विमान की टक्कर और चली गई 179 यात्रियों की जान

● विमान दुर्घटना के बाद चालक दल के दो सदस्यों को बचाया गया

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार को लैंडिंग के समय जेजू एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से अब तक 179 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दुर्घटना में दो लोगों के बचने की खबर है। हालांकि हादसे में मरने वालों की संख्या अधिकृत रूप से फिलहाल सामने नहीं आई है। दुर्घटनाग्रस्त विमान में 175 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति ने घटनास्थल पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया।

घटनाक्रम के मुताबिक रविवार सुबह करीब 9 बजे जेजू एयरलाइन का विमान बैंकॉक से दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर वापस आ रहा था। लैंडिंग का प्रयास विफल रहने पर विमान ने हवाईअड्डे का चक्कर लगाया और दोबारा उतरने की कोशिश की, लेकिन विमान रनवे से उतरते हुए आगे चलकर रनवे के अंत में दीवार से जाकर टकरा गया, जिसके बाद विमान में आग लग गई। दि कोरिया टाइम्स के मुताबिक, विमान दुर्घटना के बाद आपातकालीन राहत दल ने चालक दल के दो सदस्यों को बचा लिया। लेकिन अधिकारियों को विमान में सवार अन्य यात्रियों के जिंदा रहने की उम्मीद नहीं है क्योंकि विमान के पिछले हिस्से को छोड़कर अधिकांश हिस्से गंभीर रूप से जल गए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारी दुर्घटना के कारण की जांच कर रहे हैं। जिसमें शुरूआती तौर पर पता चला है कि विमान के लैंडिंग गियर में खराबी थी। हालांकि जांचकर्ताओं को हादसे में विमान से पक्षी के टकराने का भी अंदेशा है। क्योकि दुर्घटना से पहले इंजन के दाहिने पंख के नीचे आग की लपटें और धुआं निकलते देखा गया।

परिवहन मंत्रालय के एक अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि हवाई अड्डे पर नियंत्रण टॉवर ने संभावित पक्षी के हमले की चेतावनी दी गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इसके साथ ही जेजू एयरलाइन ने एक बयान जारी कर उन सभी लोगों से माफी मांगी है, जिनके परिजन इस हादसे में हताहत हुए या उन्हें क्षति पहुंची है। जेजू एयर दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कम लागत वाली एयरलाइनों में से एक है।

### दक्षिण कोरिया में रनवे से फिसलने से दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान

**विमान में छह क्रू मेंबर व 181 यात्री थे सवार, दो क्रू मेंबर की बची जान, लैंडिंग गियर में खराबी या पक्षी के टकराने की आशंका**



### जेजू एयर की उड़ान में 173 कोरियाई यात्री थे

जेजू एयर की इस उड़ान में 173 कोरियाई यात्री, दो थाई यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। यह विमान बैंकॉक से दोपहर 1:30 बजे रवाना हुआ और सुबह 8:30 बजे मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने वाला था। यह 1997 में गुआम में कोरियाई विमान दुर्घटना के बाद किसी कोरियाई यात्री विमान से जुड़ी सबसे बड़ी विमान दुर्घटना है, जिसमें 228 लोगों की मौत हो गई थी।

### महू में आर्मी संस्थानों के कार्यक्रम में शामिल हुए रक्षा मंत्री, बोले

# 2047 तक भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना हमारा लक्ष्य

एजेंसी

**इंदौर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 2047 तक भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाया जाए। इस लक्ष्य की प्राप्ति में सेना की भूमिका बेहद अहम है। आप केवल सीमाओं के रक्षक ही नहीं हैं बल्कि आप इस राष्ट्र के निर्माण के अग्रदूत भी हैं। आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। आपको एक तरफ तो हमारी सीमाओं का भार संभालना है और दूसरी तरफ विकसित भारत के निर्माण की नींव भी रखनी है। हमें खुद को हमेशा अलर्ट रहने की आवश्यकता है।

रक्षा मंत्री सिंह रविवार को इंदौर जिले के प्रवास के दौरान महू में आर्मी संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महू में एक लंबे समय से आर्मी वॉर कॉलेज, इन्फेंटरी स्कूल और मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलिकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग भी सेवाएं दे रहे हैं। स्थापना के समय से ही ये संस्थान भारतीय सेनाओं के ऑफिसर्स और जवानों को मिलिट्री स्ट्रेटजीस और युद्ध कौशल में पारंगत बना रहे हैं। मैं राष्ट्र के प्रति आप सभी की सेवा के लिए भी आभार प्रकट करता हूं। आपका समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा प्रेरणा का काम करती है। आपका अनुशासन साधना से कम नहीं। देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हमारे दुश्मन बाहरी हों या आंतरिक, हमें उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी होगी।



ऑफिसर और जवानों को युद्ध कौशल में पारंगत बना रहे ये संस्थान

महू में डॉ. आंबेडकर के जन्मस्थल पहंचे राजनाथ सिंह

# कैमरून से 11 प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षित वापसी

● 36 श्रमिकों की वापसी भी सुनिश्चित की जा रही है

एजेंसी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हो गई। सभी श्रमिकों को श्रम विभाग के जरिये उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया गया। बाकी बचे 36 श्रमिकों की वापसी भी सुनिश्चित की जा रही है।

सेंट्रल अफ्रीका के कैमरून के एमएस ट्रांस रेल लाइटिंग लिमिटेड में कार्यरत झारखंड के हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह जिलों के 47 श्रमिकों के वेतन भुगतान और कंपनी के जरिये अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया। मामले के सत्यापन के बाद श्रम सचिव मुकेश कुमार और कमिश्नर संजीव कुमार बेसरा के निदेर्शानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों, नियोक्ताओं और बिचौलियों (मिडिलमैन) के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराया और फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित वापस लाने की प्रक्रिया शुरू की गई।



# ओडिशा के कोरापुट में बस पलटने से 3 की मौत, 15 से अधिक घायल

## मुख्यमंत्री ने जताया दुख, किया आर्थिक मदद का ऐलान

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कोरापुट जिले के बैपरिगुड़ा थाना अंतर्गत डकरी घाटी के सुकु नाला के पास रविवार को सुबह एक बस पलट कर खाई में गिर गई। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों में छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इन सभी को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने इस हादसे को लेकर दुःख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को दो दो लाख रुपये की अनुकंपा राशि प्रदान करने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार हादसे के शिकार हुए लोग कटक जिले के निआली क्षेत्र के निवासी हैं। यहां के कुछ परिवारों ने एक बस किराए पर लेकर राज्य के विभिन्न मंदिरों के दर्शन के लिए यात्रा पर थे। बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। ये लोग कल कालाहांडी में मां मणिकेश्वरी के दर्शन के बाद रविवार को कोरापुट के प्रसिद्ध शैव क्षेत्र गुप्तेश्वर जा रहे थे। बताया गया कि रविवार सुबह बस जैसे ही डकरी घाटी के करीब पहुंची तो वहां से गुजरते समय वह सुकु नाला के पास पलट कर गहरी खाई में गई। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल यात्रियों को वहां से निकाला और उन्हें रामगिरि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बैपरिगुड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।



**वित्तीय वर्ष** › भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

# भारत के रक्षा निर्यात ने पिछले साल के मुकाबले 32.5 फीसदी की लगाई छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपये (लगभग 2.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी की वृद्धि है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रुपये था। हालिया आंकड़े बताते हैं कि पिछले 10 वर्षों में देश का रक्षा निर्यात 31 गुना बढ़ गया है। अब तक का उच्चतम रक्षा निर्यात हासिल करने में निजी क्षेत्र और डीपीएसयू ने क्रमशः 60 फीसदी और 40 फीसदी का योगदान दिया है। भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने अपनी वर्षांत समीक्षा में कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रक्षा निर्यातकों को जारी किए गए निर्यात प्राधिकरणों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में 1,414 निर्यात प्राधिकरणों के मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 1,507 हो गई। दो दशकों यानी 2004-24 तक के तुलनात्मक आंकड़ों से पता चलता है कि रक्षा निर्यात में 21 गुना की वृद्धि हुई है। 2004-05 से 2013-14 के दौरान कुल रक्षा निर्यात 4,312 करोड़ रुपये था, जो 2014-15 से 2023-24 की अवधि में बढ़कर 88,319 करोड़ रुपये हो गया है।

### 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है भारत



**भारत का रक्षा निर्यात**

| | |
|---|---|
| 2016-17 | 1,521 |
| 2017-18 | 4,682 |
| 2018-19 | 10,745 |
| 2019-20 | 9,115 |
| 2020-21 | 8,434 |
| 2021-22 | 12,814 |
| 2022-23 | 15,920 |
| 2023-24 | 21,083 |

### रक्षा उद्योगों का सराहनीय प्रदर्शन: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया है कि 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात करने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतिगत पहलों और रक्षा उद्योग के सहयोग से भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा निर्यात में अहम उपलब्धि हासिल की थी। पिछले वित्त वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 16 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था, जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में लगभग 3,000 करोड़ रुपये ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात 2016-17 के बाद से 10 गुना से ज्यादा बढ़ा है। भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है। अब पिछले साल के मुकाबले रक्षा निर्यात ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 32.5 फीसदी की छलांग लगाई है। इस वर्ष रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है। पिछले पांच साल के दौरान इस क्षेत्र में हुए सुधारों के अच्छे नतीजे मिल रहे हैं।

# दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को नौ महीनों से नहीं मिल रही छात्रवृत्ति : बाबूलाल

संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झारखंड में 34 लाख दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति पिछले नौ महीनों से नहीं मिल रही है, जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। मरांडी ने कहा है कि ग्रीन राशनकार्ड धारकों का अनाज सात महीने से बकाया है, जिससे गरीब परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार मंईयां सम्मान योजना



के भुगतान के लिए बच्चों की छात्रवृत्ति, बुजुर्गों की पेंशन और गरीबों के राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं को छीनने पर मजबूर हो गई है। विभागों की राशि सरेंडर करा कर विकास योजनाओं को रोक दिया गया है, जिससे राज्य में विकास की गति पूरी तरह ठहर गई है। मरांडी ने कहा कि यह मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आर्थिक कुप्रबंधन और प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है, जो झारखंड के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। समाज के एक वर्ग को संतुष्ट करने के लिए बाकी सारे वर्ग के अधिकारों की बलि चढ़ा देना कतई उचित नहीं है। मुख्यमंत्री, बच्चों की छात्रवृत्ति और गरीबों के राशन का ससमय भुगतान सुनिश्चित करें।

मरांडी ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी, महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा है कि कुणाल के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने 140 जरूरतमंदों को दिया कंबल

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा अपने सेवा कार्य की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए। रविवार को कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय चरण मे श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर, पुंदाग मे असहाय निर्धन एवं जरूरतमंदों को 140 कंबल दिया गया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने कहा की जाड़े के मौसम मे गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य कार्य नहीं है। सम्मेलन द्वारा विगत कई वर्षों से जनसेवा की तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल वितरण किया जा रहा है। तथा जरूरतमंदों को राहत दिलाने मे हमेशा सदैव तत्पर रहता है। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं इसकी जितनी सेवा करें कम है इनकी सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। सम्मेलन द्वारा निरंतर जन सेवा के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गो के लिए मदद पहुंचाना है। इस मौके पवन पोद्दार, अनिल कुमार अग्रवाल, मनोज चौधरी,सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ विजय अग्रवाल,अनूप अग्रवाल, ललित पोद्दार, अशोक लाठ, सुनील पोद्दार, मीना अग्रवाल के अलावे कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बिल्ली को जहर देकर मारने पर बरपा हंगामा लोअर बाजार थाने में मामला दर्ज

**रांची ।** तीन बिल्ली की मौत पर लोअर बाजार थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है. इसमें कहा गया है कि बिल्ली सहित उसके बच्चों को जहर देकर मारा गया है। यह एफआइआर बहु बाजार निवासी सत्यनारायण शर्मा की बेटी कीर्ति शर्मा और नम्रता शर्मा ने दर्ज कराया है। इनका आरोप है कि बिल्ली और उसके बच्चों के साथ पारिवारिक रिश्ता जैसा था, रात में किसी ने उनकी चाहरदीवारी पर खाने के साथ जहर मिलाकर रख दिया, जिसे खाकर बिल्लियों की मौत हो गई, पशु चिकित्सक के पास ले जाने पर बताया कि इन्हें जहर दिया गया है, वहीं एफआईआर में यह भी कहा गया है कि बिल्ली और उसका एक बच्चा गायब भी है, बिल्ली की मालिक ने पोस्टमार्टम कराने की मांग पुलिस से की है।

### ट्रेलर के चपेट में आने से एक मौत

**रांची।** थाना क्षेत्र के तिलता में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान गुमला जिले के करकरा गांव निवासी 28 वर्षीय संजय भगत के रूप में हुई। संजय फिलहाल तिलता के एक मकान में कराये में रहकर ट्रैक्टर चलाता था। रविवार की सुबह 8 बजे एक टेलर बीआर 10 जीबी-9681 की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। मामले को लेकर मृतक की पत्नी ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### नेहा पटवारी ने बिरसा आबा की धरती का नाम किया रौशन, नवरत्न पुरस्कार से हुई सम्मानित

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का चार दिवसीय 15 वां राष्ट्रीय अधिवेशन गुजरात प्रांत के गांधीधाम में संपन्न हुआ। इसमें राजधानी रांची की श्रीमती नेहा पटवारी राष्ट्रीय रक्तदान संयोजक को सत्र 2023-25 के लिए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टर ने सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार से अलंकृत किया। इस मौके पर श्री भट्टर ने कहा कि अपसे पूर्ण आशा और भरोसा है। कि मंच कर इसी तरह अपनी सेवा देकर मंच के कार्यो को आगे बढ़ाते हुए एक नया ईतिहास गढ़ने का काम निःस्वार्थ भावना निरंतर करते रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मंच की नारी शक्ति तेजी से समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उसी कड़ी को श्रीमति नेहा पटवारी अपने कार्यकाल में अपने कार्यो के द्वारा सेवा कार्य कर अवनी सेवा का परचम लहराया है। ये मंच के लिए गर्व की बात है। मालूम कि मती नेहा पटवारी समर्पण शाखा रांची की पूर्व अध्यक्ष, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच में मुख्यालय उपाध्यक्ष पर रहते हुए भी राष्ट्र के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से अलंकृत हुई थी। बधाई देने वालो में प्रांतिय अध्यक्ष अरुणचंद्र गुप्ता, पूर्व प्रांतिय अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, वरूण जालान, नीलकमल भरतीया, गोबिंद मेवाड़, सुनीता लाट, विनीता झुनझुनवाला,सुजाता डोकानीया, पूजा सरावगी सहित सहित कई अन्य सदस्यों ने बधाई दी।

### किशोर कुणाल के निधन पर शोक

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी, महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री मरांडी ने कहा कि स्वर्गीय कुणाल के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

### गुरुसिंह सभा में डॉ. मनमोहन की याद में शोक सभा

**रांची।** गुरु सिंह सभा की ओर से मेन रोड स्थित गुरुद्वारा में दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह की याद में शोक सभा आयोजित की गई। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह न सिर्फ विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ही नहीं थे, बल्कि आज देश में बह रही आर्थिक सुधारों के जनक भी थे पहले बतौर वित्त मंत्री और फिर प्रधानमंत्री उन्होंने देश में गिरती हुई अर्थव्यवस्था को ही नहीं संभाला,बल्कि कई अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुधार कर नई योजनाएं प्रारंभ की। देश में बढते राजस्व घाटे को उन्होंने रोक कर उसमें नई जान फूंकी।

# एयरपोर्ट जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग की होगी तलाश, जल्द बनेगी कमेटी

संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग की तलाश हो रही है। इसे लेकर अब जल्दी ही कमेटी बनायी जायेगी। विमानपत्तन पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक में इस समस्या पर विस्तार से चर्चा की गयी है। समिति के अध्यक्ष सह प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा है कि जो समिति बनायी जाये, उसमें एयरपोर्ट के अधिकारियों के साथ क्षेत्र के सीओ और जिला प्रशासन के पदाधिकारी भी रहें। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद




इस मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति ने यह निर्णय लिया है।

**जाम लगने से विमान छूटने की रहती है आशंका**

बताया गया कि अभी हिनू चौक से हवाई अड्डा को जोड़नेवाली जो मुख्य सड़क है, उस पर गड़बड़ी होने पर यदि जाम लग जाता है, तो यात्रियों के पास दूसरे मार्ग से जाने का विकल्प नहीं रहता है।

इस स्थिति में विमान छूटने की आशंका बनी रहती है।

इसलिए आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने वैकल्पिक मार्ग की तलाश पर जोर दिया है, ताकि मुख्य सड़क पर यदि जाम की स्थिति बनती है, तो यात्री दूसरे मार्ग से एयरपोर्ट जा सकें।

**एयरपोर्ट अथॉरिटी को कमेटी बनाने का निर्देश**

प्रमंडलीय आयुक्त ने इस पर सक्रियता के साथ काम करने पर बल दिया है। पूर्व में जुलाई माह में समिति की बैठक में इस मामले पर चर्चा हुई थी। लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकलने के बाद आयुक्त ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को कमेटी बनाकर प्रतिवेदन देने के लिए कहा है।

# २२ पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो सौदागर गिरफ्तार

संवाददाता

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के रातु रोड बाबा हॉस्पिटल गली में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में ब्राउन शुगर तस्करी की सूचना पर की गयी छापेमारी में दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में हिमांशु यादव उर्फ लालु यादव और सुशांत यादव उर्फ विक्की शामिल हैं, ये दोनों मूल रुप से बिहार के सासाराम के रहने वाले हैं,जो वर्तमान में रोड के बाबा हॉस्पिटल गली में रह कर नशीली पदार्थों की तस्करी करते हैं। मामले की जानकारी देते हुए शहर के एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि काफी दिनों से पुलिस



को सूचना मिल रही थी की थाना क्षेत्र के अलग अलग गलियों मुहल्लों में नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री की जाती है। जिसके बाद पुलिस अपने खबरियों को इनके पीछे लगाया, जिसने बिती रात सूचना दी की लाह कोठी अमरुद बगान के पास कुछ लोग ब्राउन शुगर खरीद बिक्री कर रहे हैं। उसके बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम मौके पर छापामारी की जहां से दो युवकों को पकड़ा गया।

# जगरनाथपुर बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर

वरीय संवाददाता

**रांची।** राजधानी के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। झालसा के निर्देश पर 90 दिवसीय जागरुकता और आउट रिच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा शिविर लगाया गया। इसका मार्गदर्शन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने किया। सहायक एलएडीसी रांची शिवानी सिंह ने नालसा असंगठित मजदूर के लिए विधिक सेवा योजना पर प्रकाश डालते हुए असंगठित क्षेत्र के मजदूर के निबंधन के संबंध में जानकारी दी। मजदूरों को निबंधन करने के बाद मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। साथ ही नालसा ने बच्चों को



मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2015 के संबंध में विस्तार से बताया गया। इसमें बाल विवाह, बाल श्रम, डायन प्रथा आदि कुप्रथाओं की रोकथाम व उन्मूलन के बारे में भी जानकारी दी। डालसा से मिलने वाले निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी और सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया बताई। उपस्थित लोगों के बीच पीएलबी ने नालसा की योजना से संबंधित पंप्लेट व पुस्तिका का वितरण किया।

### गुजरात में राष्ट्र कथा शिविर में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री, बोले

# भारतीय ज्ञान, विज्ञान व अध्यात्म के प्रसार को संकल्पित हैं हम

संवाददाता

**रांची/राजकोट।** गुजरात के राजकोट में प्रत्येक वर्ष आयोजित राष्ट्रकथा शिविर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। यह शिविर 10 दिनों तक चलता है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 2 लाख से अधिक विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान, शोधार्थी, विद्यार्थी और शिक्षक शामिल होते हैं। प्राचीन भारतीय ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म की परिचर्चा के लिए आयोजित यह शिविर पिछले 25 वर्षों से आयोजित हो रहा है।

कार्यक्रम आज रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल हुए और सबसे संवाद किया। श्री सेठ ने कहा कि राष्ट्र के इस महायज्ञ में शामिल होकर खुद को कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। इसके आयोजक श्रद्धेय स्वामी धर्मबंधु के द्वारा विद्वानों के



सानिध्य में आयोजित राष्ट्रकथा शिविर राष्ट्र के जागरण का बड़ा माध्यम है। जिसमें देश भर के लाखों विद्यार्थी और शिक्षक भाग लेते हैं।

यह शिविर भारत के ऐतिहासिक गौरव का बोध कराने के उद्देश्य से आयोजित होता है, जहां ज्ञान-विज्ञान के साथ ही भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति पर विस्तृत परिचर्चा होती है। उन्होंने इस परिचर्चा में सबसे आह्वान किया कि भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित हो, इसके लिए हम साथ मिलकर काम करें। हमें सुपर पावर, सुपर इकोनामिक पावर, सुपर न्यूक्लियर पावर नहीं बनना है; हमें विश्वगुरु बनना है, जो दुनिया को मार्गदर्शन दे। हमें अहंकार के साथ नहीं जीना है, हमें विश्व बंधुत्व के भाव से दुनिया को मार्गदर्शन देना है। भारत के प्राचीन ज्ञान और विज्ञान का प्रसार दुनिया में हो, इसके लिए हमें काम करना है। विकसित भारत के लिए काम करना है।

इस शिविर में हर वर्ग से उमड़ा समूह भारत का प्राचीन गौरव फिर से लौटाने को कृत संकल्पित है। स्वामी धर्मबंधु जी के मार्गदर्शन में यह संकल्प पूर्ण होगा। ज्ञान, विज्ञान, आध्यात्म; हर क्षेत्र में भारत दुनिया का मार्गदर्शक बनेगा और हम सब उसके वाहक बनेंगे।

**शिविर में ये रहे उपस्थित**

केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बसंत बालाजी, प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सानयाल, रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बक्शी, केरल के विधायक सीजी राजगोपालाचारी की गरिमामय उपस्थिति रही।

# समाज को दिशा देती है पत्रकारिता : बैजनाथ मिश्र

वरीय संवाददाता

**रांची।** जिस तरह दधिचि ने अपनी हड्डी का दान कर अपने राज की रक्षा की थी, उसी तरह पत्रकार अपना सर्वस्व देकर समाज को दिशा दिखाने का काम करते हैं। ऐसे पत्रकारों का सम्मान समाज का सम्मान होगा। यह कहना था वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व सूचना आयुक्त बैजनाथ मिश्र का। आज रांची प्रेस क्लब में झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स 2024 की घोषणा करते हुए उन्होंने उक्त बातें कही।

उन्होंने बताया कि झारखंड बनने के बाद पहली बार रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट के



तत्वावधान में झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स देने का निर्णय लिया गया है, जो सराहनीय है।

**तीन कैटेगरी में दिया जाएगा पत्रकार सम्मान**

रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने बताया कि कुल तीन कैटेगरी- लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड (31000 रुपये, शॉल व मोमेंटो), बेस्ट रिपोर्टर अवार्ड (21000 रुपये, शॉल व मोमेंटो) और बेस्ट फोटोग्राफी अवार्ड (21000 रुपये, शॉल व मोमेंटो) दिया जाएगा। जूरी मेंबर रिटायर्ड आईएएस रणेंद्र कुमार ने कहा कि पूरी पारदर्शिता से चयन किया जाएगा। आरबीएस वैदिक ट्रस्ट के अध्यक्ष नित्यानंद शुक्ला ने बताया कि पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम से जुड़कर ट्रस्ट आह्लादित है।

**15 जनवरी तक कर सकते हैं नॉमिनेशन**

प्रेस क्लब के सचिव अमरकांत ने बताया कि झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स के लिए आज से 15 जनवरी तक रांची प्रेस क्लब में नॉमिनेशन किया जा सकता है। तीनों अलग-अलग कैटेगरी के लिए अलग-अलग आवेदन जमा करने होंगे। आवेदन का प्रारुप रांची प्रेस क्लब के वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं या रांची प्रेस क्लब से हासिल किया जा सकता है।

# ट्रेलर के चपेट में आने से तीन की मौत, दो घायल

संवाददाता

**रांची।** तमाड़ सड़क हादसे में हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दो की हालत गंभीर है। सूचना मिलने पर पहुंची तमाड़ पुलिस ने घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के मुताबिक रांची-टाटा रोड पर पोड़ाडीह गांव के पास एक ट्रेलर ने दो बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे एक बाइक पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए तमाड़ अस्पताल पहुंचाया ।वहीं तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रेंज भेज दिया गया मृतक और घायलों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। सभी युवक जमशेदपुर की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों बाइक पर सवार सभी लोग दिउड़ी मंदिर में पूजा करने के बाद जलप्रपात घूमने जा रहे थे।

# अब निजी मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम की तैयारी

संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब निजी मेडिकल कॉलेज में भी पोस्टमार्टम करने की तैयारी है। जमशेदपुर स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज ने सरकार से इसकी अनुमति मांगी है। इस पर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने विधिक राय के बाद पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी जांच करेगी कि मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में इसके लिए बुनियादी सुविधाएं हैं या नहीं। जांच कमेटी को 15 दिन के भीतर मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

कमेटी को जांच में अगर वहां पर्याप्ल बुनियादी सुविधाएं मिलती हैं तो स्वास्थ्य विभाग उसे पोस्टमार्टम करने की अनुमति दे सकता है। ऐसा हुआ तो यह राज्य का पहला निजी मेडिकल कॉलेज होगा, जहां शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। झारखंड



में निजी मेडिकल कॉलेज में मणिपाल के अलावा लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज भी है। लेकिन अब तक दोनों में से किसी को पोस्टमार्टम करने की अनुमति नहीं है। राज्य में अब तक सिर्फ सरकारी मेडिकल कॉलेजों में ही पोस्टमार्टम की व्यवस्था है। जिस जिले में मेडिकल कॉलेज नहीं है, वहां के सदर अस्पताल में ऐसी व्यवस्था की गई है।

**वर्ष 2022 में ही मणिपाल कॉलेज प्रबंधन ने सरकार से मांगी थी अनुमति**

मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने पोस्टमार्टम शुरू करने के लिए वर्ष 2022 में ही स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा था। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन की ओर से विभाग को प्रस्ताव भेजा गया। विभाग ने इस प्रस्ताव पर गहन समीक्षा की। फिर तत्कालीन महाधिवक्ता से राय ली। महाधिवक्ता की राय के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसी महीने कमेटी का गठन किया। यह कमेटी जांचेगी कि उसे अनुमति दी जा सकती है या नहीं।

**पोस्टमार्टम के लिए ऑटोप्सी रूम, मॉर्चरी, स्टाफ और उपकरण जरूरी**

रिम्स के फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी (एफएमटी) विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि अगर किसी मेडिकल कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमीशन मान्यता मिलती है तो वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा जाता है। इसमें एफएमटी एक महत्वपूर्ण विभाग है।

इस विभाग में मॉर्चरी रूम, ऑटोप्सी रूम, रिसेप्शन हॉल के अलावा पर्याप्त स्टाफ और उपकरण होना चाहिए। ये सुविधाएं जिस मेडिकल कॉलेज में है, वह पोस्टमार्टम शुरू करने के लिए सरकार से अनुमति मांग सकता है। अनुमति मिलेगी या नहीं, यह राज्य सरकार पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज स्तर पर जिस डॉक्टर के पास एमबीबीएस की डिग्री है और प्रैक्टिस में है, वह पोस्टमार्टम कर सकता है। वर्तमान में कई राज्यों में निजी मेडिकल कॉलेजों में पोस्टमार्टम करने की सुविधा है।

# बिरसा मुंडा फन पार्क में दो दिवसीय पौष मेला का हुआ समापन

वरीय संवाददाता

**रांची।** राजधानी के सर्कुलर रोड स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में रविवार को दो दिवसीय पौष मेला का समापन हो गया। लोगों के स्वागत के लिए मुख्य द्वार के सामने तीन स्थानों पर एक जोड़ा बैल रखा गया था। जो लोगों को मेला में प्रवेश करते ही दिखाई दे रहा था। मेला में संध्या पांच बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। जहां 32 कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखायी। मेला में तीन कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

**गिल डांस ग्रुप म्यूजिक ने खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया**

पुरुलिया के ललित महतो ने छऊ नृत्य प्रस्तुत किया। जो दर्शकों का मन मोह लिया। कोलकाता से आए गिल डांस ग्रुप म्यूजिक ने खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें कुल 14 कलाकारों ने भाग लिया। 10 महिला और तीन पुरुष शामिल थे। कोलकाता से आई



गायिका अर्पिता चटर्जी मैं माटी का संगीत प्रस्तुत की। झूमर, भाटियाली, पोल्ली गीति इत्यादि संगीतों से परिसर संगीतमय हो गया। मालूम हो कि अर्पिता चक्रवर्ती पुष्पा टू का फिल्म में बंगाली भाषा में अपनी गीतों की प्रस्तुती दी है।

**चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई**

मेला के मुख्य स्टेज को सूप में ड्राइंग किया गया था। जिसमे छऊ नृत्य का मुखौवटा दुर्गा मां, शिव, महिषासुर, गणेश, टोकरी व पंखा समेत अन्य चीजों को शामिल किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## तेनु-बोकारो लिंक नहर गेट रिपेयरिंग के दौरान गेट के होल में फंसने से चालक की मौत

**तेनुघाट/ बोकारो।** तेनुघाट ओपी अंतर्गत लालबांध में तेनु-बोकारो लिंक नहर में पानी के नीचे गेट रिपेयरिंग का काम चल रहा था। जिसमें 27 दिसंबर की रात को गेट के होल में फंसने से एक डाईवर प्रीतम मजुमदार उम्र लगभग 24 वर्ष जो सगुना, थाना कल्याणी जिला नदिया पश्चिम बंगाल का निवासी है, की मृत्यु होने की सूचना तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार को प्राप्त हुई। तत्काल वहां पहुंच कर शव को सुरक्षित निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजवाया गया एवं मृतक के परिवार को खबर दी गई। अजीत कुमार ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा समर्पित आवेदन पर यू डी कांड दर्ज करते हुए जांच की जा रही है। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट के डॉ० शंभू कुमार ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। मृत्यु, मृतक के सर पर चोट लगने की वजह से हुई। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को उनके पिता मंटू मजूमदार एवं उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया।

## तेनुघाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा : मंत्री



**तेनुघाट/ बोकारो।** तेनुघाट डैम के पास प्रत्येक वर्ष नए साल के उपलक्ष्य पर लगभग एक माह तक चलने वाले मेला का विधिवत उदघाटन गोमिया के विधायक एवं झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तेनुघाट को पूर्व में मैंने संवारने और सजाने का काम किया है आगे भी मैं ही करूंगा। बहुत जल्द तेनुघाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2014 में जब तेनुघाट पूर्ण रूप से अंधकार में डूबा पड़ा था तब मैंने ही रोशन करने का काम किया था, अब बहुत जल्द बदलाव दिखेगा। इस मौके पर जिला परिषद माला कुमारी, मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा, रमेंद्र कुमार सिन्हा, संतोष श्रीवास्तव उर्फ मुन्ना, नारायण प्रजापति, गोपाल जी विश्वनाथन, दीपक कुमार, राजन नायक, संजय शर्मा, कुलदीप प्रजापति, मिथुन चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## तेनुघाट में संवेदक संघ का मिलन समारोह



**तेनुघाट/ बोकारो।** तेनुघाट संवेदक संघ द्वारा रविवार को डैम किनारे संवेदकों का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बांध प्रमंडल तेनुघाट कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर एवं कनीय अभियंता सचिन कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नए वर्ष के मौके पर सभी संवेदक मिल जुलकर खुशियां मनाए और एक जुट रहें ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके। इस मौके पर संवेदक संघ के अध्यक्ष गणपत यादव एवं सचिव चंद्रिका यादव ने कहा कि संवेदकों की एकता का नतीजा है कि तेनु बोकारो नहर का आज ऑन लाइन की जगह ऑफ लाइन संविदा हो सका है। सभी संवेदक आपसी भाई चारा बनाए रखें। ताकि आनेवाले समय में भी एकता का लाभ मिल सके। इस मौके पर सुनील महतो, मंटू यादव, प्रीतम यादव, केदार यादव, घनश्याम यादव, धनेश्वर मुर्मू, प्रदीप ठाकुर, रुस्तम अंसारी, सुखलाल यादव, रामचंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## श्री कृष्ण चेतना परिषद की बैठक में कोर कमेटी का गठन



**बेरमो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार स्थित एसबीआई बैंक के समीप देवी मंदिर परिसर में रविवार को श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो की बैठक उमा शंकर राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर परिषद के मिलन समारोह के लिए 11 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया। जिसका संयोजक भरत यादव को बनाया गया। इनके अलावा कोर कमेटी में हरेराम यादव, सतेंद्र यादव, जवाहरलाल यादव, दयाराम यादव, पिंटू यादव, कामोद यादव, रविकांत सिंह, उमाशंकर राय, महेश्वर यादव, दिलीप यादव, खीरू यादव को रखा गया है। कोर कमेटी के सदस्यों की आगामी बैठक 30 दिसंबर को कामोद यादव के आवासीय कार्यालय में होगी। इसके बाद कृष्ण चेतना परिषद की बैठक पांच जनवरी को पटेलनगर फुसरो निवासी सकलदीप यादव के खटाल के समीप होगी।

## आरसीएमयू ने शोकसभा कर पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**कथारा/ बोकारो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कथारा क्षेत्रीय कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ० मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्षता अजय कुमार सिंह एवं संचालन विजय यादव ने किया। राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन के रीजनल उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा हुई। अजय कुमार सिंह ने कहा कि 92 वर्ष की आयु में उनका निधन भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने बताया कि उन्होंने रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में सेवाएं दी, पूर्व पीएम स्व० नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री रहे और देश में आर्थिक उदारीकरण की नींव रखी। उनका जाना भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी क्षति है।

## बोकारो में इंडिया वर्ल्ड फाउंडेशन के तत्वावधान में काव्य -गोष्ठी का आयोजन



**बोकारो।** इंडिया वर्ल्ड फाउंडेशन, नई दिल्ली की झारखंड ईकाई के तत्वावधान में काव्य -गोष्ठी का आयोजन झारखंड ईकाई की राज्य संयोजिका कनक लता राय के दिशा-निर्देश में बोकारो में किया गया। काव्य-पाठ की शुरूआत करुणा कलिका के सरस्वती वंदना से हुई। कनक लता राय के मंच संचालन एवं डॉ० परमेश्वर भारती की अध्यक्षता में कवियों एवं कवयित्रियों के काव्य-पाठ द्वारा काव्यरसधारा बही। सुधा रानी ने विस्मृतियों के दरख्त शीर्षक कविता,गीता सिंह ने अनवरत चलता ये जीवन,डॉक्टर आशा पुष्प ने शिकायत समय से,अनिता किरण ने मन बावरे कस्तुरी सिन्हा ने ओ री गुड़िया , कल्पना केसर ने तपस्वी राम,अमृता शर्मा ने मैं गीत हूँ,करुणा कलिका ने मूर्त्त रुप ना दे सका जो, कनक लता राय ने जख्म एवं डॉ० परमेश्वर भारती ने देश पर गुमान शीर्षक कविता का पाठ किया।

# विकसित बोकारो विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

# सांसद ने दिलाया समस्या समाधान का भरोसा

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में विकसित बोकारो विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन हंस रीजेंसी के सभागार में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। बोकारो के विकास एवं समस्याओं के विषय में सांसद को एक ज्ञापन चैंबर की तरफ से संरक्षक संजय बैद ने दिया तथा सांसद श्री महतो से पूर्व में बोकारो रेलवे स्टेशन पर कार्यरत वाशिंग लाइन, जिसे तोड़ दिया गया, जिसकी वजह से ट्रेनों का विस्तार बोकारो तक नहीं हो पा रहा है, उसे चालू करवाने की मांग की गई। साथ ही, हटिया एवं पुणे एक्सप्रेस हटिया यशवंतपुर एवं हटिया लोकमान्य तिलक का विस्तार बोकारो तक करवाने एवं उनके फेरे में वृद्धि करने, चास रेलवे स्टेशन एवं बोकारो इस्पात नगर रेलवे स्टेशन को विकसित कर यहां से पैसेंजर ट्रेन चलवाने, बोकारो में बढ़ते रेलवे यातायात को देखते हुए प्लेटफार्म की संख्या बढ़वाने, यात्रिओं की सुविधा को देखते हुए बोकारो रेलवे स्टेशन को आद्रा मंडल से हटकर रांची रेलवे मंडल में लाने की मांगें भी की गईं। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि चैंबर सिर्फ व्यापारियों की समस्याओं की बात नहीं करता है, बल्कि समाज के सभी वर्गों की आवाज उठाता है। बोकारो इस्पात संयंत्र में निर्मित स्टील गाजियाबाद में सस्ता एवं बोकारो में महंगा मिलता है, जिसके कारण बोकारो में इस्पात आधारित उद्योग स्थापित नहीं हो पा रहा है। इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाए। बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा उत्पादित सेकेंडरी प्रोडक्ट को प्राथमिकता के आधार पर बोकारो जिले के उद्यमीयो को उपलब्ध करवाया जाए।

बोकारो स्टील प्लांट की स्थापना के समय 10 मिलियन तन की क्षमता के हिसाब से भूमि अधिग्रहण किया गया था, परंतु सिर्फ 4 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता के प्लांट लगा पाया है, इसकी क्षमता बढ़ाई जाए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने सांसद से अनुरोध किया कि बोकारो इस्पात प्रबंधन के द्वारा सिटी सेंटर एवं बोकारो शहरी क्षेत्र में लीज रेंट एवं प्रतिबंध ट्रेड परिवर्तन के नाम पर प्लॉटधारी एवं व्यवसाईयों को प्रताड़ित किये जाने पर रोक लगवाने की मांग की। सांसद श्री महतो ने सभी मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि जल्द ही इस्पात मंत्री, रेलवे मंत्री से वार्ता कर समाधान निकाला जाएगा। मौके पर विस्थापित समय समिति के संयोजक साधु शरण गोप, आशीष गोराई, मुकेश राय, राजेश राय, बिनोद कुमार गुप्ता, प्रदीप सिंह, सिद्धार्थ पारीख, सुभाष जैन, काशीनाथ सिंह, शैलेंद्र जायसवाल, अंकित चोपड़ा, सिद्धार्थ जैन, अजय केडिया ,कमलेश जायसवाल, ज्ञानचंद जायसवाल, ब्रह्मदेव गुप्ता, पुनीत जौहर, जयप्रकाश सिंह, राजेश्वर पहाड़ी, राम अयोध्या सिंह, अनूप अग्रवाल, गौतम जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### भव्य साहित्यिक समारोह के साथ मनाया गया साहित्यलोक का 33 वां स्थापना दिवस

## तनाव कम करने में साहित्य, संगीत सहायक : प्रांजल ढांडा

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो की चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक का 33 वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को सेक्टर 4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में भव्य साहित्यिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी व एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष हरि मोहन झा, मिथिला सांस्कृतिक परिषद के पूर्व महासचिव अविनाश कुमार झा, वरिष्ठ साहित्यकार सुखनंदन सिंह 'सदय', बुद्धिनाथ झा, साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सचिव पी के झा चंदन ने मां सरस्वती की तस्वीर व महाकवि विद्यापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मिथिला महिला समिति की अंजु झा व सबिता मिश्रा ने महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना 'जय जय भैरवि असुर भयाउनि...' व आंचल पाठक ने मैथिली पुत्र प्रदीप की रचना भगवती गीत 'जगदंब अहीं अवलंब हमर हे माय अहां बिनु आस ककर..' की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं कुछ वरिष्ठ साहित्यकारों बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक 'सुधापति', पं उदय कुमार झा, रणधीर चन्द्र गोस्वामी, नीलम झा, कोलकाता से आये कवि डॉ सन्तोष कुमार झा व धनबाद से आईं कवयित्री पूनम झा को सम्मानित किया गया। अतिथियों व साहित्यकारों ने अमन कुमार झा की मैथिली नाट्य पुस्तक 'भेंट' का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि प्रांजल ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्यलोक के 33 वें स्थापना दिवस समारोह में आकर उन्हें काफी प्रसन्नता का अनुभव हुआ है। साहित्य, संगीत व कला से व्यक्ति का तनाव कम होता है। समाज में सकारात्मकता के विकास में साहित्य व कला सहायक है। उन्होंने मैथिली नाटक भेंट पुस्तक के प्रकाशन पर लेखक अमन झा को बधाई दी। डीईओ जगरनाथ लोहरा ने कहा कि साहित्य मानव जीवन के लिए जरूरी है। साहित्य के विकास में साहित्यलोक का योगदान प्रशंसनीय है। बीएसएल के सीजीएम हरि मोहन झा ने कहा कि आदमी के विकास में भाषा का बहुत अधिक महत्व है। साहित्य का स्थान बहुत ऊंचा है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। उन्होंने नयी पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने पर बल दिया। वरिष्ठ रंगकर्मी बटोही कुमार व कवयित्री शैलजा झा ने नाटक 'भेंट' के कथ्य, शिल्प व संदेश के बारे में बताया और इस पुस्तक की सराहना की। शिक्षिका व साहित्यकार डॉ० निरुपमा झा ने वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा के लेखकीय व्यक्तित्व पर आलेख पाठ किया। बुद्धिनाथ झा ने साहित्यलोक की स्थापना की पृष्ठभूमि सहित पिछले 32 वर्षों के सफर पर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहित्यलोक ने बोकारो के साहित्य को उर्वरा बनाने में महती भूमिका निभाई है।

## कारो परियोजना के विस्तार में बाधक है विस्थापितों की शिफ्टिंग समस्या

संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** सीसीएल बीएंडके एरिया के कारो परियोजना से प्रभावित कारो बस्ती के विस्थापितों को इस वर्ष भी प्रबंधन शिफ्टिंग कराने की दिशा में सफलता नहीं मिली। पिछले लगभग 3-4 वर्षों से बीएंडके प्रबंधन कारो बस्ती के विस्थापितों को करगली गेट स्थित आरआर साइट में बसाने को लेकर प्रयास कर रही है।

परंतु इस वर्ष भी कामयाबी नहीं मिल सकी है। कारो बस्ती शिफ्टिंग नहीं होने के कारण परियोजना का विस्तार नहीं हो पा रहा है। मकान व दुकान माइंस के समीप आने से कोयला उत्पादन प्रभावित होता है। जिससे सीसीएल को लाखों करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। कारो बस्ती में 480 विस्थापित परिवार हैं। लगभग 240 परियोजना प्रभावित परिवारों ने जमीन के बदले पैसा लेने की इच्छा जताई है। शेष लगभग 240 परिवारों में कुछ लोग अन्यत्र जगहों पर बस गये हैं।



लगभग 200 परिवार नये पुनर्वास स्थल पर बसना चाहते हैं। नये पुनर्वास स्थल में प्रत्येक व्यस्क जिनकी उम्र 18 साल है, को पांच डिसमिल जमीन प्लॉटिंग करके दिया जायेगा, जो शिफ्ट नहीं होना चाहेंगे, उन्हें छह लाख रुपये मुआवजा देना तय हुआ है।

कारो बस्ती के विस्थापित बीएंडके प्रबंधन से 2019 कट ऑफ डेट की तिथि में संसोधन करते हुए 2023 में करने की मांग कर रहे हैं ताकि वंचित विस्थापितों को भी उसमें शामिल किया जा सके। कहा कि जिन विस्थापितों का माइंस में जमीन अधिग्रहण किया गया है उन्हें सीसीएल की आरएंडआर पॉलिसी के तहत नियोजन व मुआवजा दिलाया जाना है।

### चिन्मय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रची कामयाबी की नई इबारत

## चार्टर्ड एकाउटेंट की परीक्षा में ऋत्विक सहित चार विद्यार्थियों ने मारी बाजी

संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड में शिक्षा की राजधानी मानी जाने वाली इस्पातनगरी बोकारो के होनहार विद्यार्थियों ने एक बार फिर कामयाबी की नई इबारत रची है। वाणिज्य क्षेत्र में कठिनतम मानी जानेवाली सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउटेंट) की परीक्षा में चिन्मय विद्यालय का छात्र रहे ऋतिक जैन ने देशभर में 48वां स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल, शहर और पूरे झारखंड का मान एक बार फिर बढ़ाया है। पांच साल के कठिन परिश्रम के बाद अपने पहले ही प्रयास में ऋतिक ने सीए की परीक्षा पास करने में सफलता हासिल की। इसके अलावा, चिन्मय विद्यालय के उमंग बंसल, नेहा बुधिया एवं दीपा रानी ने भी इसमें सफलता प्राप्त की। उमंग बंसल ने 2020 में 94.40 प्रतिशत, नेहा बुधिया ने 2019 में 97.75 प्रतिशत तथा दीपा रानी ने 2017 में 95.8%से पास कर विद्यालय सहित झारखंड का नाम रोशन किया था। विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि जब विद्यार्थी अपनी मेहनत, लगन और एकाग्रता से लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता है तो उसे सफल होने से कोई भी रोक सकता है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी।

## विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न



संवाददाता

**बोकारो।** बालीडीह स्थित गरगा डैम में विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति, बालीडीह की ओर से पारिवारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोकारो जिले के सभी विश्वकर्मा परिवार के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बच्चू लाल शर्मा ने की, जिन्होंने अतिथियों का स्वागत किया। समाज के सभी लोगों ने एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में संतोष विश्वकर्मा, प्रह्लाद शर्मा, रामचंद्र शर्मा, राम विनय शर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा, इंद्रदेव शर्मा, मनोज शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, संजय शर्मा, रामेश्वर शर्मा व्यास, राजदेव शर्मा, अशोक शर्मा, सरोज शर्मा, मुन्ना शर्मा, प्रकाश शर्मा, रतन लाल विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा सहित समाज के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज में एकजुटता पर जोर दिया एवं आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## दशनामी गोस्वामी परिवार का महासम्मेलन व वनभोज संपन्न

**बेरमो/ बोकारो।** दशनामी गोस्वामी परिवार बोकारो का महासम्मेलन सह वनभोज रविवार को सिटी पार्क बोकारो में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में गोस्वामी परिवार के लोगों का जुटान हुआ। इस दौरान संगठन को मजबूत करने के साथ समाज को शिक्षित करने, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने, सनातन एकता पर बल देने व दिन-दुखियों की मदद करने आदि के निर्णय लिए गए। अध्यक्षता बीपी पर्वत व संचालन एनके विधार्थी ने किया। संगठन के डॉ. भानु गिरि गोस्वामी, मिथलेश गिरि व संपूणानंद भारती ने कहा कि गोस्वामी समाज का शिक्षा से हीं विकास हो सकता है। इसलिए बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। इस दौरान उन्हें सम्मानित किया गया। जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृट काम किया है। इस दौरान बीपी पर्वत, डॉ० भानु गिरि, अनीता गिरि, प्रियंका गिरि, शोभा देवी, राजेश भारती, एनके विद्यार्थी, आरके गिरि, रंजन गिरि, प्रिया गिरि प्रभावती देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**आस्था** श्री सायुज्य क्रियायोग महोत्सव में उमड़ा निखिल शिष्यों का सैलाब

# जीवन को ऊर्ध्वमुखी बनाता है क्रियायोग : गुरुदेव नंदकिशोर

संवाददाता





**बोकारो।** दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्य धाम में देश-विदेश से आये हजारों निखिल शिष्यों का सैलाब उमड़ पड़ा। अवसर था परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी (डॉ. नारायण दत्त श्रीमाली जी) की दिव्य छत्रछाया एवं पूज्य गुरुदेव श्री नंदकिशोर श्रीमाली जी के सानिध्य में आयोजित श्री सायुज्य क्रियायोग महोत्सव का। इस दो-दिवसीय महोत्सव में अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करते गुरुदेव ने शिष्यों को जीवन में निरंतर क्रियाशील रहने की प्रेरणा देते हुए आनंदमय रहने का संदेश दिया। यहां प्रस्तुत हैं उनके प्रवचन के प्रमुख अंश...

उन्होंने कहा कि, क्रियायोग ही जीवन के आधार को शक्ति प्रदान करता है, जीवन बीज को ऊर्ध्वमुखी बनाता है। उसे बीज से वृक्ष बनाता है। हमें अपने जीवन में निरंतर और निरंतर क्रिया करनी है। सब चाहते हैं कि हमारे जीवन में निरंतर क्रिया होती रहे और हम चाहते हैं की क्रिया के बाद हमें श्री की प्राप्ति हो, पद की प्राप्ति हो। हम हमारी मनोकामनाओं को पूर्ण करने के लिए निरंतर संघर्ष करते हैं, यह जो क्रिया योग है, लक्ष्य की सिद्धि के लिए। क्रिया योग का अर्थ है ध्यान योग। ध्यान लगाते हैं आनंद के लिए। हम सारी क्रियाएं इसलिए करते हैं कि हमें आनंद की प्राप्ति हो और आनंद की प्राप्ति के लिए ही गुरु शिष्य का मिलन हुआ है।

**ध्यान के लिए एकाग्रता जरूरी**

गुरुदेव ने कहा कि, आनंद का आधार ध्यान और क्रिया है। शरीर, मन और कार्य, इन तीनों का आधार ध्यान है। जब हम मन से ध्यान करते हैं, अर्थात मन से कार्य करते हैं तो एकाग्र हो जाते हैं। हमारा ध्यान और एकाग्रता एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। ध्यान लगाने के लिए एकाग्रता जरूरी है। इसलिए गुरु प्रार्थना करते हैं।

**ध्यान मूलं गुरुमूर्ति पूजा मूलं पदम...**

हम हैं ईश्वर की सबसे महत्वपूर्ण संरचना, हमें अपना संचालन करने के लिए बिना थके, बिना रुके निरंतर और निरंतर क्रिया करनी ही है। यही है क्रिया योग का आधार कि आप बिना क्रिया किए चल नहीं सकते हो।

संसार में ज्यादातर लोग भोगी ही होते हैं, जो केवल और केवल भोगना जानते हैं, लेकिन निखिल के शिष्य योगी भी है और भोगी भी हैं। क्योंकि, योगी का अर्थ संन्यासी नहीं होता, योगी का अर्थ होता है, जिसने विशेष रूप से किसी विशेष कार्य के लिए अपने आप को जोड़ दिया है। अपने आप को अपने संकल्प से, अपने संयम से जोड़ दें, यही योगी की परिभाषा है। जो व्यक्ति अपने आप को, अपने संयम और संकल्प से जोड़ देता है, वह योगी है और जिसने अपने आप को संकल्प और संयम से जोड़ दिया है, उसे संसार में फल की प्राप्ति अवश्य होती है।

गुरु वही है, जो शिष्य के जीवन में संकल्प, संयम और क्रिया का योग कर दे। जो संयम और संकल्प के साथ क्रिया करता है, वह क्रिया-योगी है, उसके जीवन में आनंद रहेगा।

**अपने भावों पर नियंत्रण आवश्यक**

उन्होंने कहा- आपके जीवन में जितने भी गलतियां होती हैं, वह क्रोध के कारण होती हैं। क्रोध को जीतो, जब आप अपने आप को जीत लेते हो, तो जगत पर जीत आ जाता है। हमें केवल लक्ष्मी ही नहीं चाहिए, हमें हमारी क्रिया से श्री चाहिए। हमें ऐसा फल चाहिए, जिससे हमारा कल्याण हो। कल्याण का भाव ही श्री का भाव है। ऊर्जा का अर्थ है शक्ति, समय अर्थात महाकाल और लक्ष्मी। जब हम तीनों को समत्व भाव में रखते हैं तो हम आनंद का अनुभव करते हैं। आनंद ही ब्रह्म है। हमारे ऋषियों ने कहा है- सुखी जीवन वास्तव में आनंद का नाम है और उस आनंद की प्राप्ति के लिए हमें संतुष्ट रहना चाहिए। जब हम आनंद चिंतन अर्थात ईश्वर को साक्षी रखकर कार्य करते हैं तो मनुष्य दुख और अन्य बंधनों से छूट जाता है। वास्तव में जब हम आनंद में होते हैं तो ईश्वर की अनुभूति करते हैं। इसलिए ईश्वर का नाम है- सच्चिदानंद। पश्चिम की थ्योरी में आज सभी जगह आनंद के पीछे, खुशी के पीछे भागने की होड़ मची है। लेकिन, जिस चीज का पीछा करोगे, वह हमेशा आगे रहेगा। हमारे उपनिषद कहते हैं कि यदि जीवन में संयम है, तो आनंद आपके पीछे-पीछे चला आएगा। दौड़ने से आनंद प्राप्त नहीं होगा। यदि आपके अंदर संयम है, संकल्प है तो आनंद सदैव आपके पीछे-पीछे रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मैट्रिक 2012 बैच के सहपाठियों ने मनाई मिलन समारोह



**गिद्धौर(चतरा)।** प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के मैट्रिक 2ड12बैच के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने प्रखंड मुख्यालय के बड़की नदी के बगल में मिलन समारोह सह गेट टूगेदर मनाया। इस क्रम में डीजे साउंड पर जमकर ठुमके लगाए। जबकि आने वाला नव वर्ष 2025 की अग्रिम बधाई एक दूसरे को दिया। मिलन समारोह के पश्चात वन भोज का भी आनंद उठाया। मौके पर बबलू कुमार साव संतोष कुमार दास संदीप कुमार कपिल कुमार सचिन कुमार संदीप कुमार ललन कुमार कपिल कुमार आशीष कुमार आदित्य कुमार टिंकू कुमार सुरेंद्र यादव सहित अन्य थे।

### ट्रक वाहन मालिक संघ के साथ आम्रपाली - चंद्रगुप्त जीएम ने की बैठक



**टंडवा (चतरा)** रविवार को आम्रपाली परियोजना के विस्थापित- प्रभावित वाहन मालिक संघ एवं सीसीएल महाप्रबंधक के बीच फॉर्मेट कोटा को लेकर वार्ता हुई। इस दौरान जीएम अमरेश कुमार सिंह ने उक्त मांगों के निराकरण हेतु चार दिनों का समय लिया है। इस दरम्यान वाहन मालिक संघ के आशुतोष मिश्रा ने जीएम श्री सिंह को ज्ञापन सौंपते हुवे उनपपर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि जीएम द्वारा जानबूझकर बार - बार समय लेकर टाला जा रहा है। वहीं निर्धारित समय के बाद विस्थापित - प्रभावित परिवार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसके बाद आम्रपाली परियोजना से किसी भी कीमत में एक छंटाक कोयले का उठाव नहीं होने दिया जाएगा। बताया कि प्रबंधन के वादा खिलाफी से वाहन मालिकों में जोरदार आक्रोश पनप रहा है।राष्ट्रहित के लिए अपनी संपदा समर्पित करने वाले विस्थापित परिवारों के साथ प्रबंधन सौतेला व्यवहार शीघ्र आंदोलन के लिए मजबूर कर रहा है । वार्ता में आम्रपाली परियोजना के डिस्पैच अधिकारी शशिकांत भारती, भू-रैयत बद्री साहू, अरविंद कुमार, हुलास यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### पुलिस ने दो बकरा चोर को भेजा जेल



**गिद्धौर (चतरा )** पुलिस ने रविवार को दो बकरा चोर को जेल भेज दिया। मालूम हो कि थाना क्षेत्र के रुपिन गांव निवासी तुलसी यादव के घर से दो चोरों ने एक बकरे की चोरी कर शनिवार को भाग रहे थे। इसी बीच पंचायत भवन के समीप ग्रामीणों ने दोनों चोरों को पकड़ कर जमकर पिटाई कर दिया था।खस्सी चोर गिद्धौर के पांडे टोला निवासी अवध दांगी का पुत्र पवित्र कुमार उर्फ बिट्टू दांगी व नीचे टोला निवासी राजू भुइयां का पुत्र शशिरंजन भुइयां है। दोनों चोरों ने अपाची बाइक से रुपिन गांव के तुलसी यादव के घर से बकरे को लेकर फरार हो गए।वहीं ग्रामीणों की तत्परता से भाग रहे चोरों को पंचायत भवन मंहडोरिया के समीप पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दिया।जिसके बाद ग्रामीणों ने दोनों चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने दोनों बकरे चोरों को रविवार को मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

# अखिल ब्रह्म कल्याण संघ न्यास ने सांसद व विधायक के सम्मान में आयोजित किया अभिनंदन समारोह

संवाददाता

**चतरा।** अखिल ब्रह्म कल्याण संघ न्यास के द्वारा लिपदा चतरा में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।अभिनंदन समारोह में चतरा सांसद काली चरण सिंह एवं चतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनार्दन पासवान के लिए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सासंद काली चरण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि विधायक जनार्दन पासवान इस मौके पर उपस्थित थे । सभा के सभापति प्रवीणचंद्र पाठक नें कहां कि विप्र भवन का समुचित विकास और सफल संचालन हेतू आप अतिथीगण से अपेक्षा करता हूँ ।सचिव दुर्गा पाठक नें स्वरचित अभिनंदन पत्र संघ परिवार की




ओर से सप्रेम भेंट किए तो वहीं अध्यक्ष संतन पांडेय ने भी अभिनंदन पत्र चतरा विधायक जनार्दन पासवान को सप्रेम भेंट किया गया।अभिनंदन समारोह में संघ के सचिव ने सांसद काली चरण सिंह को अभिनंदन पत्र एवं प्राकृतिक पुष्प गुच्छे सप्रेम भेंट की वही युगल किशोर पांडे नें पूजन सामग्री ,पंकज दुबे नें अंग वस्त्र एवं रविंद्र पांडे नें अतिथियों को भगवान परशुराम का प्रिय अस्त्र फरसा भेंट किया ।वहीं दूसरी ओर विधायक पासवान को अध्यक्ष संतन पांडेय ने माल्यार्पण कर अभिनंदन पत्र से स्वागत किया राजू शर्मा ने अंग वस्त्र, बीरबल पांडे ने सामग्री तो रविंद्र पांडे ने फरसा सप्रेम भेंट की । अखिल ब्रह्म कल्याण संघ न्यास लिपदा चतरा द्वारा प्रदत्त सम्मान से गदगद अभिभूत सांसद श्री सिंह ने कहा कि समाज का उत्थान के साथ विप्र भवन का विकास संबंधित कार्य यथासंभव किया जाएगा ।वहीं विधायक ने कहा कि आप सभी का प्यार आशीर्वाद सम्मान मुझे जो मिला है उसका मै ऋणी हूं ,मैं अपनी ओर से समाज के उत्थान के लिए उत्तरोत्तर विकास में महती भूमिका निभाऊंगा । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित तथा भगवान परशुराम के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजली के साथ-साथ आचार्यो के द्वारा मंत्रोचार एवं शंखनाद के साथ किया गया । सभा के सभापति प्रवीण चन्द पाठक तथा मंच संचालन विकाश चतुवेर्दी के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम को सफल संचालन में अखिल ब्रह्म कल्याण संघ न्यास के सचिव, अध्यक्ष ,कोषाध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों अपनी अहम भूमिका निभाई।इसमें प्रमुख रूप से दुर्गादत्त पाठक , संतन पांडेय ,रविंद्र पांडेय, पंकज दुबे ,विकास चतुवेर्दी ,सुशील पाठक ,चिंतामणि पाठक, धीरेन्द्र शर्मा, अनिरुद्ध मिश्रा, पंकज मिश्रा, शिवदेव पांडेय, धर्मेन्द्र पाठक के साथ अन्य विप्रवर नें अपनी सहभागिता निभाई ।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की जिला स्तरीय बैठक, दीप प्रज्वलित के साथ हुआ प्रारंभ

संवाददाता

**चतरा।** जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की जिला स्तरीय कैबिनेट की बैठक रविवार को हेरु नदी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में किया गया।बैठक का शुभारंभ परशुराम भगवान के चित्रांकन समीप दीप प्रज्वलित पुष्पांजलि अर्पित स्वस्तिवाचन के साथ साथ शंख ध्वनि से किया गया। कार्यक्रम बुद्धिजीवी जिला संरक्षक कृष्ण देव पांडेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय पांडेय ने किया। जहां मुख्य चार बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें सर्वप्रथम पूरे प्रदेश में संस्कृत की पढ़ाई हो इसके लिए सख्त से सख्त कदम उठाने की निर्णय लिया गया। उसके बाद इसकी शुरूआत जमीनी स्तर से



करने की निर्णय लिया। जिसमें प्रखंड स्तर पर ब्राह्मण समाज के लोग ब्लॉक में धरना प्रदर्शन कर बीडियो को ज्ञापन सौंपेंगे।तथ्य पद पदयात्रा के साथ डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे।सम्मेलन को भव्य तरीके से एवं शांति तरीके से पूर्ण करेंगे।मौके पर जिला से नौ प्रखंड के दर्जनों ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

संवाददाता

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोलकोले पंचायत सचिवालय में रविवार को मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नव भारत जागृति केंद्र के द्वारा आयोजित शिविर में निःशुल्क नेत्र जांच के साथ किशोरी स्वास्थ्य जांच सह स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन भी किया गया। ज्ञात हो कि यह शिविर एसबीआई फाउंडेशन मुंबई के सहयोग से लगाया गया। जिसमें डॉ. बंशीधर पांडेय, फार्मासिस्ट हरिशंकर यादव, लैब टेक्नीशियन डब्लू पासवान, एएनएम रोमा रागिनी तिर्की, प्रोग्राम प्रबंधक शैलेश कुमार ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने बताया कि शिविर में 107 लोगों का नेत्र जांच किया गया। जिसमें 38 लोगों को चश्मा



दिया गया। साथ ही चौदह लोगों के नेत्र में मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हें लोकनायक नेत्र अस्पताल चौपारण भेज दिया गया। वहीं किशोरी व महिलाओं को स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता अनुरूप उन्हें दवा उपलब्ध कराया गया। इस दौरान आस-पास के जगहों पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान भी चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों नें भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रोग्राम प्रबंधक ने बताया कि एसबीआई फाउंडेशन मुंबई एवं एनबीजे अमृतनगर हजारीबाग के सहयोग से चतरा जिले के अतिसुदुवर्ती प्रखंड कुंदा व लावालौंग के बीस गांवों में एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिन दो गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर चयनित बीस गांव में प्रत्येक पन्द्रह दिन पर लगाया जा रहा है।

## मगध अम्रपाली प्रबंधन के विरुद्ध में ग्रामीणों ने बैठक करके दलालों का किया भंडाफोड़

संवाददाता

**चतरा।** सीसीएल के आम्रपाली और मगध प्रबंधन के दोगली नीति के विरुद्ध में सरादु ग्राम वासियों कमर कस कर विरोध करना शुरू कर दिया है। साथ ही सरादु गांव के दलाल लोगों के विरुद्ध में भी ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी किया है। ताजा मामला टंडवा एनटीपीसी से बिजली आम्रपाली माइंस ले जाने के लिए आम्रपाली प्रबंधन द्वारा सरादु पंचायत के आधा दर्जन गांव के रैयती भूमि औ? वन भूमि पर गांव के दलाल के सहारे हाईटेंशन बिजली पोल के साथ हाई पावर का तार का कार्य शुरू किया गया।

जिसका भनक लगते ही गांव के रैयतों और ग्रामीणों आक्रोश होकर कार्य को रोकते हुए कंपनी को खदेड़ दिया। इसके पश्चात ग्रामीणों व रैयतों ने सरादु देवी मंडप में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता अजीत कुमार सिंह और संचालन उमेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में ग्रामीणों सीसीएल प्रबंधन और कंपनी के साथ गांव के दलाल के विरुद्ध में जमकर नारेबाजी किया। प्रबंधन को दलाल के माध्यम से जमीन लूटने बंद करने का भी नारा लगाया।

बैठक में रैयतों अपने-अपने बातें रखें और सीसीएल के गलत नीतियों औ? सरादु गांव के दलालों द्वारा रची गाड़ी षड्यंत्र को



- **दलालों के सहारे आम्रपाली प्रबंधन रैयतों के जमीन पर कार्य करने वाली कंपनी को खदेड़ा, आम्रपाली प्रबंधन के साथ-साथ गांव का दलाल के विरुद्ध जमकर की नारेबाजी**
- **सरादु गांव का दलाल दूसरे रैयतों के भूमि को बता कर सीसीएल का करा रहा था काम, ग्रामीणों ने अपने जमीन और वन भूमि से भगाया**

भंडाफोड़ किया है। बैठक में रैयतों जमीन पर और वन भूमि पर पोल लगाने वाले दलालों के सपने पर पानी फेर दिया हैं। बैठक में सर्वसहमति से कई प्रस्ताव लिए गए।

जिसमें मगध अम्रपाली प्रबंधन द्वारा वन भूमि और रैयतों जमीन पर पोल गाड़ने के विरुद्ध विभाग को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने, जो जमीन सीसीएल को नही दिया गया उस जमीन पर लोगों को डराते हमका कर कार्य करने के दौरान रैयतों के जान माल खतरा पर आम्रपाली आम्रपाली प्रबंधन जिम्मेवार होगा, सरादु गांव के वन भूमि पर ग्रामीणों द्वारा किसी प्रकार से एनओसी नहीं दिया गया है। ठेकेदार सीसीएल या किसी कंपनी द्वारा कार्य करती है तो वन विभाग के विरुद्ध आंदोलन करने का निर्णय गया। बैठक में रैयत ग्रामीणों ने मगध अम्रपाली प्रबंधन को चेताते हुए कहा सरादु गांव के दलाल के माध्यम से रैयतों ग्रामीणों को शोषण करना छोड़ दे नही तो आर पार की लड़ाई होगी। ग्रामीणों ने जान देंगे पर जमीन नहीं देने के बैठक में नारे लगाकर अपना गुस्सा ठंडा किया। बैठक में सुबोध सिंह, नूनी सिंह, उमेश सिंह, अजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह संदीप सिंह, सुबाष सिंह, प्रवीण सिंह, माला सिंह, पिंटू घांसी, मेघनाथ यादव, कैलाश राम, छक्कू महतो, राजू कुमार, सौरभ राणा छोटू भइया, रवि राणा, संतोष महतो, राजू राणा, विजय यादव सुधीर कुमार, मेघन महतो, यशवंत कुमार सहित दर्जनों रैयत ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसडीओ पर पत्नी को जिंदा जलाने आरोप, पैतृक गांव बेलगड़ा में किया गया अंतिम संस्कार

संवाददाता

**चतरा।** हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी का अंतिम संस्कार रविवार को चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड के बेलगड़ा गांव के श्मशान घाट मे किया गया।इस घटना से पूरे चतरा जिले के लोग आहत है।ज्ञात हो की अशोक कुमार की पत्नी गुरुवार की सुबह सात बजे गंभीर रूप से जल गयी थी।जिसके बाद उनको रांची के देवकमल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात करीब दो बजे उनकी मौत हो गयी। शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है।अनिता के परिजनों ने उसे जिंदा जलाने का आरोप लगाया है। जिसमे 4 लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया गया है।बता दें कि हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार के विरुद्ध पत्नी को जलाकर मारने के आरोप में लोहसिंघना थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले के सूचक एसडीओ के साला राजू कुमार गुप्ता हैं।उसने एसडीओ समेत चार लोगों को आरोपी बनाया है। जिसमें एसडीओ के पिता दुर्योधन साव, छोटा भाई शिवनंदन कुमार एवं छोटे भाई की पत्नी रिंकू देवी का नाम शामिल है।सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार के ऊपर उनके साले ने गंभीर आरोप लगाया है कि उसकी बहन को जलाकर मारने की कोशिश की गई ।राजू कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन अनीता कुमारी को जान मारने की नीयत से तारपीन का तेल उड़ेल कर जलाया गया है।वह 65 फीसदी जल गई थी।यह पूरा मामला अवैध संबंध के चारों ओर घूम रहा है। मृतक के भाई ने उसके बहनोई अशोक कुमार का किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध का आरोप लगाया है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था।एक बार इस मामले में आनिता के परिवार एवं अशोक कुमार के परिवार के बिच बैठ के बातचीत भी किए थे। जिसमें अशोक कुमार ने बोला था कि अगली बार से शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।राजू गुप्ता ने बताया की अनीता कुमारी का विवाह हिंदू रीति रिवाज से 20 नवंबर 2011 में हुई थी और इनके दो बच्चे हैं।

**हजारीबाग एसडियो को बरखास्त करते हुए कर्रवाई करे : जदयू**

हजारीबाग एसडियो के द्वारा अपने पत्नी को जिंदा जलाने को लेकर जदयू चतरा जिलाध्यक्ष राम आशीष कुमार ने झारखण्ड सरकार से एसडियो को नौकरी से बर्खास्त करने एंव कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग किया है।उन्होंने आगे कहा की एसडिओ जाँच प्रभावित कर सकता हैं इसलिए उसे तत्काल नौकरी से हटाना चाहिए।उन्होंने झारखण्ड सरकार से अनुरोध किया है की यदि सरकार का अधिकारी के खिलाफ कर्रवाई नही होता है तो कई बेटी को मौत का निद सोना पड़ सकता है।इसलिए कानूनी कार्यवाही होना बहुत जरूरी है।

## सरस्वती पूजा की तैयारी शुरू, जोर-शोर से मूर्ति निर्माण में जुटे कुम्हार

संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।**- प्रखण्ड क्षेत्र में रविवार से आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना को लेकर उनकी प्रतिमा का निर्माण कार्य जोर - शोर से हंटरगंज पानी टंकी के नजदीक कुम्हार लगभग एक महीना पूर्व से ही प्रतिमा निर्माण में जुट गए है। ग्रामीण इलाकों में भी कई जगह प्रतिमा का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इनकी पूजा अर्चना सभी शैक्षणिक संस्थानों के साथ झ साथ अन्य जगहों पर भी धूमधूम से किया जाता है। ऐसी मान्यता है की



इनके आराधना मात्र से ही विद्या की प्राप्ति होती है। विद्या के प्राप्ति अन्य सभी मार्गों का द्वार खोल देता है। इसे लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्सुकता देखा जा रहा है।
बेहतर मूर्ति निर्माण को लेकर लोग कुम्हारों के पास पहुंच रहे है। इसे लेकर उन्हें एडवांस पैसे भी दिए जा रहे है। मूर्तिकारों को अपने अनुरूप बेहतर मूर्ति बनाने की सलाह भी दे रहे है। मूर्तिकार कुम्हार बडहीबिगहा निवासी सुखदेव प्रजापति, चंद्रदेव प्रजापति, और हंटरगंज निवासी दिलीप प्रजापति ने बताया की मूर्ति के लिए कई जगहों से ऑर्डर भी आ रहे हैं। एक हजार से लेकर पांच हजार तक की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि शैक्षणिक संस्थानों में छोटी मूर्तियां ही ज्यादा पसंद की जाती है। ग्रामीण इलाकों में युवाओं कमेटी गठित कर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करते है। इनकी पसंद बड़ी मूर्ति होती है।

## गेजना पंचायत में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिवर का आयोजन

संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के गेजना पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रविवार 4 बजे किया गया, जिसमें एमबीबीएस अनुभावी चिकित्सक आदर्श कुमार और श्रुति राज के द्वारा सभी प्रकार के रोगों की ईलाज की गईं लगभग सौ से अधिक लोगों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गईं ,

शिविर में ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में आए लोगों ने इसका लाभ उठाया ।



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अभाव में जहां लोग बीपी शुगर, हृदय रोग सहित अन्य बीमारियों के मरीज हो जाते हैं वहीं ग्राम स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में भी लोगों को स्वास्थ्य की दिक्कतें होती हैं।

बताते चले की पाण्डेयपुरा में डा०आदर्श कुमार एवं श्रुति राज सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं रविवार को कम खर्च में मरीजों को देखते हैं एवं ईलाज करते हैं

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 30 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के 6 छात्रों ने सीए परीक्षा में सफलता प्राप्त की

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के 6 छात्र-छात्राओं ने नवंबर 2024 में आयोजित सीए परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। यह सफलता उन विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि सीए की परीक्षा पास करना कोई आसान कार्य नहीं है। इसके लिए छात्रों को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है और बहुत से त्याग करने होते हैं। इस परीक्षा को क्रैक करने वाले छात्रों को उनका लक्ष्य प्राप्त करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, जिसमें उन्हें अपनी नींद और चैन तक छोड़नी पड़ी। इस कठिन परीक्षा को पास करने वाले छात्र-छात्राओं के नाम आकांक्षा पटवारी, सुरुचि अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, प्रशांत, आयुष खेड़िया, और शिवम कुमार हैं। विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रुइया, और कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों ने इन छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस सफलता पर विद्यालय का नाम रोशन हुआ है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### लिलोरी स्थान में सरकारी जमीन कब्जा करने को लेकर दो गुटों में झड़प



**धनबाद।** कतरास के लिलोरी मंदिर के समीप कतरी नदी के सीढ़ी घाट के किनारे स्थित सरकारी भूमि को कब्जा करने को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई। यह विवाद सरकारी जमीन पर पाठा छिलने और धर्मशाला बनाने को लेकर शुरू हुआ। एक गुट का कहना है कि वे वर्षों से इस भूमि पर मंदिर में प्रसाद के रूप में बली दिए हुए पाठा को छिलकर अपनी आजीविका चला रहे हैं और इसके आसपास की परती जमीन को साफ-सुथरा रखने का कार्य करते हैं। इस गुट में विशाल महतो, रमेश महतो, टिंकू महतो, अंजना देवी, जादू महतो समेत कई अन्य लोग शामिल हैं। वहीं दूसरे गुट का कहना है कि उक्त भूमि पर उनका कोई कब्जा नहीं था, और वे वहां एक धर्मशाला बनाने का प्रयास कर रहे थे। इस विरोध के दौरान अजय महतो, पप्पू महतो, अजीत महतो और अन्य लोगों द्वारा मारपीट की गई।।विवाद इस बात पर भी था कि सरकारी जमीन का अवैध तरीके से कब्जा किया जा रहा है और इसका उपयोग निजी लाभ के लिए किया जा रहा है। गुटों के बीच मारपीट की घटना के बाद विशाल महतो और उनके समर्थकों ने कतरास थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। कतरास थाना प्रभारी ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित अधिकारियों से सरकारी जमीन पर हुए कब्जे की जांच की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस सरकारी चिर वर्णालय, महिलाओं के कपड़े बदलने का कमरा, का निर्माण जिला परिषद द्वारा वर्ष 2000-2001 में किया गया था, वह भी इस विवाद का हिस्सा है। इसके आसपास एक विशाल धर्मशाला का निर्माण किया गया है, जिससे यह मामला और भी पेचीदा हो गया है। यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि लिलोरी मंदिर के आसपास कितनी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा हुआ है। इस प्रकार के घटनाक्रमों के कारण धनबाद जिले के कई हिस्सों में सरकारी जमीनों की लूट का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### मारवाड़ी सम्मेलन का पारिवारिक आनंदोत्सव 2 जनवरी को वेडलॉक रिसोर्ट में

**धनबाद।** जिले के मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा 2 जनवरी, गुरुवार को वेडलॉक ग्रीन रिसोर्ट में नववर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य मारवाड़ी समाज के सभी परिवारों को एक मंच पर लाकर सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है। मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से मारवाड़ी समाज के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल गतिविधियाँ जैसे हौजी गेम, रिंग गेम, बैलून शूटिंग, क्रिकेट, पतंगबाजी और अन्य प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा। समाज के सदस्य इस अवसर पर एक दूसरे से मिलकर न केवल खुशियाँ साझा करेंगे बल्कि अपनी पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों को भी मजबूत करेंगे।

इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में धनबाद के प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर और भजन गायक मोहित अग्रवाल अपनी पूरी टीम के साथ मेहमानों का मनोरंजन करेंगे। उनके साथ गायक योगेश राज और हास्य कलाकार संजय मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। इन कलाकारों की टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों से माहौल खुशनुमा रहेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मारवाड़ी सम्मेलन के कई प्रमुख सदस्य जैसे ललित झुनझुनवाला, दीपक रुईया, विनय अग्रवाल, शेखर शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनिल खेमका, राकेश हेलीवाल, राजेश रीटोलिया, संजय गोयल, किशन जिंदल, आर. बी. गोयल, अरुण अग्रवाल, किशन अग्रवाल और अन्य सभी सदस्य पूरी टीम के साथ लगे हुए हैं। इस प्रकार का आयोजन समाज में समन्वय और एकता की भावना को बढ़ावा देता है और सभी को एक दूसरे के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

# चेतन साव गोली कांड का खुलासा, उत्तर प्रदेश से अपराधी गिरफ्तार



**संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने चेतन साव गोली कांड का खुलासा करते हुए उत्तर प्रदेश से एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह घटना 13 दिसंबर को बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कुमीर्डीह में हुई थी, जब अज्ञात अपराधियों ने चेतन साव को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में 14 दिसंबर को बरवाअड्डा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। सिटी एसपी अजित कुमार ने इस बात की जानकारी दी कि धनबाद पुलिस ने एसएसपी हरदीप पी जनार्दनन के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की थी। टीम में बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि, अघनु मुंडा, अजय महतो, सोमेश्वर कुमार सिंह, कन्हैया लाला मंडल, जय प्रकाश सिंह और सुरक्षा बलों ने विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान उत्तर प्रदेश से फजल उर्फ फैजल खान को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक पिस्टल, दो जिन्दा गोलियां और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने अपराधियों की पहचान करने और मामले की तफ्तीश को तेज कर दी है।

## श्री श्याम के साथ नववर्ष का स्वागत

**संवाददाता**

**धनबाद।** नववर्ष 2024 का स्वागत श्री श्याम मंडल, धोवाटांड़ द्वारा बड़े धूमधाम से किया जाएगा। इस मौके पर मंडल द्वारा एक विशेष पूजा और भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष के अंतिम दिन, 31 दिसंबर 2024 को शाम 7:00 बजे से श्री श्याम प्रभू की ज्योति जलाने के साथ भजन संध्या का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भजन गायक मोनू अग्रवाल और संजय संघई के साथ ताली कीर्तन के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभू को विशेष रूप से छप्पन भोग, खीर-चुरमा, बुंदिया, पेड़ा, तीलकुट समेत अन्य विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तगण हिस्सा लेंगे। इस भव्य आयोजन में लगभग 3000 श्याम प्रेमियों के शामिल होने की उम्मीद है। भक्तगण नाच-गान और भजन कीर्तन के साथ श्री श्याम प्रभू को रिझाएंगे, जिससे वातावरण भक्तिमय और उल्लासित रहेगा। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी श्याम प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बन जाएगा। नववर्ष के पहले दिन, 1 जनवरी को लगभग 800-1000 श्याम प्रेमी अपने हाथों में निशान लेकर अम्बे विला अपार्टमेंट, धोवाटांड़ से श्री श्याम मंदिर, झरिया तक पैदल यात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर निशान यात्रियों के लिए चाय-पानी और आराम करने की व्यवस्था की जाएगी। निशान अर्पण के बाद भक्तगण अग्रवाल धर्मशाला, झरिया में प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता, 26 राज्यों के 800 खिलाड़ियों का धनबाद में जुटान



**संवाददाता**

**धनबाद।** इंडियन योगा फेडरेशन द्वारा आयोजित 43 वीं राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन इस साल धनबाद में हुआ। यह प्रतियोगिता 3 दिन तक चलने वाली थी और इसका आयोजन क्रेडो वर्ल्ड स्कूल, आमाघाटा गोविंदपुर में किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 26 राज्यों के करीब 800 खिलाड़ी और 100 से अधिक ऑफिशियल शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया, जो देखने के लिए आए हुए दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गए।।प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ० संगीता करण और योग झारखंड के चेयरमैन रितेश शर्मा सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। योग झारखंड के महासचिव अरविंद कुमार ने इस आयोजन को धनबाद पब्लिक स्कूल की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि यह स्कूल झारखंड में योग के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, हरियाणा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, पुडुचेरी, और मेजबान राज्य झारखंड सहित अन्य राज्य भाग ले रहे थे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी उच्च योग कला से सभी को प्रभावित किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# बिरसा मुंडा उच्च विद्यालय में 25 वें स्थापना दिवस पर उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन



**संवाददाता**

**सिंदरी।** बिरसा मुंडा उच्च विद्यालय रंगामाटी सिंदरी का 25 वां स्थापना दिवस विद्यालय परिसर में भव्य और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सबसे पहले विद्या की देवी सरस्वती का पूजन और गायत्री परिवार के प्रमुख पुजारी नारायण साह द्वारा हवन पूजन का कार्य संपन्न हुआ। पूजा-अर्चना के बाद सभी उपस्थित जनों ने विद्यालय की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बिरसा मुंडा हाई स्कूल के प्रिंसिपल राकेश मंडल ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जो सरल और समझने में आसान होती है। विशेष रूप से छोटे बच्चों को हम खेल-खेल में शिक्षित करने का प्रयास करते हैं ताकि उनका सीखने का अनुभव आनंदपूर्ण और प्रभावी हो। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को न केवल अकादमिक ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें जीवन में सफलता पाने के लिए जरूरी कौशल भी प्रदान करना है। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि समाजसेवी गौतम प्रसाद ने बिरसा मुंडा हाई स्कूल के 25 वें स्थापना दिवस पर विद्यालय परिवार को बधाई दी और स्कूल के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सिंदरी में सस्ते और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था की है, जिससे समाज के सामान्य परिवारों के बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह विद्यालय समाज के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है, जो शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव ला रहा है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के छोटे बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपने वैज्ञानिक प्रयोगों और विचारों को प्रस्तुत किया। यह प्रदर्शनी उपस्थित सभी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गई और बच्चों की प्रतिभा को सराहा गया। इस उत्सव में प्रिंसिपल राकेश मंडल, शिक्षक जितेंद्र पंडित, शिक्षिका प्रतिमा देवी, सोमा बनर्जी, पुष्पा कुमारी, मामूनी मंडल, गायत्री परिवार के नारायण साव, नीतू जी, सीमांत मंडल, जय देवी राजकुमार, विद्यार्थी शहनाज, सजल जैन, शेख विकास, अदिति, काजल सहित सैकड़ों बच्चे और अभिभावक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर इस खास दिन को यादगार और प्रेरणादायक बनाने के लिए अपनी सहभागिता दिखाई।

## सिंदरी में डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभा का आयोजन



**संवाददाता**

**सिंदरी।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत स्वर्गीय डॉ० मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभा का आयोजन इंटक प्रांगण में सिंदरी नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं के साथ-साथ महागठबंधन के साथी भी उपस्थित हुए। सभा में सभी ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और बाद में पुष्पांजलि दी। अध्यक्ष अजय कुमार ने स्वर्गीय डॉ० मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी सादगी, सरलता और सद्भावना ने उनके व्यक्तित्व को विशेष बना दिया। उनके प्रधानमंत्री काल में किए गए कई महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया गया, जिनमें किसानों का ऋण माफ करना, आरटीआई, मनरेगा, आधार कार्ड, और अमेरिका-भारत सैन्य समझौता शामिल हैं। इन कार्यों को युगों तक याद किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से अध्यक्ष अजय कुमार, विदेशी सिंह, रमेश जिंदल, सियाकांत दुबे, सोमनाथ दुबे, जाहिद हुसैन, हरिश्चंद्र दुबे, अंग्रहित दुबे, आर प्रभाकर, पूर्णेन्दु सिंह, सुधाकर प्रसाद सिंह, सत्यदेव सिंह, राज बिहारी यादव, विमलेश कुमार, मो. कामरान, मो. मुजफर हुसैन राही, अश्वनी मंडल, श्रीमती चमेली देवी, सरिता देवी, प्रकाश, सुभाष मंडल, मुन्ना पांडे, मुन्ना यादव, सुखदेव हाँसदा, मंजूर हुसैन, गूडलय, राहुल कुमार, ललन ठाकुर, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, आनंद कुमार, अनवर अली, सुरेश प्रसाद, छोटन चटर्जी, स्वामीनाथ पांडे, कृष्ण प्रसाद महतो, सागर मंडल, गौतम प्रसाद, राजीव मुखर्जी, अमरजीत सिंह, नवीन कुमार, और गुप्ता राय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी ने हर्षित मन से डॉ. मनमोहन सिंह जी को पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धांजलि दी।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**संवाददाता**

**धनबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ० मनमोहन सिंह के निधन पर झरिया कतरास मोड़ स्थित झरिया विधानसभा की निवर्तमान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में मुख्य अतिथि के रूप में झरिया की लोकप्रिय निवर्तमान विधायक माननीय पूर्णिमा नीरज सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी, जनता मजदूर संघ के सैकड़ों पदाधिकारी और सदस्यगण, साथ हीं सैकड़ों महिला और पुरुष भी उपस्थित हुए। सभी ने डॉ० मनमोहन सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि डॉ० मनमोहन सिंह का निधन बेहद दुःखद है। उन्होंने अपनी सादगी, ईमानदारी और अपार विद्वता से इस देश को नई दिशा दी थी। वे भारत के आर्थिक सुधारों के शिल्पकार थे और करोड़ों लोगों की उम्मीदों का चेहरा थे। उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। डॉ० सिंह न केवल एक नेता थे, बल्कि एक प्रेरणा थे।

उनका व्यक्तित्व और उनकी गहरी सोच हमें हमेशा प्रेरित करेगा। वे बिना किसी शोर-शराबे के देश को प्रगति की राह पर आगे बढ़ाने वाले महान नेता थे। पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि आज भारत ने न केवल एक महान नेता, बल्कि एक सच्चा सपूत खो दिया है। उनका योगदान हमेशा हमारे दिलों में रहेगा और हम उन्हें कभी नहीं भूलेंगे। कार्यक्रम में झरिया प्रखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भगवान दास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुख्तार खान, भोलानाथ सिंह, रामजी सिंह, महेश शर्मा, अशोक बरनवाल, किशोर कुमार, हरिओम, अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव पिंटू टूरी, वीरेंद्र यादव, मणि भूषण तिवारी, अनूप कुमार पांडे, ई. भास्कर कुमार झा, रामकृष्ण पाठक, अक्षयवार यादव, मल्लू सिंह, अब्दुल करीम अंसारी, मनोहर गद्दी, पंकज तिवारी, जुमराती, जावेद, साकिर खान, राहुल पांडे, संजय अग्रवाल, चंद्र वती देवी, पूर्व पार्षद चंदन महतो, सुल्तान, राजेश कुमार सिंह, बबलू सिंह, विकास कुमार सिंह, हलचल, राज किशोर कुमार, विमला देवी, शोभा देवी, पिंकी देवी, त्रिलोकी देवी, सुशीला देवी सहित सैकड़ों महिला और पुरुष उपस्थित थे। सभी ने डॉ० मनमोहन सिंह की याद में श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को नमन किया।

**जन्ममहोत्स** सिंदरी गुरुद्वारा में मनाया गया ठाकुर अनुकूल चंद्र का 137वां जन्ममहोत्सव

# सभी को एकनिष्ठता, समर्पण व साधना की शक्ति का महत्व सिखाया



**संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी आंचलिक सत्संग परिवार के तत्वावधान में गुरुद्वारा परिसर में परम प्रेममय युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 137 वाँ जन्म महोत्सव बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस महोत्सव को अनुकलाब्द 79 के रूप में भी जाना जाता है, और यह महोत्सव ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के जीवन और उनके द्वारा स्थापित सत्य, प्रेम, और सेवा के संदेश को फैलाने का एक प्रमुख अवसर है। कार्यक्रम की शुरूआत वेद मांगलिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें सभी श्रद्धालु आस्था और भक्ति के साथ हिस्सा लेते हुए मंत्रोच्चारण में सम्मिलित हुए। इसके बाद प्रभात फेरी और उषा कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण में एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। समवेत विनती, प्रार्थना, और नामजप के साथ धार्मिक अनुष्ठान भी किए गए, ताकि भक्तों का मन आत्मिक शांति और सुख की प्राप्ति की ओर अग्रसर हो सके। धर्मग्रंथों से वाणी पाठ के बाद भजन-कीर्तन और भक्तिमूलक संगीत का आयोजन किया गया, जो महोत्सव को और भी भव्य और धार्मिक बना गया। श्रद्धालुओं ने एक साथ मिलकर प्रभु के चरणों में भक्ति की अनंत धारा बहाई। इसके बाद धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसका विषय था धर्म में सभी वचन और नियम का महत्व। इस सभा में विभिन्न वक्ताओं ने धर्म और सत्य के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को अपने जीवन में इन सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी। सभा के बाद आयोजकों द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया, जिसमें उन्होंने महोत्सव की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया। महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण था भंडारा, जिसमें श्रद्धालुओं को एकता और भाईचारे के प्रतीक के रूप में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर दीक्षा की सुव्यवस्था भी उपलब्ध थी और इच्छुक श्रद्धालुओं ने दीक्षा लेकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरूआत की। दीक्षा की प्रक्रिया ने इस महोत्सव को और भी महत्वपूर्ण बना दिया, क्योंकि यह श्रद्धालुओं को आत्म-निर्माण और साधना की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है।

श्री श्री ठाकुर जी की प्रेरणादायक वाणी एक की चाह करते समय दस की चाह मत कर बैठो। एक का ही जिससे चरम हो, वही करो। सब कुछ पाओगे ने सभी को एकनिष्ठता, समर्पण, और साधना की शक्ति का महत्व सिखाया। यह वाणी हमें अपने जीवन में एकाग्रता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। महोत्सव का उद्देश्य श्रद्धालुओं को अध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा प्रदान करना था, साथ ही समाज में प्रेम, सेवा, और अनुशासन के महत्व को स्थापित करना था। यह आयोजन सभी को यह समझाने का प्रयास करता है कि धार्मिक आस्थाएं केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि इन्हें जीवन के हर क्षेत्र में उतारने की आवश्यकता है। महोत्सव में प्रमुख आयोजकों में अनीता श्रीवास्तव, अंजलि रॉय, अनूप कुमार घोष, अरुण बाउरी, और अशिमा रानी सेन का योगदान सराहनीय रहा।

## श्याम बाबा मंदिर झरिया के लिए निकली श्याम सलोनी निशान यात्रा

**संवाददाता**

**कतरास।** कतरास बाजार हटिया स्थित राजस्थानी धर्मशाला से श्री श्याम सलोनी निशान यात्रा निकली। निशान यात्रा कतरास, पचगढ़ी बाजार, अंगारपथरा, सिजुआ, लोयाबाद, करकेंद, केंदुआ होते हुए झरिया स्थित श्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा में राधा-कृष्ण, बजरंग बली, भोलेनाथ आदि देवी देवताओं की आकर्षक झांकिया लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। 401 निशान लेकर श्याम भक्तों के साथ-साथ सैकड़ों महिलाएं, पुरुष व बच्चे इस निशान यात्रा में चल रहे थे। भक्तिमय संगीत एवं गाजे बाजे से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। सिजुआ स्थित गोकुल बंगलो में कांग्रेस नेता सह बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह के नेतृत्व में निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। निशान यात्रा में शामिल लोगों ने रणविजय सिंह का स्वागत किया। निशान यात्रा में महेष अग्रवाल, कैलाश कूलवाल, कृष्ण कन्हैया राय, डॉ० मधुमाला, आनंद खंडेलवाल, अशोक शर्मा, नितिन खंडेलवाल, हरीश खंडेलवाल, राजन खंडेलवाल,शुभम राजगढ़िया, विनोद शर्मा, निलेश शर्मा, जगदीश रावत, जगदीश राजगढ़िया, रोहित खंडेलवाल, विवेक खंडेलवाल, अमित शर्मा, रघु डंगाईच आदि मौजूद थे।

## सुभाषितम्

**अपनी भूल अपने ही हाथों से सुधर जाए तो यह उससे कहीं अच्छा है कि कोई दूसरा उसे सुधारे। - प्रेमचंद**

## जीएसटी : पाकिस्तान नहीं अब पॉपकॉर्न में उलझी सरकार

बात-बात पर पाकिस्तान का नाम लेने वाली और वन नेशन वन टैक्स का नारा देने वाली मोदी सरकार अब पॉपकॉर्न पर उलझ गई है। फ्लेवर्स के हिसाब से पॉपकॉर्न पर तीन तरह के टैक्स हैं। स्थिति ये है कि सरकार की तरफ से सफाई तक देनी पड़ी। सोशल मीडिया में पुरानी और उपयोग की गई गाड़ियों के बेचने पर जीएसटी लगाने को लेकर सरकार की फजीहत हो रही है। हाल ही में हुई जीएसटी काउंसिल में पुरानी और उपयोग की हुई गाड़ियों के बेचने पर जीएसटी लगाने को लेकर फैसला लिया गया। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल्स भी शामिल है। आलोचना और सोशल मीडिया पर किरकिरी के बाद पुरानी गाड़ियों के बेचने पर जीएसटी लगाने को लेकर फैले भ्रम को दूर करने की कोशिश की गई। सरकार ने साफ किया है कि अगर पुरानी गाड़ियों के बेचने पर मार्जिन नेगेटिव में है और कोई मुनाफा नहीं हो रहा है तो उसपर जीएसटी नहीं देना होगा। हालांकि ये कोई पहला मौका नहीं है जब इस तरह की स्थिति बनी हो। इससे पहले भी कपड़े पर जीएसटी को लेकर गुजरात के व्यापारियों ने मुहिम चलाई थी। केन्द्र सरकार ने पुरानी और यूज्ड गाड़ियां जिसमें ईवी भी शामिल है उसे बेचे जाने पर जीएसटी को लेकर उपजी भ्रम की स्थिति को दूर करने की कोशिश की है। ईवी के अलावा पुरानी और यूज्ड गाड़ियों के सेल को लेकर सरलीकरण किया गया है।

जीएसटी काउंसिल ने सभी पुरानी और इस्तेमाल की गई गाड़ियां जिसमें ईवी भी शामिल है उस पर 18 फईसदी जीएसटी लगाने का फैसला लिया है, पहले अलग-अलग दरें लगाई जाती थी। जीएसटी काउंसिल ने कोई भी नया टैक्स लगाने की सिफारिश नहीं की है। ये भी कहा गया है कि केवल रजिस्टर्ड व्यक्ति जो पुरानी और यूज्ड गाड़ियों के सेल से जुड़े कारोबार करते हैं उन्हें ही जीएसटी का भुगतान करना है। कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को पुरानी और यूज्ड कार बेचता है तो ऐसे मामले में जीएसटी लागू नहीं होगा। पुरानी और उपयोग की गई गाड़ियों के सेल वैल्यू पर जीएसटी दिए जाने के सवाल पर कहा गया है कि जीएसटी में रजिस्टर्ड व्यक्ति ने इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 32 के तहत डेप्रीसिएशन क्लेम किया है, जीएसटी केवल सप्लायर के मार्जिन वैल्यू पर देना होगा। यानि पैसेंजर गाड़ियों के सेल वैल्यू और डेप्रीसिएटेड वैल्यू के बीच जो अंतर होगा उसपर जीएसटी का भुगतान करना होगा लेकिन ऐसे मामलों में जब मार्जिन नेगेटिव में रहेगा तब कोई जीएसटी नहीं लगेगा।

इसी तरह जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में ये तय किया गया है कि सिनेमा हॉल में खुले में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर रेस्तरां की तरह 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा। पॉपकॉर्न पर लगने वाले जीएसटी को लेकर कन्फ्यूजन की स्थिति बन गई थी। इसके बाद बताया गया है कि यदि पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है तो इसे टोटल सप्लाई के रूप में माना जाएगा। चूंकि इस मामले में खास सप्लाई टिकट की है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार टैक्स लगाया जाएगा। पॉपकॉर्न पर लगने वाली जीएसटी में किसी तरह का इजाफा नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार पॉपकॉर्न को सिनेमा हॉल में खुले रूप में बेचा जाता है यही कारण है कि इस पर रेस्तरां सर्विस की तरह 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लागू रहेगी। जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में कैटेगराइज किया जाता है और इसपर 5 प्रतिशत टैक्स लगता है। जब इसे पैक?ड और लेबल के साथ बेचा जाता है तो दर 12 प्रतिशत होती है। कुछ वस्तुओं को छोड़कर सभी चीनी कन्फेक्शनरी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इसलिए कारमेलाइज चीनी वाले पॉपकॉर्न पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी की दर लागू होगी। सीधे शब्दों में कहा जाए तो पॉपकॉर्न में भी तीन तरह के टैक्स लग रहे हैं।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में सरकार की ओर से कई फैसले लिए गए हैं। सरकार ने पुरानी गाड़ियों से लेकर पॉपकॉर्न तक पर जीएसटी लगाने की घोषणा कर डाली। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा बहस छिड़ी पॉपकॉर्न पर लगे जीएसटी को लेकर है। पॉपकॉर्न को लेकर तीन तरह के टैक्स के कारण लोगों ने मुखर होकर हमला बोला। एक वर्ग का कहना है कि अब तो बच्चों को पॉपकॉर्न खिलाना तक मंहगा हो गया है। लोगों का कहना है कि कि पॉपकॉर्न खरीदने से पहले जीएसटी स्लैब देखना पड़ेगा। खैर, मामला महज इतना ही नहीं है। जीएसटी के विभिन्न केटेगरी में स्लैब को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। यूपीए कार्यकाल के दौरान भाजपा और भाजपा नेताओं ने भी तब टैक्स को लेकर मनमोहन सरकार को खूब घेरा था। जब नरेन्द्र मोदी की अगुआई में लोकसभा चुनाव हुए तब वन नेशन-वन टैक्स का नारा दिया गया था। माना जा रहा था कि मोदी सरकार के आने के बाद टैक्स की उलझी हुई प्रक्रिया से व्यापारियों और करदाताओं को राहत मिलेगी। हालांकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। बहरहाल, अभी तक पाकिस्तान को लेकर उलझी केन्द्र सरकार अब पॉपकॉर्न में उलझती दिखी। इसके अलावा वन नेशन वन टैक्स का केन्द्र सरकार का दावा खोखला होता दिख रहा है।

# मनमोहन का स्मारक तो सही, नरसिंह राव का कब बनेगा



जितेंद्र तिवारी



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का शनिवार दोपहर दिल्ली के निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। डॉ. मनमोहन सिंह को जिस भव्यता के साथ विदा किया गया, वे वास्तव में उसके अधिकारी थे। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल वरिष्ठ सहयोगी राजनाथ सिंह और अमित शाह सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार के समय उपस्थित रहे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान सहित सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों की उपस्थिति में पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ और 21 तोपों की सलामी देकर पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और गांधी परिवार की उपस्थिति का यहां इसलिए उल्लेख करना अनावश्यक है क्योंकि उन्हें तो उपस्थित रहना ही चाहिए था।

कौन नहीं जानता कि एक बेहद ईमानदार छवि वाले और पूर्ण सादगी से जीवन जीने वाले मनमोहन सिंह के कार्यकाल में ही देश में सबसे ज्यादा घपले-घोटाले सामने आए थे। यह बात सही है कि मनमोहन सिंह एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर थे। वे कैसे प्रधानमंत्री बने, वह एक अलग कहानी है। हां, पर वे पहले एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर (प्रधानमंत्री) नहीं थे। सही मायने में राजीव गांधी पहले एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर थे। उसके बाद चंद्रशेखर, एच.डी. देवेगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल और डॉ. मनमोहन सिंह को इसी श्रेणी में रखा जाना चाहिए। वैसे, किसी दिवंगत व्यक्तित्व की कठोर आलोचना ठीक नहीं होती। पर वस्तुतः डॉ. मनमोहन सिंह राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे। जो इतिहास है वह यह लिखा जाएगा कि डॉ. मनमोहन सिंह बड़े अर्थशास्त्री, विचारक, शिक्षक और एक समर्पित नौकरशाह थे। इसीलिए सोनिया गांधी के संवैधानिक कारणों से प्रधानमंत्री न बन पाने और उसे त्याग प्रचारित कर मनमोहन सिंह का चुनाव किया। सरकार के ऊपर नेशनल एडवाइजरी कमेटी बनाकर जैसे देश का शासन सोनिया परिवार ने पर्दे के पीछे से चलाया, वह भारत की राजनीति में कभी नहीं हुआ था। डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हुए टूजी, थ्रीजी, कोयला, एशियन गेम्स आदि घोटलों की लंबी फेहरिस्त को दोहराने की आवश्यकता नहीं। मनमोहन सिंह की साफ-सुथरी छवि को सामने रखकर कांग्रेसियों ने घपले-घोटालों का ऐसा दौर चलाया कि जनता खुद ही जतंर-मंतर पर जुटने लगी और कुछ नौसिखियों ने उन्हें भुना लिया। यह अलग बात है कि आज वे उसी भ्रष्टाचार की दलदल में डूबे दिल्ली व पंजाब की सत्ता पर काबिज हैं। उस दौर में प्रधानमंत्री के हस्ताक्षर होने से पहले सरकारी फाइलें सोनिया गांधी तक जाती थीं, यह एक ओपन सीक्रेट है। इतना ही नहीं, कांग्रेस के युवराज कहे जाने वाले राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल द्वारा पारित एक प्रस्ताव को दिल्ली के प्रेस क्लब में आकर जैसे फाड़ा, वैसा अपमान आज तक देश के किसी प्रधानमंत्री का नहीं हुआ होगा।

वह ऐसा मामला था जब प्रधानमंत्री के छोटे भाई ने ही बयान दिया था कि कुछ तो अपनी सरदारी का ख्याल रखिए। घपले-घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों, प्रधानमंत्री कार्यालय से ऊपर एक सत्ता केन्द्र से संचालित होने और कांग्रेस द्वारा ही अपमानित किए जाने के अनेक मामलों को लेकर मनमोहन सिंह को भारी आलोचना का सामना करना पड़ता था, पर वे शांत रहकर उसे आत्मसात कर लेते थे। कांग्रेस की कारगुजारियां छिपाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनकी कटु आलोचना करते हुए यहां तक कह दिया था कि वे ह्यरेनकोट पहनकर नहाते थे। इस सबके बावजूद भारत की मौजूदा सरकार ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति जो सम्मान और संस्कार प्रकट किया है, वह सीख लेने लायक है। इसे पूर्व प्रधानमंत्रियों के प्रति प्रकट की जाने वाली राजनीतिक शालीनता और आदर्श व्यवस्था की तरह देखा जाना चाहिए। डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के समाचार के बाद सरकार ने प्रोटोकॉल के तहत जो संभव था, वह तो किया ही। उससे भी कहीं अधिक जाकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित पूरी सरकार उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुई। ऐसा पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के समय भी नहीं हो पाया था। तत्कालीन राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम उनके संस्कार में सम्मिलित नहीं हो सके थे। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का विषय अलग है। उनका निधन तब हुआ जब उनके द्वारा रोपे गए बीज से बना विशाल वृक्ष देश की सत्ता पर आसीन था और उनके सहचरी ही सत्ता को संचालित कर रहे थे। इतना सम्मान दिए जाने के बाद भी कांग्रेस स्मारक बनाने की आड़ में मनमोहन सिंह का एक और अपमान कराने का कारण बनी है। स्मारक का विवाद इसीलिए खड़ा किया गया है। यह जानते हुए भी कि उसकी एक प्रक्रिया है। इस सबके बीच एक पूर्व प्रधानमंत्री का नाम और चर्चा में आ गया- पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव। वे देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें देश की राजधानी में दो गज जमीन तक तो छोड़िए, अंतिम संस्कार का भी अवसर नहीं दिया गया और न ही सैन्य सम्मान। 2004 में जब उनका निधन हुआ तब उनकी ही पार्टी कांग्रेस की सरकार केन्द्र में सत्तारूढ़ थी और मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे। जो सोनिया परिवार आज मनमोहन सिंह के लिए स्मारक की मांग कर रहा है, उसने अपने ही नेता नरसिंह राव के लिए कांग्रेस मुख्यालय के दरवाजे तक नहीं खोले थे।

नरसिंह राव की पार्थिव देह 10 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर एंबुलेंस में आधे घंटे तक पड़ी रही पर उसे भीतर लाने की इजाजत नहीं दी गई। फिर राव के परिजनों पर यह दबाव बनाया गया कि वे यह बयान दें कि वे अपने पिताजी का अंतिम संस्कार हैदराबाद में करेंगे। यह बयान भी इस शर्त पर दिलवाया गया था कि यदि वे ऐसा करते हैं तो दिल्ली में नरसिंह राव की स्मृति में एक स्मारक बनाया जाएगा। इसके बाद प्रतीकात्मक तौर पर मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी समेत कुछ लोगों ने एंबुलेंस में पुष्पांजलि अर्पित कर उसे हवाई अड्डे के लिए रवाना कर दिया गया। ऐसा क्यों किया गया, उसका एक कारण है, पर इसी में छिपा कांग्रेसी संस्कार है। यही कांग्रेसी संस्कार पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के लिए भी प्रकट किया गया। जीवन भर कांग्रेसी रहे प्रणब दा के निधन पर कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा शोक प्रस्ताव न किए जाने को उनकी बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ही सामने लेकर आयीं हैं।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा और संस्कारों को साथ लेकर चली और बढ़ी है, उसमें राजनीतिक विरोध को अस्पृश्यता के स्तर तक नहीं स्वीकार किया जाता। यही कारण है कि मोदी सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार और सम्मान में कोई कोर कसर नहीं रखी। यह पहला मौका था जब किसी राष्ट्रपति ने निगमबोध घाट पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हों। प्रोटोकॉल में यह आवश्यक नहीं था। राष्ट्रपति चाहती तो उनके आवास पर जाकर पुष्पांजलि कर सकती थीं। पर राजनीतिक विरोध और पक्ष-विपक्ष को नजरंदाज कर मोदी सरकार ने एक बड़ा संदेश दिया है।

जहां तक स्मारक बनाने वाले स्थल पर ही अंतिम संस्कार का सवाल है तो यह जानना जरूरी है कि अब राजघाट के आसपास का स्थान इसके लिए एक नियम के अनुसार ही आवंटित किया जा सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन के बाद भी पार्टी की ओर से तत्काल अटल स्मारक न्यास गठित किया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया और जहां आज 'अटल सदैव' स्मारक है, उसके लिए भाजपा ने एक प्रक्रिया का पालन कर जमीन का भुगतान किया है। कांग्रेस भी जब अपने किसी नेता के नाम पर स्मारक बनाकर सरकार से जमीन के लिए आवेदन करेगी, उसे मिल जाएगी। पर कांग्रेस को पहले यह तो बताना ही होगा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव का स्मारक कब बनवाएगी? सन् 2004 से लेकर 2014 तक सत्ता में रहने के बावजूद राव की आत्मा से किया गया वादा कांग्रेस नहीं निभा सकी। क्या वह मनमोहन सिंह से पहले नरसिंह राव का स्मारक बनाने का प्रस्ताव लाएगी? कांग्रेस ऐसा करे तभी नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार पटेल, डॉ. आम्बेडकर, लाल बहादुर शास्त्री से लेकर सीताराम केसरी, नरसिंह राव और प्रणब मुखर्जी तक को अपमानित किए जाने के पाप से मुक्त हो पाएगी।

# परमात्मा की ओर आकर्षण: एक आध्यात्मिक यात्रा

**विनय कुमार तिवारी**



मनुष्य के जीवन का हर क्षण एक कहानी है। कभी खुशी की, कभी संघर्ष की, तो कभी आत्मा की खोज की। इस जीवन में बहुत बार हम बाहरी दुनिया के आकर्षण में उलझ जाते हैं, लेकिन जब आत्मा परमात्मा की ओर खिंचती है, तो सारा संसार गौण लगने लगता है। यही सत्य इस कथा के माध्यम से समझा जा सकता है, जिसमें एक महिला और युवक की मुलाकात ने एक गहरी आध्यात्मिक शिक्षा दी। एक महिला प्रतिदिन मंदिर जाती थी। उसकी भक्ति, शांति और ध्यान का एक निश्चित समय और मार्ग था। उसी रास्ते पर एक युवक अक्सर उसे देखा करता था। वह महिला की सुंदरता और शालीनता से आकर्षित हो गया था।

दिन-ब-दिन वह उसके पीछे चलता, उसे देखता और उसके प्रति अपनी भावना में डूबा रहता। उसकी यह दिनचर्या एक गहरी इच्छा में बदल गई, महिला को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की। एक दिन, जब महिला ने युवक को महसूस किया कि वह उसे हर दिन देखता और पीछा करता है, तो उसने उसे रोककर इस व्यवहार का कारण पूछा। युवक ने बिना झिझक अपने प्यार का इजहार किया और कहा कि वह उसे किसी भी कीमत पर पाना चाहता है। युवक का साहस सुनकर महिला मुस्कुराई और बोली कि यदि तुम मुझे पाना चाहते हो, तो मेरी एक शर्त माननी होगी। तुम्हें अगले 21 दिनों तक प्रतिदिन मंदिर आना होगा और सत्संग सुनना होगा। इसके बाद, मैं तुम्हारे साथ चलने को तैयार हो जाऊंगी। युवक को यह शर्त बहुत सरल लगी। उसने सोचा कि महिला को पाने के लिए 21 दिन की यह छोटी सी शर्त मानने में कोई परेशानी नहीं होगी। वह तैयार हो गया और अगले ही दिन से मंदिर जाने लगा। पहले दिन वह सत्संग में बैठा, लेकिन उसका ध्यान सत्संग पर नहीं था। उसके मन में केवल महिला को पाने का विचार था। दूसरे दिन, वह सत्संग के कुछ शब्दों पर ध्यान देने लगा। हालांकि उसका मन बार-बार विचलित होता रहा। जैसे-जैसे दिन बीतते गए, वह सत्संग के वचनों में डूबने लगा। जीवन, भक्ति और आत्मा के बारे में जो बातें सत्संग में कही जाती थीं, वे उसके मन को छूने लगीं। सत्रहवें या अठारहवें दिन तक, युवक का मन पूरी तरह बदल चुका था। अब महिला को पाने की उसकी इच्छा पीछे छूटने लगी। उसके हृदय में परमात्मा के प्रति प्रेम और शांति का भाव जाग्रत हो गया। उसे ऐसा महसूस हुआ कि वह अपने जीवन का सच्चा अर्थ समझने लगा है।

इक्कीसवें दिन, जब वह सत्संग समाप्त कर मंदिर से बाहर निकला, तो महिला वहीं खड़ी थी। उसने युवक को देखा और उसे पुकारा। युवक ने उसकी ओर देखा, लेकिन उसकी आंखों में पहले जैसा आकर्षण नहीं था। उसने सिर झुका लिया और आगे बढ़ने लगा। महिला ने फिर आवाज दी, क्या तुमने मेरी शर्त पूरी नहीं की? युवक ने रुककर कहा कि मैंने तुम्हारी शर्त पूरी की। लेकिन इन 21 दिनों में मुझे जो शांति और आनंद मिला है, उसने मेरी सोच को बदल दिया है। अब मुझे तुम्हें पाने की इच्छा नहीं रही। मेरा मन अब परमात्मा से जुड़ चुका है। मैं अब उन्हीं का होकर रहना चाहता हूं। महिला यह सुनकर मुस्कुराई और बोली कि तुमने जो पाया है, वही जीवन का सच्चा अर्थ है। जो एक बार परमात्मा से जुड़ जाता है, वह फिर संसार के मोह में नहीं पड़ता। तुम्हारी यह यात्रा तुम्हारे लिए ही थी और मैं इस बात से प्रसन्न हूं कि तुमने अपनी मंजिल पा ली है। युवक ने महिला की ओर देखा, लेकिन अब उसकी आंखों में प्रेम का वह आकर्षण नहीं, बल्कि कृतज्ञता थी।

वह धीरे-धीरे आगे बढ़ गया और महिला ने उसे जाते हुए देखा। यह कथा हमें सिखाती है कि मनुष्य जब तक सांसारिक इच्छाओं और आकर्षणों में फंसा रहता है, तब तक उसे अपने जीवन का वास्तविक उद्देश्य समझ में नहीं आता। लेकिन जब वह ईश्वर की ओर मुड़ता है, तो उसकी आत्मा को वह शांति मिलती है, जिसकी तलाश वह अनजाने में करता रहता है। युवक का परिवर्तन यह दिखाता है कि सत्संग, भक्ति और ध्यान के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने भीतर छिपे दिव्य आनंद और शांति को खोज सकता है। इस कहानी का सार यही है कि संसार का मोह केवल क्षणिक है। असली सुख और शांति परमात्मा के साथ जुड़ने में है। जब हम भक्ति और आत्मज्ञान के पथ पर चलते हैं, तो सभी इच्छाएं पीछे छूट जाती हैं और जीवन का असली आनंद हमारे भीतर प्रकट होता है। यही जीवन का सच्चा उद्देश्य है - परमात्मा से जुड़ना और उन्हीं में लीन हो जाना।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : दास्तान हेमलता की

**अजय कुमार शर्मा**



1970-80 का दशक हिंदी सिनेमा में अनेक बदलाव लेकर आया था। मध्यम वर्ग को प्रमुख रूप से चित्रित करती फिल्मों के इस दौर में अपने मध्यवर्गीय अनुभवों के साथ कई नए निर्देशक, सितारे, संगीतकार और गायक भी सामने आए। मध्यम वर्गीय परिवार से आई एक गायिका हेमलता ने भी इस दौर में अपनी पहचान बनाई। अपने प्रेम और भक्ति गीतों के लिए प्रसिद्ध हुई हेमलता ने लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, कल्याण जी-आनंद जी जैसे दिग्गज संगीतकारों के साथ तो काम किया ही लेकिन रविंद्र जैन और उषा खन्ना के साथ उन्होंने सबसे ज्यादा गाने गाए। 'अंखियों के झरोखों से, मैंने देखा जो साँवरे', 'कौन दिशा में लेके चला रे बटोहिया', 'तू इस तरह से मेरी ज़िंदगी में शामिल है', 'तू जो मेरे सुर में सुर मिला ले, संग गा ले', 'मेघा ओ रे मेघा, तू तो जाए देश-विदेश', 'जब दीप जले आना, जब शाम ढले आना' जैसे उनके गीत आज भी गीत-संगीत प्रेमियों में बेहद लोकप्रिय हैं। हेमलता के जीवन के अनेक अहम पहलुओं को सामने लाती एक महत्वपूर्ण पुस्तक 'दास्तान-ए- हेमलता' हाल ही में सर्वभाषा ट्रस्ट से आई है, जिसके लेखक हैं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अरविंद यादव। पुस्तक में हेमलता के बचपन से लेकर उनकी सफलता तक की अनेक प्रमाणिक और रोचक जानकारियां हैं। हेमलता का जन्म 16 अगस्त 1954 को हैदराबाद में हुआ। उनके पिता जयचंद भट्ट एक बड़े शास्त्रीय गायक थे। शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियों के बीच ही उनका लालन-पालन हुआ। बाद में जयचंद भट्ट मद्रास विश्वविद्यालय में म्यूजिक के आचार्य बने तो परिवार मद्रास आ गया। छुट्टियों में हेमलता अपनी ननिहाल गोंदिया जाती जहां उन्हें भरपूर प्यार और आजादी मिलती। यहां वे रेडियो तो सुनती ही फिल्में भी खूब देखतीं। उन्हें फिल्मों के गाने तुरंत याद हो जाते, खासतौर पर लता मंगेशकर के गीत जो उन्हें बेहद अच्छे लगते थे। नानी भी जब-तब उनसे लताजी के गीत सुनती। एक गीत दिल अपना और प्रीत पराई तो बार- बार सुनती। नानी के साथ ही गोंदिया के लोग भी उन्हें 'लता' कहकर बुलाने लगे थे। कुछ दिनों बाद उनके परिवार कलकत्ता चला आया। उनके पिता विद्यार्थियों को संगीत सीखते तो नन्हीं हेमलता भी अपने पिता की नकल करती। तब तक पिता हेमलता को नहीं सीखा रहे थे। तब उनके शिष्य गोपाल मल्लिक ने अपने गुरु को आश्चर्यचकित करने और हेमलता की प्रतिभा को सबके सामने लाने का एक साहसी प्रयास किया। रंजीत स्टेडियम में आयोजित एक भव्य संगीत समारोह में जिसमें लता मंगेशकर, उषा मंगेशकर, सुधीर सेन, हेमंत कुमार, संध्या मुखर्जी जैसे बड़े-बड़े कलाकार भाग ले रहे थे, उसमें हेमलता को 'बेबी लता' के नाम से गाने का मौका दिया गया। बिना पिता जयचंद को बताए उन्हें भी इस समारोह में आमंत्रित किया गया। सात वर्ष की हेमलता की आवाज और उनका आत्मविश्वास डेढ़ लाख दर्शकों को इतना पसंद आया कि वंस मोर... वंस मोर... के शोर के बीच हेमलता को एक के बाद एक लताजी के बारह गाने गाने पड़े जिसमें ग्यारह बांग्ला गीत थे और एक था हिंदी गीत ज्योति कलश छलके।

इस संध्या में उपस्थित बंगाल के मुख्यमंत्री विधान चंद्र रॉय इतना प्रभावित हुए कि मंच पर जा पहुंचे और हेमलता को गले लगाकर स्वर्ण पदक देने की घोषणा की। पिता की भी प्रसन्नता का कोई ठिकाना न रहा। इस बीच मोतियाबिंद के कारण उनके पिता की आंखें खराब हो गई लेकिन संगीत साधना जारी रही। इसी दौरान रविंद्र जैन कलकत्ता पहुंचे और जयचंद से मिले। हेमलता का गीत सुनकर वे भी प्रभावित हुए। क्योंकि रविंद्र जैन खुद लिख सकते थे और संगीत भी तैयार करते थे इसलिए सब मिलकर स्टेज शो करने लगे जो खूब लोकप्रिय होने लगे। तब सभी ने बंबई जाने का फैसला लिया। वहां उस्ताद अल्लारखा साहब हेमलता के भाई विनोद को अपने बेटे जाकिर हुसैन के साथ ही तबला वादन सिखाने लगे और उन्होंने ही गोरेगांव की पात्रा चाल में रहने का इंतजाम भी कराया। इस बीच नौशाद ने भी हेमलता को सुना और उन्हें पांच साल के लिए अनुबंधित कर लिया केवल अपने साथ गाने के लिए। यह बात अखबारों में आ गई और बंबई में एक नई गायिका के आने का हल्ला हो गया। कई बड़े संगीतकार हेमलता से मिलने आने लगे।

एक दिन लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने स्टूडियो बुलाकर कुछ लाइनें हेमलता से गवाई और अगले दिन ताड़देव फेमस रिकॉर्डिंग स्टूडियो में आने को कहा।

पिता और बेटी दोनों अगले दिन जब वहां पहुंचे तो पता चला उन्हें वहां रिकॉर्डिंग के लिए बुलाया गया है तो दोनों नौशाद के कॉन्ट्रैक्ट को याद करके बाहर से ही वापस आ गए। अगले दिन यह जानकर कि उन्हें लता मंगेशकर जी के साथ गाना था जो काफी देर इंतजार करके वहां से गईं, दोनों को बेहद दुख हुआ और उन्होंने नौशाद से कॉन्ट्रैक्ट तोड़ दिया। पहला गाना उन्हें उषा खन्ना के साथ मिला फिल्म थी एक फूल एक भूल और गाना था दस पैसे में राम ले लो। अब मानो हेमलता के संघर्ष के दिन खत्म होने वाले थे। गाना खत्म होने के कुछ मिनटों बाद ही कल्याण जी-आनंद जी का उसी स्टूडियों में रुकने का संदेश आया। दूसरा गाना उन्होंने मुकेश जी के साथ रिकॉर्ड किया। गाने के बोल थे ₹ले चल ले चल मेरे जीवन साथी₹ फिल्म थी विश्वास। अगले ही दिन इसी फिल्म का एक और गीत रिकॉर्ड हुआ जिसमें उनके साथ थे मुकेश, महेंद्र कपूर। गीत के बोले थे- ढोल बजा, ढोल ढोल जानिया। इसके बाद हेमलता को फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलने लगा।

आशीर्वाद, ज्योति, माता महाकाली, रूप रुपैया जैसी अनेक फिल्मों के लिए उन्होंने गाया। इस समय उनकी उम्र मात्र चौदह वर्ष की थी। पहली बार सुपरहिट गाना उनकी जिंदगी में लता मंगेशकर के साथ आया। फिल्म का नाम था महबूब की मेहंदी। गीत के बोल थे- झिलमिल तारों की बारात में भीगी-भीगी बरसातों में...। लताजी के साथ दूसरा गया युगल गीत भी सुपरहिट हुआ जो फिल्म कच्चे धागे से था। फिर तो रविन्द्र जैन के साथ की गई अनेक फिल्मों- गीत गाता चल, सलाखें, तपस्या, चितचोर, फकीरा, दुल्हन वही जो पिया मन भाए, अंखियों के झरोखे और सुनयना से वे लोकप्रियता के शिखर पर जा पहुंची। पुस्तक में उनकी शादी, उसकी मुश्किलों से लेकर अभी तक की उनकी जिंदगी के अनेक अन्य पहलुओं को भी उजागर किया गया है । प्रख्यात संगीतकार रोशन नए गायकों को फिल्म इंडस्ट्री में इंट्रोड्यूस करने के लिए हर साल एक बड़ी रोशन नाइट बंबई में किया करते थे।

## आज का राशिफल

**मेष** : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृष** : स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन** : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।आमोद-प्रमोद का दिन होगा।

**कर्क** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंह** : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**तुला** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपव्यय के कारण बनेंगे।

**धनु** : जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**मकर** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**कुंभ** : किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। काम की कोशिश ठीक नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही के पूर्व विधायक बाबू निरंजन प्रसाद सिंह से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से की मुलाकात



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को बरही विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे एवं चय प्रगाणां राजपूत समाज के अध्यक्ष बाबू निरंजन प्रसाद सिंह से अपनें कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में विधायक प्रदीप प्रसाद ने बाबू निरंजन प्रसाद सिंह को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया और उनके योगदान को सराहा। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच वर्तमान राजनीतिक मुद्दों, क्षेत्रीय विकास, और जनता से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर गहन चर्चा हुई।

### एसडीओ की पत्नी के मौत मामले में मनीष जायसवाल ने न्याय के लिए मुख्य सचिव से की बात

**हजारीबाग ।** हजारीबाग में बीते दिनों सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी की जलने से हुई मृत्यु की चौंकाने वाली घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य घटना पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से आग्रह है कि सदर एसडीओ को अपने दायित्व से पद मुक्त किया जाए ताकि फ्री एंड फेयर ट्राइल बिना किसी दबाव के किया जा सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। उन्होंने यह भी कहा की इस संबंध में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी व जिला प्रशासन से विस्तृत चर्चा हुई है और दोषियों पर कार्यवाही करने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह उनसे किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि इस घटना से समस्त हजारीबाग शर्मसार है और न्याय जरूर होगा ।

### विस्थापितों संग अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने की बैठक

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित कोनार डैम के विस्थापित रैयत डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ अपनी मूलभूत सुविधाओं के साथ मालिकाना हक के लिए आंदोलनरत रहे हैं। अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कोनार डैम के निर्माण के समय अधिगृहित भूमि के दाखिल खारिज हेतू तत्परता के साथ सभी विस्थापितों की स्थिति को जानने और मालिकाना हक मिले इसके लिए गांव गांव जा कर उनकी समस्या से अवगत होते हुए, हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। श्री दास ने कहा कि विस्थापितों को न्याय दिलाना हम सबकी जिम्मेदारी है, नावाटांड़ के साथ कोनार डैम अन्य विस्थापितों का भी दाखिल खारिज हेतू प्रयास किए जा रहे हैं, जल्द ही दाखिल खारिज संबंधी कार्य शुरू किए जाएंगे।

विस्थापित सह बनासो पंचायत के युवा मुखिया चंद्रशेखर ने कहा कि डीवीसी अवैध तरीके विस्थापितों का जमीन लिया है पुनर्वास के नाम पर सिर्फ एक भूमि के टुकड़ा दे दिया, पुनर्वास के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से महरूम हैं आज भी विस्थापित।

विस्थापित युवा सह झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने विधानसभा चुनाव समाप्ति के बाद से ही अंचलाधिकारी नित्यानंद दास से ग्रामसभा कर विस्थापितों की समस्या जानने का अनुरोध किया था साथ ही डीवीसी द्वारा विस्थापित रैयतों के शोषण की गाथा बताई ।

# अपने पीछे कई राज छोड़ गई अनीता देवी

### पति के बदले नौ वर्षीय पुत्र ने दी मुखाग्नि



संवाददाता

**हजारीबाग।** अनीता देवी का अंतिम संस्कार उनके ससुराल (पति अशोक कुमार के पैतृक गांव) बेलगडा गांव में रविवार को किया गया। मुखाग्नि नौ वर्षीय पुत्र अलौकिक ने दी। इस दौरान एसडीओ अशोक कुमार को आने का भी इंतजार किया गया मगर एसडीओ वहां नहीं पहुंचे इसके बाद गांव वालों ने मृतिका अनीता देवी के पति एसडीओ अशोक कुमार की अनुपस्थिति में अंतिम संस्कार किया। बता दें कि सदर एसडीओ की पत्नी अनीता देवी की मौत का मामला गुरुवार सुबह से पूरे क्षेत्र में सुर्खिया बनी है। शनिवार को मृतिका अनीता देवी के मायके वाले उसके शव हजारीबाग शहर के लोहसिंघना थाना के समक्ष रख सात से आठ घंटे तक एसडीओ की गिरफ्तारी की मांग करते हुए घेराव किया। इस दौरान अनीता देवी के भाई, पिता, चाचा समेत अन्य रिश्तेदार आक्रोशित थे और एसडीओ की गिरफ्तारी के साथ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाने की मांग कर रहे थे। जिले के कई वरीय अधिकारी लोहसिंघना थाना पहुंच आक्रोशित परिवार वालों को समझा बुझा कर और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया उसके बाद रात लगभग सवा दस बजे मृतिका अनीता देवी के परिवार वालों और एसडीओ के घर वालों के बीच सहमति बनी की मृतिका के शव को एसडीओ के पैतृक गांव भेजा जाएगा वहीं अंतिम संस्कार होगा उसके बाद सभी धरना समाप्त कर अपने अपने घर चले गए। इस अस्पताल से उसे अस्पताल तक ले जाने से मामले को संदेह से देख रहे हैं लोग और कई राज को सीने में दफन कर सदा के लिए खामोश हो गई अनिता कानून के रखवाले पति ने ही कर दिया कानून से खिलवाड़ 48 घंटों तक जीवन और मौत से लड़ते- लड़ते कई राज को सीने में दफन कर चला कि लिए खामोश हो गई अनिता का सच उसके मुंह से बाहर नहीं आ सके, इसके लिए कानून के रखवाले उनके पति अशोक कुमार ने जो कुछ किया, वह उनके नियत और साजिश को बताने के लिए काफी है। 48 घंटों की छोटी सी अवधि में बेहतर चिकित्सा के नाम पर घुमाते रहे, एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल। यह देखने में छोटी बात भले लगे पर यह सोचा समझा आपराधिक कृत्य था, जिसमें एक अस्पताल में रुकने नहीं दिया गया। मकसद था इलाज में स्थिरता आने पर मीडिया और थाने की सक्रियता, ऊपर से पत्नी द्वारा कुछ कहकर बचाव के सारे रास्तों पर वीराम लगा जाना। तभी 26 की सुबह जब हजारीबाग झील रोड स्थित एसडीओ के सरकारी आवास पर जब रहस्यमयी आग में एसडीओ की पत्नी अनिता 70 फीसदी जली तो अधिकारी उसे लेकर 7.15 बजे सुबह आरोग्यम अस्पताल पहुंचे, जहां कई सास जांच और प्राथमिक इलाज हुआ। कराकर एक घंटे में राज्य में अव्वल कहे जाने वाले बर्न हॉस्पिटल बीजीएस, बोकारो पहुंच गए हजारीबाग में थाने तक बात पहुंचने से भल उन्होंने रोक दिया पर बीजीएस से सूचना थाने पहुंच गई और मीडिया से लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो उठा। मामले में पुलिस महकमे की तैयारी थी, पर रात में ही इलाज के दौरान अधिकारी ने रेफर करा लिया और पहुंच गए मेडिका, रांची। मेडिका में इलाज शुरू हुआ औ यहां भी जब हलचल बढ़ने लगी तो अचानक मेडिका से रेफर कराकर रांची के बर्न हॉस्पिटल देवकमल पहुंच गए। यहीं अनिता ने दम तोड दिया। बार-बार अस्पताल बदले जाने से एक त मुक्कमल इलाज शुरू नहीं हो पाया और दूसर बार- बार स्थान बदले जाने के कारण न पीड़ित का बयान हो सका और राज बाहर हो सका जिसके लिए शहर में चर्चा की विषय बनी हुई है।

### सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मिशन स्कूल ग्राउंड का किया निरीक्षण

## कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो : प्रदीप प्रसाद



संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मिशन स्कूल ग्राउंड का दौरा किया और मैदान के सौंदर्यीकरण की योजना को लेकर अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों की सुविधा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सोमवार से इस कार्य की शुरूआत हर हाल में होनी चाहिए। मैदान का सौंदर्यीकरण हेतु मिशन स्कूल ग्राउंड का सौंदर्यीकरण कार्य आगामी सोमवार से शुरू होगा। इसमें मैदान को बेहतर रूप में तैयार करने के लिए मरम्मत और रंगाई की जाएगी। साथ ही, मैदान में हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण भी किया जाएगा।

स्वच्छता की दिशा में कदम हेतु विधायक ने मैदान के आसपास डस्टबिन लगाने की योजना को मंजूरी दी। यह कदम क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए उठाया गया है। डस्टबिन को मैदान के चारों ओर रणनीतिक रूप से लगाया जाएगा ताकि लोग कचरा इधर-उधर न फेंकें और स्वच्छता बनी रहे। सुबह की सैर के लिए अनुकूल वातावरण के लिए विधायक ने यह सुनिश्चित करने की बात की मैदान में ऐसी सुविधाएं हों जो सुबह की सैर करने वालों के लिए आरामदायक और सुरक्षित हों। इसके तहत मैदान की सतह को समतल किया जाएगा, साथ ही आसपास की सड़कें और रास्ते भी बेहतर बनाए जाएंगे। सुरक्षा और व्यवस्था हेतु मैदान के आसपास उचित सुरक्षा व्यवस्था रखी जाएगी ताकि खेलकूद और अन्य गतिविधियां निर्बाध रूप से चल सकें। इसके अलावा, मैदान की ओर जाने वाली मुख्य सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था और बैठने की उचित व्यवस्था की जाएगी। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की मिशन स्कूल ग्राउंड का सौंदर्यीकरण क्षेत्रवासियों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। यह मैदान न केवल खेलकूद के लिए, बल्कि सुबह की सैर और अन्य गतिविधियों के लिए भी आदर्श स्थान बनेगा। हमने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि सोमवार से ही इस कार्य की शुरूआत की जाए और किसी भी प्रकार की देरी न हो। मैदान के चारों ओर स्वच्छता बनाए रखने के लिए डस्टबिन लगाए जाएंगे, ताकि यहां आने वाले लोग साफ-सफाई का ध्यान रखें।

## कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो का स्वागत कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने किया



संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने हजारीबाग प्रवेस के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने सोल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं और स्थानीय नेताओं से संवाद करते हुए संगठन को सशक्त बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनकी प्रतिबद्धता और मेहनत ही पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। जबकि मुन्ना सिंह ने इस मुलाकात को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस तरह की बैठकों से कार्यकताओं में नया उत्साह आता है और संगठनात्मक एकता को बल मिलता है। भेंट के बाद मुन्ना सिंह और प्रदेश अध्यक्ष डुमरोन पंचायत स्थित डुमरोन गांव पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस की प्रदेश ओबीसी मोर्चा की प्रदेश सचिव रेणु देवी के दादा ससुर के दौवादशा कार्यक्रम में शिरकत की और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद वे चंम्पा नगर पंचायत के तिलरा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने इंटक के जिला अध्यक्ष अनिल उपाध्याय के पिता के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया और परिवार को सांत्वना दी। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकताओं के साथ मिलकर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, रियाज अहमद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह शाशी मोहन सिंह, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, ठरवक जिला अध्यक्ष अभिषेक राज, युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता रितेश, तिवारी ,कटकमदाग प्रखंड प्रमुख कुमारी विनिता, उप प्रमुख रविकांत सिंह, सदर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता, चानो मुखिया पप्पू यादव नरसिंह प्रजापति , सरजु यादव, सखिया मुखिया इम्तियाज , रविन्द्र कुशवाहा, गोवर्धन गंझु, सरपंच मुकेश कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वाहन के चपेट में आने से खूबलाल सिंह के मौके पर मौत

**हजारीबाग/दारू।** प्रखंड अंतर्गत एनएच 522 पिपचो में सड़क हादसा में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात 8 बजे घटी । युवक की पहचान पिपचो के खूबलाल सिंह उर्फ मल्लू सिंह (30) पिता स्व नांदों सिंह के रूप किया गया। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मृतक काम करके अपने घर लौट रहा था इसी क्रम में एक अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया इससे वह सड़क पर गिर गया। वाहन का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना दारू थाना को दी गई तो दारू थाना अपनी तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर मृत व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया। खूबलाल सिंह के मृत्यु होने की सूचना उसके गांव में जैसे पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया ।

# सदर एसडीओ अशोक कुमार को तत्काल गिरफ्तार करें पुलिसः भुवनेश्वर प्रसाद मेहता



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के पूर्व सांसद और सी पी आई के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित किया. इस प्रेस वार्ता में सी पी आई एम के के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू, सी पी आई के सहायक जिला सचिव निजाम अंसारी, वरिष्ठ अधिवक्ता शंभू कुमार और खतीयानी परिवार के मोहम्मद हकीम भी शामिल थे. सर्वप्रथम उन्होंने विश्व के प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनने के पहले केंद्र सरकार के आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग के सदस्य, आरबीआई के गवर्नर रहने के बाद उन्होंने देश के वित्त मंत्री बने और 2004 में वामपंथियों के सहयोग से बनी सरकार मैं देश के प्रधानमंत्री बने। इस सरकार ने कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के तहत मनरेगा, आरटीआई, फूड सिक्योरिटी एक्ट जिसके तहत आज मोदी सरकार 80 करोड लोगों को फ्री अनाज दे रही हैं, जंगल के जमीन पर बसे आदिवासी और गैर आदिवासी को 10 एकड़ जमीन मिले इसके लिए वन अधिकार अधिनियम और 1894 में बने जमीन अधिग्रहण कानून के बदले नया जमीन अधिग्रहण कानून 2013 बनाया।

हजारीबाग शहर में एक बड़ी घटना घटी है हजारीबाग सदर के अनुमंडल अधिकारी के सरकारी आवास में उनकी पत्नी गंभीर रूप से जल गई थाने को बिना सूचना दिए वें अपनी पत्नी को लेकर शहर स्थित आरोग्यम अस्पताल और फिर वहां से बोकारो स्टील सिटी का अस्पताल और फिर वहां से रांची के मेडिका और उसके बाद राँची के ही देव कमल अस्पताल ले गए। इस दरमियान एसडीओ ने कहीं पर भी अपनी पत्नी का बयान पुलिस को दिलवाना उचित नहीं समझे और अंत में 70% जली उनकी पत्नी की मौत अस्पताल में हो जाता है तब राँची पुलिस शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्डम करवाता है। इस मामले को लेकर एसडीओ के साले राजू कुमार गुप्ता ने लोहसिंघना थाना में अपनी बहन की हत्या जलाकर करने का एक केस किया है बावजूद उसके आज तक थाने द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। थाने में मामला दर्ज करवाने के लिए भी राजू कुमार गुप्ता को काफी मस्कत करनी पड़ी यहाँ तक कि शव को लेकर थाने के सामने धरना देना पड़ा . सदर एस डी ओ का व्यवहार से ऐसा लगता है कि इन्होंने जानबूझकर अपनी पत्नी को मारने के लिए जला दिया और अपने बचने के लिए इन्होंने बुझाने का नाटक करते हुए अपने हाथ को भी जला लिया। यह बहुत ही खतरनाक बात है और इसका प्रभाव समाज में बहुत ही गलत पड़ेगा. इसलिए प्रेस वार्ता के माध्यम से हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं की तत्काल उन्हें गिरफ्तार किया जाए और पूरे मामले का जांच सीबीआई से करवाई जाए तथा एस डी ओ का प्रभार तत्काल किसी अधिकारी को दिया जाय ताकि रूटीन वर्क होता रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के बैनर तले 90 दिवसीय डोर-टू-डोर जिले के विभिन्न प्रखंडों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे हजारीबाग जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के विभिन्न गांवों मे पारा लीगल वॉलेंटियर्स के द्वारा कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान घर-घर जाकर लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान,बाल विवाह, पोक्सो अधिनियम, साइबर क्राइम, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा आदि से संबंधित जानकारी दिया गया। इसके साथ ही लोगों को यह जानकारी दिया गया कि लोग सिविल कोर्ट के न्याय सदन भवन स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में पहुंचकर अपने-अपने आपसी विवाद में बातचीत के माध्यम से समझौता करा सकते हैं। जहां त्वरित एवं निःशुल्क कार्य किया जाता है।

इसके साथ ही लोगों को यह भी बताया गया कि अब लोग घर बैठे निःशुल्क कानूनी सलाह भी ले सकते हैं। इसके लिए टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के सचिव श्री गौरव खुराना के द्वारा किया जा रहा है। सचिव ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में यह डोर-टू-डोर कार्यक्रम प्रधान जिला जज श्री रंजीत कुमार के देखरेख में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग मे कार्यरत सभी पारा लीगल वॉलेंटियर्स के द्वारा लोगों को कानून से संबंधित जानकारी दिया जा रहा है। पूरे कार्यक्रम के दौरान कई महिला-पुरुष शामिल थे।

**कला** हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान

# नेजामुद्दीन ने किलारनेट, सैक्सोफोन वादन से बनाई अपनी पहचान



प्रदीप पाठक

**हजारीबाग।** शहर के जामा मस्जिद मार्ग निवासी नेजाम उद्दीन उर्फ राजा का किलारनेट, सेक्सोफोन एवं ऑर्गन वादन में कोई जोड़ नहीं है। उनकी यह कला परंपरागत रूप से दादा- पिता के साथ चली आ रही है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी राजा इसमें अपने हुनर से दादा और पिता का नाम को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। 1960 के दशक में दादा स्व. ख्वाजामुद्दीन के द्वारा जामा मस्जिद चौक हजारीबाग में ख्वाजा मुद्दीन बैंड की स्थापना की गई थी। 1980 में इनके पिता स्वर्गीय हाजी खैरूद्दीन इस बैंड के वारिस हुए और इसका नाम खैरूद्दीन बैंड रखा। 1990 में राजा भाई ने संगीत की दुनिया में कदम रखा एवं खैरूद्दीन बैंड को गति देने का काम शुरू किया जो आज तक जारी है। इसमें पचास कलाकारों को इनके द्वारा रोजगार दिया जा रहा है। आर्केस्ट्रा, जागरण का कार्यक्रम, संगीत संध्या, बरात लगाने के लिये बैंड पार्टी, रोड लाइट, जलसा का कार्यक्रम, हजारीबाग में बड़े- बड़े कार्यक्रमों में साउंड सिस्टम एवं लाइट लगाने का काम राजा भाई बखूबी करते आ रहे हैं। हजारीबाग नगर भवन में भोजपुरी की मशहूर गायिका देवी के कार्यक्रम में अपने वादन से स्टेज सझा कर चुके हैं पतरातू मेंएनटीपीसी द्वारा आयोजित स्टार नाइट कार्यक्रम में स्वाति भट्टाचार्य के कार्यक्रम में अपने वादन श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए

अपने वादन का लोहा बिहार- झारखंड के लगभग सभी जिलों में मनवा चुके हैं।

खैरूद्दीन बैंड के वर्तमान में संचालक भी है

खैरूद्दीन बैंड की ख्याति दूर-दूर तक फैल चुकी है। 2016 से फिल्म निर्माण के क्षेत्र फिल्म निमार्ता के रूप में भी कदम रखा था

अपने मृदुभाषी स्वभाव के चलते हिंदू मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, अग्रवाल सभी समाजों में इनके खैरूद्दीन बैंड और इनकी कला के चलते पहचान बनी हुई है। इसके अलावे सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। सद्भावना विकास मंच के सदस्य एवं अंजुमन इस्लामिया मंच के सदस्य हैं

साथ- साथ वे हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कि पद पर रहकर कलाकारों के उत्थान के लिए कार्य करते आ रहे हैं ट्रस्ट द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं एवं खुद अपने कल का प्रदर्शन भी करते हैं

अपने कामों से अपना नाम और हजारीबाग का नाम रौशन कर रहे हैं।

## खुशबू कुमारी के द्वारा कंबल वितरण किया गया



संवाददाता

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के पुनाई पंचायत के विभिन्न गांव में पुनाई ताड़ बरिया लोहड़ी ग्राम में जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ हजारीबाग की जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने महिलाओं बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों के बीच सैकड़ो कंबल वितरित किया इस ठंड के मौसम में लगातार समाज सेवा से जुड़ी खुशबू कुमारी के द्वारा लगातार विभिन्न गांव में कंबल वितरण का कार्यक्रम चल रही है इनका कहना है कि सामाजिक सेवा से आत्म संतुष्टि मिलती है इन्होंने कहा सामाजिक सेवा की कड़ी में और भी अन्य योजनाएं मेरे पास है जो आगे क्रियान्वित होती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम ने आचार्य किशोर कुनाल के निधन पर जताया शोक

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व आईपीएस अधिकारी, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष और महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि आचार्य किशोर कुणाल एक कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील पदाधिकारी थे। वे विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से भी जुड़े रहे। आचार्य किशोर कुणाल ने महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव के पद पर रहते हुये विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यों को अंजाम दिया। नीतीश ने कहा कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पद पर रहते हुये कुणाल ने अपने कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित किया। उनके निधन से प्रशासनिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### 80 लीटर नेपाली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** जिले के सोनामनी गोदाम थाना पुलिस ने एसएसबी के साथ मिलकर 80 लीटर नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस और एसएसबी की यह कार्रवाई मिली गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर प्राप्त की।पहली कार्रवाई जहां सोनामनी गोदाम थाना पुलिस ने अकेले करते हुए 32.7 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद किया।वहीं दूसरी कार्रवाई एसएसबी के साथ मिलकर बीती रात मिले गुप्त सूचना पर भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के पास से संयुक्त कार्रवाई करते हुए 48 लीटर नेपाली देशी शराब और मोटरसाइकिल को जब्त किया।वहीं मोटरसाइकिल पर सवार दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों मामले में अलग अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है।जानकारी की पुष्टि एसपी अमित रंजन ने की है।दोनों तस्करों से पुलिस पूछताछ कर रही है और रविवार को गिरफ्तार तस्करों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की बात कही।

### शराब के साथ बाईक जब्त, महिला गिरफ्तार

**बेतिया।** नौतन पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में छापेमारी कर देशी व विदेशी शराब के साथ एक बाईक को जब्त किया है। वहीं एक महिला धंधेबाज को पुलिस ने शराब बेचते गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि खाप टोला गांव में छापेमारी कर सरला देवी को दो लीटर चुलाई शराब के साथ दबोचा गया है।वहीं शिवराजपुर दियरा सरेह से एक बाइक के साथ अड़तालीस पीस रायल स्टेज करीब अट्ठारह लीटर विदेशी शराब को जब्त किया गया है ।जबकि धंधेबाज पुलिस को देख बाइक व शराब छोड़ फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक के कागजातों की जांच कर पुलिस फरार धंधेबाज की पहचान में जुटी है।

### द बुक लीडर ऑफ लीडर रतन टाटा



**कोलकाता।** दिवंगत रतन टाटा (जन्म 28 दिसंबर 1937) की 88वीं जयंती के शुभ अवसर पर उनके फौलादी चरित्र और रंगीन करियर पर आधारित पुस्तक 'लीडर ऑफ लीडर्स रतन टाटा' लॉन्च की गई। यह किताब रतन टाटा की मृत्यु (9 अक्टूबर '24) के ठीक 2 महीने और 20 दिन बाद जारी की गई थी। 34 विद्वानों की राय वाले 44 पन्नों के इस संकलन को 'मानसी रिसर्च फाउंडेशन' और 'फिनशास्त्र रिसर्च फाउंडेशन' ने संयुक्त रूप से प्रकाशित किया है। पुस्तक के विमोचन के समय पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर अजय कुमार रॉय, जेआईएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी एंड रिसर्च के निदेशक डॉ. विक्रम सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार के उद्योग और वाणिज्य विभाग के पूर्व नौकरशाह अनुपम हालदार उपस्थित थे। पश्चिम बंगाल सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग के संयुक्त आयुक्तों में से एक, 'इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया' के सदस्य 2016 की नेशनल प्रिंसिपल ममता बिनानी, 'टाटा कोक प्लांट' के पूर्व प्रमुख एसके हलदर, 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के पूर्व प्रिंसिपल मंसाकुमार ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

### आग की चपेट में आने से सात मवेशियों की मौत

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला के शिकारपुर थाना स्थित बहुआरवा कला गांव में आग से एक घर जलकर राख हो गया। घटना में सात मवेशियों की जलने से मौत हो गई। मवेशियों में दो गाय व पांच बकरी शामिल है। घर वालो ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची अग्निशमन टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। घटना का कारण बिजली शर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में बहुआरवा कला गांव के विकास कुमार का घर जला है। घर मे रखे कपड़े,अनाज ,बर्तन समेत हजारों रुपए मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हुई है।

# बस अनियंत्रित होकर पलटने से 22 लोग घायल



एजेंसी

**कोलकाता।** जिले के दांतन इलाके में एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में 20 से अधिक यात्री घायल हो गए। इनमे से कुछ की हालत गंभीर है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक यात्री बस मोहनपुर से मेदिनीपुर की ओर जा रही थी। तभी दांतन के खंडरुई इलाके में यात्रियों से भरी बस सड़क किनारे झाड़ियों में पलट गई। हादसे में बस में सवार सभी लोग घायल हो गये। हादसे की तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने पर दांतन थाने की जोरागरिया चौकी और बेल्दा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को खंडरुई अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ लोगों की हालत गंभीर होने के कारण एगरा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि खराब सड़क के कारण ये हादसा हुआ है। हादसे के बाद सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे। उनका कहना है कि सड़क खराब है तो भी उसकी मरम्मत क्यों नहीं करायी जाती? उधर, हादसे की खबर पाकर दांतन दो नंबर ब्लॉक के पंचायत समिति के वन पदाधिकारी इफ्तेखार अली ने सड़क की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है।

## अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्र के प्रेरणापुंज बने रहेंगे : नित्यानंद राय

एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय कांटी विधानसभा क्षेत्र के पानापुर हाई स्कूल मैदान में आयोजित संकल्प सभा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्र के प्रेरणापुंज बने रहेंगे। केंद्रीय मंत्री राय ने कहा कि वाजपेयी ने एक स्वाभिमानी और समृद्ध भारत की नींव डाली।

उन्होंने भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह की तस्वीरों पर पुष्पांजलि के बाद खचाखच भरे पानापुर मैदान में घूम-घूमकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के बहुमुखी विकास के लिए कई ऐतिहासिक योजनाओं को जमीन पर उतारा। कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें कभी भूला नहीं पाएगा। उनके द्वारा शुरू की गई योजनाओं का मूल उद्देश्य देश के गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं का उत्थान था। अटल बिहारी वाजपेयी ने जो सपने देखे थे, वे नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में फलीभूत हो रहे हैं। आज की अपार भीड़ वाजपेयी के प्रति श्रद्धा और विश्वास की गवाही दे रही है। अजीत कुमार ने केंद्र और राज्य सरकारों की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि कांटी क्षेत्र की जन समस्याओं का समाधान उनके जीवन का संकल्प रहा है। उन्होंने सरकारी योजनाओं और हर जाति-वर्ग के जरूरतमंद लोगों के बीच सेतु बने रहने का संकल्प किया। उन्होंने कार्यकताओं से कांटी के दबे-कुचले लोगों का सम्मान बढ़े, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने का आह्वान किया।

### मीड-डे मील रसोइया संघ ने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर सांसद को मांग पत्र दिया

**सहरसा।** अखिल भारतीय मिड डे मील वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जिले के विभिन्न प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत सैकड़ों रसोईया ने वेतन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा,46वें राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के फैसले को लागू करने, पेंशन, सेवा के स्थायीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र यादव के कायस्थ टोला सहरसा स्थिति निवास स्थान पर प्रदर्शन कर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।
रसोईया का जुलूस सहरसा रेलवे जंक्शन से मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन सहरसा के जिलामंत्री ब्यास प्रसाद यादव, जिला अध्यक्ष विनोद यादव,डोमी पासवान,सूतजी देवी, कैलाश प्रसाद स्वर्णकार ,अफसाना खातून,निर्मल कुमार आदि कुमार आदि के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गों से रसोईया के सेवा को स्थायी करो तथा सरकारी सेवक का दर्जा दो, रसोईया के वेतन में सम्मानजनक वृद्धि करो, सामाजिक सुरक्षा का गारंटी करो, बारहों महीने का वेतन दो, मध्याह्न भोजन योजना को एन जी ओ , निजीकरण/ठेकाकरण बंद करो की मांग की ।

## पूर्वी चंपारण जिले का लक्ष्मीपुर गांव बना शराबमुक्त गांव



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** हम लक्ष्मीपुर ग्राम वासी , ईश्वर की शपथ लेते हैं कि आज से हम गांववासी ना शराब पियेंगे ना पीने देंगे और ना ही कही बिक्री करने देंगे। ' पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की पहल पर पूरे गांव के बड़े बुजुर्ग, महिलाएं एवं युवाओं ने कुछ इस तरह से एसपी के साथ शपथ लेते हुए शराब से तौबा किया। पुलिस कप्तान का कहना है कि पूरा गांव शराबमुक्त हो गया है। गांव के सभी बड़े बुजुर्ग, महिलाएं, युवाओं ने इसको लेकर शपथ लिया है। जिसमे कहा गया है कि हमलोग किसी को भी शराब नहीं पीने, नहीं बेचने देगे इसकी शपथ ले रहे हैं। लिहाजा देखा जाये तो इस तरह से रघुनाथपुर थाना क्षेत्र का लक्ष्मीपुर पूर्वी चंपारण जिले का पहला गांव है जो शराबमुक्त बन गया है। गांव वालो की इस पहल पर पुलिस कप्तान सहित कई अधिकारी गांव में जाकर ग्रामीणों का हौसला अफजाई किया और प्रशंसा की। वही इस मौके पर महिलाओं, बुजुर्गों , जन प्रतिनिधियों सहित कई समाज सेवियो को भी सम्मानित किया। एसपी ने कहा है कि शराब और नशे के विरुद्ध पूरे जिले में अभियान चलाया जाएगा। लोग जागरूक होंगे तो ही यह सम्भव होगा कि गांव लिकर फ्री होगा। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस पूर्वी चंपारण आम जनता से इस अभियान में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने का अपील करती है।

## जिला प्रशासन के प्रस्ताव को बीपीएससी अभ्यर्थियों ने ठुकराया, सीएम से मिलने पर अड़े



एजेंसी

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारम्भिक परीक्षा को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस परीक्षा को रद्द करने की मांग पर अड़े अभ्यर्थियों ने अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने की जिद्द पकड़ ली है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने आयोग के अधिकारियों के साथ पटना में बातचीत के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। यह प्रस्ताव जिला प्रशासन की ओर से आया था।
प्रदर्शनकारी छात्रों को जिला प्रशासन की ओर से डीएम ने पेशकश की थी। डीएम ने बताया कि हमने प्रदर्शनकारी छात्रों को बीपीएससी अधिकारियों से मिलने का प्रस्ताव दिया था ताकि वह अपनी शिकायतों को आयोग के समक्ष रख सकें लेकिन छात्रों की ओर से उस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया है और यह मांग उठाई है कि उन्हें मुख्यमंत्री से मिलना है लेकिन यह संभव नहीं है। क्योंकि, बीपीएससी एक स्वतंत्र निकाय है और इसमें सरकार की कोई दखलअंदाजी नहीं है। उल्लेखनीय है कि बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारम्भिक परीक्षा 13 दिसम्बर को आयोजित हुई थी। परीक्षा वाले दिन पटना के एक सेंटर पर हंगामा हुआ। इस दौरान प्रश्न पत्र भी फाड़े गए। हालांकि, उस हंगामे के बीच परीक्षा आयोजित की गई थी। बाद में उस सेंटर पर परीक्षा को रद्द कर दिया गया और 4 जनवरी को उसी सेंटर पर दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया गया है लेकिन अब छात्रों ने पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग की है। इसको लेकर पटना में बीपीएससी कार्यालय के बाहर उनका विरोध-प्रदर्शन भी जारी है। छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच आयोग ने यह साफ कर दिया है कि परीक्षा को रद्द किए जाने का सवाल ही नहीं उठता। आयोग का कहना है कि यह प्रदर्शन प्रायोजित है। आयोग के इस स्पष्टीकरण के बाद भी छात्र अपनी मांग पर अड़े हैं। रविवार को जन सुराज संस्था के संस्थापक प्रशांत किशोर द्वारा बुलाई गई ह्यछात्र संसदह्न (छात्रों की सभा) को जिला मजिस्ट्रेट की ओर से अनुमति नहीं मिली है। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आगे से विरोध-प्रदर्शन में किसी भी तरह से शामिल पाए जाने वाले कोचिंग संस्थान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमा पारकर फसल काट ले जा रहे हैं बांग्लादेशी, किसानों ने बीएसएफ से लगाई गुहार



एजेंसी

**कोलकाता।** नदिया जिले के सीमावर्ती इलाकों में फसल चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। ताजा मामला तेहट थाना क्षेत्र के साहापुर इलाके का है, जहां भारतीय सीमा के अंदर से फसलों की कटाई कर उन्हें चुराने का आरोप बांग्लादेशी लुटेरों पर लगाया गया है। किसानों का कहना है कि कई दिनों से रात के अंधेरे में उनकी फसलों को काटकर चोरी किया जा रहा है।
स्थानीय किसानों ने बताया कि गेहूं, सरसों और अन्य फसलों को लुटेरे रात में काटकर ले जा रहे हैं। दिन के उजाले में भी सीमावर्ती खेतों से फसल चोरी की घटनाएं हो रही हैं। सीमा पर कड़ी निगरानी और तारबंदी के बावजूद फसल चोरी को रोकने में असफलता किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। किसानों ने बताया कि अब खेतों में काम करने के लिए भी उन्हें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को पहचान पत्र जमा करना पड़ता है और तय समय सीमा में वापस लौटना अनिवार्य होता है। बार-बार सीमा क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जाती, जिसके चलते फसलों की निगरानी करना मुश्किल हो गया है। बीएसएफ की कड़ी कार्रवाई की मांग किसानों ने बीएसएफ से जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि फसल चोरी पर लगाम नहीं लगाई गई तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। कई सीमावर्ती इलाकों में कंटीले तारों की बाड़ नहीं होने के कारण घुसपैठ और फसल चोरी जैसी घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है।
बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। नाइट विजन कैमरे और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके निगरानी तेज की जा रही है। नदिया के साहापुर समेत अन्य प्रभावित इलाकों में नो मैन्स लैंड में काम करने वाले किसानों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।
बीएसएफ और बीजीबी के बीच बैठक की तैयारी बीएसएफ ने बताया कि इस मुद्दे पर बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) के साथ फ्लैग मीटिंग कर उचित कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि सीमावर्ती सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## आरजी कर कांड : नया फोरेंसिक रिपोर्ट पीड़िता के शरीर पर महिला का डीएनए और संजय का डीएनए का खुलासा



संवाददाता

**कोलकाता।** केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की एक व्यापक रिपोर्ट मामले में सामने आई है, जिसमें पीड़िता के शरीर पर डीएनए विश्लेषण से जुड़े महत्वपूर्ण विवरण उजागर हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता के शरीर के विभिन्न हिस्सों से लिए गए 29 डीएनए नमूनों की जांच में कई व्यक्तियों का आनुवंशिक सामग्री मिली। खास बात यह है कि पीड़िता के शरीर से लिए गए योनि स्वाब में पीड़िता के अलावा एक अन्य महिला का डीएनए पाया गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पीड़िता के कई क्षेत्र से मिले डीएनए नमूने न तो पीड़िता के अपने थे और न ही मुख्य संदिग्ध संजय के। इसके बजाय, इन क्षेत्रों में पाए गए आनुवंशिक सामग्री एक अन्य महिला की प्रतीत होती है। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि यह डीएनए पीड़िता के शरीर पर कैसे पहुंचा। इसके अतिरिक्त, विश्लेषण ने पुष्टि की है कि पीड़िता के निप्पल क्षेत्र में संजय का डीएनए मौजूद था। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि उसी क्षेत्र में कम से कम एक अन्य पुरुष का डीएनए भी पाया गया, जिससे संकेत मिलता है कि हमले में कई लोग शामिल हो सकते हैं। पीड़िता के शरीर के कई हिस्सों में पुरुष और महिला दोनों के डीएनए प्रोफाइल पाए जाने से मामले की जांच और जटिल हो गई है। घटनास्थल से जुड़े सवाल भी उठ रहे हैं। इसके बावजूद, रिपोर्ट के अनुसार, शरीर या आसपास के क्षेत्र में संघर्ष या प्रतिरोध के कोई निशान नहीं मिले। इसके अलावा, फोरेंसिक विशेषज्ञों ने बताया कि सेमिनार कक्ष में प्रवेश और निकास करना बिना किसी की नजर में आए मुश्किल होगा, जिससे जांच और जटिल हो जाती है। इन नए फोरेंसिक निष्कर्षों ने मामले को और उलझा दिया है, खासकर जब कई व्यक्तियों के डीएनए की उपस्थिति सामने आई है। जहां संजय के डीएनए की पुष्टि हो चुकी है, वहीं अन्य व्यक्तियों के संभावित शामिल होने की संभावना ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ये डीएनए नमूने कैसे जमा हुए और अपराध की पूरी घटना क्या थी, जिसमें कई आरोपियों की संलिप्तता की संभावना शामिल है।

कार्यक्रम › प्रो मायानंद मिश्र की रचनाओं को इस्ट वेस्ट एफ.एम. रेडियो के माध्यम से प्रचारित – प्रसारित करने का निर्णय

# सभी जातियों को एकजुट होकर आंदोलन में सक्रिय होना होगा

एजेंसी

**सहरसा।** मैथिली एवं हिंदी के महान रचनाकार प्रो. मायानंद मिश्र की पुण्यस्मृति में अभिनव सेलिब्रेशन हॉल में आयोजित कार्यक्रमों में मैथिली भाषा के संरक्षण एवं उत्थान के संदर्भ में विभिन्न जातियों के साहित्यकारों एवं भाषा अभियानियों की एकजुटता प्रदर्शित हुई। प्रो मायानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि उपरांत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की आत्मा की शांति हेतु एक मिनट का मौन रखा गया। मंचासीन सभी अथितियों को पाग और चादर से सम्मान के उपरांत समारोह का शुभारंभ बी



एन एमयू. के पूर्व कुलपति प्रो डॉ आर के पी रमण, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय मधेपुरा के कुलपति प्रो डॉ अशोक कुमार यादव, डॉ केएस ओझा, पूर्व प्राचार्य डॉ पी सी खां, पूर्व प्राचार्य डॉ. देवनारायण साह, राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक विक्रमादित्य खां, प्रो डॉ भवानंद मिश्र, कार्यक्रम संयोजक गोसाई मंडल, रामेश्वर मंडल, दिग्विजय सिंह इत्यादि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रो कुलानंद झा की अध्यक्षता एवं किसलय कृष्ण एवं डॉ अक्षय कुमार चौधरी के संयुक्त मंच संचालन में साहित्यकार डॉ. महेंद्र द्वारा प्रो मायानंद मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर रचित पुस्तक 'तोहर सरिस' का विमोचन हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रो. कुलानंद झा ने जहां सहरसा में प्रो. मायानंद चेतना मंच की स्थापना की बात कही वहीं प्रो. आर.के. पी. रमण ने प्रो. मायानंद मिश्र के बहुआयामी व्यक्तित्व, कृतित्व एवं भाषायी आंदोलन के अध्ययन पर शोध संस्थान स्थापित किए जाने का विचार रखा। भाषायी आंदोलन पर चर्चा के क्रम में डॉ. नारायण झा, डॉ. अमोल राय और रामचैतन्य धीरज ने भी प्रो. मायानंद के विभिन्न महत्वपूर्ण योगदानों पर विस्तृत विमर्श प्रस्तुत किये। इस्ट एंड वेस्ट संस्था के संस्थापक डॉ. रजनीश रंजन ने प्रो. मिश्र की रचनाओं को 'इस्ट वेस्ट एफ.एम. रेडियो' के माध्यम से प्रचारित एवं प्रसारित करने का विचार प्रस्तुत किया। प्रो. भवानंद मिश्रा ने कहा कि मैथिली भाषाओं एवं मिथिलांचल के उत्थान में सभी जातियों को एकजुट होकर आंदोलन में सक्रिय होना होगा। इस अवसर पर कुमार विक्रमादित्य, रामकुमार सिंह, कमल किशोर चौधरी, दीपिका चंद्रा, डॉ. रेणु, पल्लवी मंडल, अंजली ठाकुर, शशिप्रभा तथा अंजू झा द्वारा कवितापाठ भी किये गये।

## नए साल की शुरुआत के पहले अपने वित्तीय फैसलों पर करें विचार

संवाददाता

**कोलकाता।** साल 2024 जल्द ही खत्म होने वाला है। यह हमारे उन सभी फैसलों पर विचार करने का समय है कि इस साल हमने अपने लिए क्या बेहतर किया और क्या हम कर सकते थे। चाहे टैक्स प्लानिंग हो, रिटायरमेंट की तैयारी हो, या आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने की महत्वपूर्ण योजना हो। हालांकि, बाजार में इतने सारे निवेश विकल्प उपलब्ध होने के कारण, कभी-कभी यह तय करना मुश्किल हो सकता है कि कहां से शुरू करें और कहां निवेश करें।



विवेक जैन, हेड ऑफ इन्वेस्टमेंट्स, पॉलिसीबाजार डॉट कॉमः ज्यादातर भारतीयों के लिए निवेश का फैसला करते समय टैक्स प्लानिंग एक अहम भूमिका निभाती है। अगर आप इस मौके को गवा दिया, तो आपको उम्मीद से ज्यादा टैक्स चुकाना पड़ सकता है। दूसरा जरूरी पहलू यह है कि रिटायरमेंट के दौरान किसी और पर निर्भर न रहना पड़े, इसेक लिए पर्याप्त धनराशि जोड़ना। इसके अलावा कुछ ऐसे निवेश भी आवश्यक हैं जो यह सुनिश्चित करें कि आपकी वित्तीय योजनाएं किसी मुश्किल स्थिति में भी प्रभावित न हों।

## संक्षिप्त खबरें

### अजमेर शरीफ यात्रा पर शुभकामनाएं और भाईचारे का संदेश



**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के व्यावसायिक प्रकोष्ठ के पलामू जिला अध्यक्ष, दीपू चौरसिया ने अजमेर शरीफ की यात्रा पर जा रहे अपने मुस्लिम अभिभावकों और मित्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने धर्म और भाईचारे पर जोर देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने धर्म के प्रति निष्ठावान और अडिग रहना चाहिए, लेकिन साथ ही दूसरों के धर्म और उनकी परंपराओं का भी सम्मान करना आवश्यक है। दीपू चौरसिया ने कहा कि कोई धर्म आपसी बैर और कटुता नहीं सिखाता। हर धर्म का मूल उद्देश्य मानवता, प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना है। हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए और मिलजुलकर रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता आरिफ अली, पार्टी के उपाध्यक्ष साकिब सिद्दीकी, पंकज शर्मा, और कमल जयसवाल समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने सभी अजमेर शरीफ जाने वाले लोगों की यात्रा को मंगलमय होने की कामना की।।कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने धर्मनिरपेक्षता और आपसी भाईचारे के इस संदेश की सराहना की। दीपू चौरसिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सद्भाव बढ़ता है और यह हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है।

### ठंड में गरीबों के लिए फरिश्ता बने शौकत खान और उनके बच्चे



**गढ़वा।** गढ़वा में सर्द हवाओं और गिरते तापमान के बीच जब ठंड ने गरीबों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, ऐसे में शौकत खान और उनका परिवार जरूरतमंदों के लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं हैं। शौकत खान, जो निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक और पुस्तक बैंक जैसे सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं, पिछले दस वर्षों से गरीबों की सेवा कर रहे हैं।।हर दिन, शौकत खान अपने परिवार और छोटे बच्चों के साथ मिलकर गढ़वा के विभिन्न इलाकों में जरुरतमंदों को गर्म कपड़े और कंबल वितरित करते हैं। वे न केवल दिन में कपड़ा बैंक के माध्यम से सहायता पहुंचाते हैं, बल्कि रात में भी राहगीरों, फुटपाथ पर सोने वाले लोगों, स्टेशन परिसर में आने-जाने वाले यात्रियों और कर्बला मैदान समेत अन्य स्थानों पर गरीबों की मदद के लिए निकलते हैं।शौकत खान ने बताया कि मेरा यह सेवा कार्य एक या दो दिन का नहीं है। हम लगातार दस वर्षों से इस काम को कर रहे हैं। अब तक हमने दस लाख से अधिक गरीबों को सहायता पहुंचाई है और एक लाख से अधिक कंबल वितरित किए हैं। यह सब समाज के दानदाताओं के सहयोग से संभव हो सका है। शौकत खान के पुत्र साजिद खान और उनके परिवार के छोटे-छोटे बच्चे भी इस सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह निस्वार्थ सेवा कार्य झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता, शहीद आशीष कुमार तिवारी को समर्पित है। उनकी इस पहल ने न केवल गढ़वा में, बल्कि पूरे झारखंड में मानवता और भाईचारे की मिसाल पेश की है। समाज के कई वर्ग उनके इस प्रयास से प्रेरित होकर जुड़ रहे हैं और मदद के लिए आगे आ रहे हैं। शौकत खान का यह प्रयास उन सभी के लिए प्रेरणा है, जो समाज में बदलाव लाने का सपना देखते हैं।

### मनमोहन सिंह के निधन पर झामुमो ने जताया शोक



**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ० मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि डॉ० सिंह के निधन से भारत ने अपना एक रत्न खो दिया है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि डॉ० मनमोहन सिंह का व्यक्तित्व विद्वता और सौम्यता का अनुपम उदाहरण था। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में उदारीकरण के माध्यम से अभूतपूर्व सुधार किए। डॉ० सिंह ने एक राजनीतिज्ञ के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निमार्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान भारत को एक मजबूत और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया। उन्होंने आगे कहा है कि डॉ० मनमोहन सिंह के विचार और उनकी विद्वता ने न केवल देश में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सम्मान अर्जित किया। जब वे बोलते थे, तो बड़े से बड़े नेता भी उन्हें ध्यान से सुनते थे। उनका नेतृत्व, दूरदृष्टि और नीतिगत सुधार आज भी देश के विकास के मार्गदर्शक हैं।डॉ० सिंह के निधन को देश के लिए एक अपूरणीय क्षति बताते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि उनके जाने से न केवल पक्ष बल्कि विपक्ष भी शोकाकुल है। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार की ओर से डॉ० सिंह की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। डॉ० मनमोहन सिंह के निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके नेतृत्व और योगदान को याद करते हुए लोग उन्हें एक सच्चे राष्ट्रसेवक और आदर्श राजनेता के रूप में श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

### पलामू में 2024 के चुनाव में नक्सल-मुक्त वातावरण



**मेदिनीनगर।** 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव पलामू के लिए ऐतिहासिक रहे, क्योंकि इस चुनाव में तीन दशकों बाद नक्सली हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। यह पहली बार था जब पलामू में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए, बिना किसी नक्सली हिंसा के। इस सफलता का श्रेय पलामू पुलिस और प्रशासन को जाता है, जिनके कड़े सुरक्षा इंतजामों और समर्पित प्रयासों के कारण यह संभव हो पाया।।इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय ने पलामू में चुनाव के दौरान बेहतरीन कार्य करने वाले 10 पुलिस अधिकारियों और जवानों को सम्मानित किया। इन अधिकारियों में एएसपी राकेश सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार, एएसआई राकेश कुमार सिंह, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, सौरव कुमार, विनय पांडेय, और आईआरबी 10 के सब इंस्पेक्टर नागेंद्र चौधरी शामिल थे। पलामू में चुनाव कराना हमेशा एक चुनौती रहा है, क्योंकि 2019 तक यहां नक्सलियों द्वारा हिंसा की घटनाएं होती रही थीं। लेकिन इस बार एसपी रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने पूरी ताकत के साथ चुनावी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया ।

# डॉ. कौशल का प्रेरणादायक प्रयास, मृतक की आत्मा की शांति के लिए पौधरोपण

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के विभिन्न गांवों में पर्यावरण धर्मगुरु और वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ० कौशल किशोर जायसवाल ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए अनोखे तरीके से श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने श्राद्धकर्म के अवसर पर मृतकों के नाम पर पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उनके पुत्र और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल भी उपस्थित थे। डॉ० कौशल ने कहा कि श्राद्धकर्म में केवल पिंडदान और दान से मृतकों की आत्मा को शांति नहीं मिलती, बल्कि उनके नाम पर लगाए गए पौधे उनके स्मरण को स्थायी बनाते हैं। उन्होंने थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम के पौधे लगाए और उपस्थित लोगों को बताया कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देता है, बल्कि धरती मां की धधकती आत्मा को भी शांति प्रदान करता है। उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए लोगों को इस धर्म का पालन करने की प्रेरणा दी। डॉ० कौशल ने छतरपुर अनुमंडल के हुलसम पंचायत के मझौली गांव में स्वर्गीय भोला सिंह, हुटुकदाग पंचायत के सुंगरी गांव में स्वर्गीय लखन यादव, डाली बाजार पंचायत में स्वर्गीय जयनाथ पाठक और स्वर्गीय राजमती कुंवर के साथ अपने समधी स्वर्गीय नरेश जायसवाल के श्राद्धकर्म में भाग लिया। उन्होंने इन सभी दिवंगत आत्माओं के नाम पर पौधे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति और मृतकों के परिवारजन उपस्थित थे। हुलसम पंचायत के मुखिया लखेश्वरी देवी, डाली पंचायत के उपमुखिया अफजाल अंसारी, सुभाष गुप्ता, और अन्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। स्वर्गीय नरेश जायसवाल के परिवार से उनकी धर्मपत्नी सुमन जायसवाल, पुत्र कुणाल, कुशल और बेटियां रुचि, रचना, और पूजा उपस्थित रहीं।

डॉ० कौशल ने कहा कि पौधरोपण को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हर अवसर पर पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पिंडदान आत्मा की शांति का प्रतीक है, तो पौधरोपण धरती की आत्मा को शांत करने का माध्यम है।

## मानव जीवन में अध्यात्म का महत्व, संत मरियम विद्यालय में परिचर्चा

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में रविवार की शाम एक आध्यात्मिक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यात्म की भूमिका और उसके महत्व पर विचार-विमर्श हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भजनों से हुआ, जहां बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध गायिका मेघाराम डाल्टन ने अपनी सुरीली आवाज से सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने न केवल कार्यक्रम को सुरमई बना दिया, बल्कि उपस्थित बच्चों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद मानवता के मूलभूत गुण धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं। द्वेष, क्रोध, और असहिष्णुता ने लोगों के जीवन को जटिल बना दिया है। उन्होंने कहा कि जीवन में अध्यात्म को शामिल करना इन सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है। अध्यात्म मनुष्य को आत्मनिर्भर, संयमित और संवेदनशील बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी ने मनुष्य को चांद और मंगल तक पहुंचा दिया है, लेकिन धरती पर मौजूद संसाधनों के दोहन के कारण मानवता और प्रकृति संकट में हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संवेदनाओं का ज्ञान भी दिया जाना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि एक ऐसा समाज बनाना चाहिए, जिसमें प्रेम और मानवता का भाव हो।अविनाश देव ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों पर जरूरत से ज्यादा दबाव न डालें। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रेरित करने के बजाय उन्हें संस्कार और स्नेह से परिपूर्ण करना चाहिए। बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए अध्यात्म को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। श्याम किशोर पांडेय, पंकज निराला, ओंकार नाथ तिवारी, और अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभा को और भी जीवंत बना दिया। बच्चों ने भी अपनी कला और उत्साह से सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, और आयोजन समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे प्रेरणादायक बताया।

## रेलवे ट्रैक पार करते समय महिला की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत

संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा रोड-चोपन रेलखंड पर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन के पश्चिम दिशा में एक महिला की चोपन- गोमो डाउन पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे उस वक्त हुआ, जब महिला रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से ट्रेन आ गई।

घटना में मृतका की पहचान भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसलि बनखेता गांव निवासी स्वर्गीय विश्वनाथ राम की पत्नी लालति देवी (55 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतका के पुत्र विजय राम भी घटना स्थल पर मौजूद थे, लेकिन वे बाल-बाल बच गए।परिवार के मुताबिक, लालति देवी को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा और वह ट्रैक पार करने लगीं। ट्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि संभलने का मौका नहीं मिला। विजय राम ने बताया कि वह अपनी मां का इलाज कराने रांची जा रहे थे और रांची-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।विजय राम ने बताया कि उनकी मां सुनने और देखने में कमजोर थीं।

ट्रेन चालक ने दूर से ही हॉर्न बजाकर उन्हें हटाने का प्रयास किया, लेकिन महिला ट्रेन की आवाज नहीं सुन सकीं और हादसे का शिकार हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और रेलवे प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस हादसे ने रेलवे ट्रैक पार करते समय सतर्कता बरतने की आवश्यकता को लेकर गंभीर संदेश दिया है।

### शहर में लूटपाट की दूसरी घटना को लुटेरों ने दिया अंजाम

**मेदिनीनगर।** शहर के डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने जा रहे बिहार के एक युवक के साथ शनिवार की सुबह मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। लुटेरों ने युवक के पास से कुछ नगद राशि और दो मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। मोबाइल फोन की कीमत 40 हजार रूपए बतायी गयी है। इस संबंध में शनिवार की दोपहर तीन बजे शहर थाना में एफआइआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद से पुलिस संभावित इलाकों में लुटेरों की तलाश करने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पहले भी शहर थाना क्षेत्र के चर्च रोड में मॉर्निंग वॉक पर निकले बेलवाटिकर निवासी एक युवक से लुटेरों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। वही जानकारी के अनुसार बिहार के डेहरी ओनसोन थाना क्षेत्र के तारबंगला के रहने वाले रतन कुमार पिता स्व. लक्ष्मण चौधरी शनिवार सुबह तीन बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे थे। सद्दीक चौक पहुंचने से पहले पीछे से दो लुटेरे आए और रतन को पकड़ लिया और चाकू का भय दिखाकर पला क्लब जाने वाली सड़क पर ले गए।

## आशी केयर हॉस्पिटल में निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित आशी केयर हॉस्पिटल में 29 दिसंबर को एक निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक चला। शिविर का उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और जनसेवा के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। इस शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ जायसवाल और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दानिश ने अपनी सेवाएं दीं।

डॉ० सौरभ जायसवाल ने दांतों की देखभाल और दर्द से बचने के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दांतों का दर्द और संक्रमण अब कम उम्र के बच्चों में भी आम हो रहा है, इसलिए उचित देखभाल और समय पर इलाज जरूरी है। डॉ. दानिश ने आंखों के रोगों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने सलाह दी कि वाहन चलाते समय चश्मे का उपयोग और कंप्यूटर या मोबाइल पर काम करते वक्त नियमित ब्रेक लेना चाहिए, ताकि आंखों पर ज्यादा दबाव न पड़े। आशी केयर हॉस्पिटल के निदेशक मनीष तिवारी ने बताया कि इस शिविर का आयोजन जनसेवा की भावना से किया गया था और यह अस्पताल का प्रयास था कि हर जरूरतमंद नागरिक को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## मानव जीवन में अध्यात्म की भूमिका बेहतर: अविनाश देव

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जीवन की तमाम उपलब्धियों के बावजूद भी द्वेष, क्रोध, पश्चाताप, एकाकीपन, असहिष्णुता व व्याकुलता की गति तीव्र होती जा रही है। इसे संतुलन करने के लिए मानव जीवन में आध्यात्मिक गुरुओं का होना अति आवश्यक है जिसे लेकर रविवार की संध्या में संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में एक आध्यात्मिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। आयोजित परिचर्चा का शुभारंभ गुरु के भजनों से प्रारंभ हुई जहां बॉलीवुड की कई सुप्रसिद्ध फिल्मों में अपनी आवाज की जादू बिखेर चुकी वरिष्ठ गायिका मेघाराम डाल्टन ने अपनी सुरीली स्वर से कार्यक्रम को नयी रंग दी साथ ही इस सभा को सुरमई करने में श्याम किशोर पांडे, पंकज निराला, ओंकार नाथ तिवारी, भूपेश शर्मा, गौरव राय, सतीश तिग्गा, शिव राम व अन्य लोगों का खास योगदान रहा। जिनके आवाज व वाद्य यंत्र की धुन पर बच्चे खूब झूमे। तत्पश्चात गुरु महत्व को लेकर घंटों भर परिचर्चा हुई उसी कड़ी में विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बताया कि यह आध्यात्मिक शाम का आयोजन किसी विशेष जाति, धर्म या मजहब को बढ़ावा देने का उद्देश्य से नहीं किया गया क्योंकि जिस तरह हम प्यास बुझाने के लिए विभिन्न पात्रों का उपयोग में लाते हैं वैसे हीं हम परमात्मा को पाने के लिए एंव स्वयं की जागृति के लिए विभिन्न धर्म व ग्रंथो की मार्ग पर चलते जरूर हैं पर हम सभी का लक्ष्य तो एक ही है और भला हो भी क्यों नहीं क्योंकि हम सब तो एक का ही संतान है।

आगे उन्होंने कहा कि आज हम आधुनिक भारत व उन्नत प्रौद्योगिकी के दौर में जी रहे हैं जहां प्रौद्योगिकी मानव जीवन को एक नई आयाम दे रही है, आधुनिक अध्ययन चांद तक पहुंचा रही है व पाताल के तल भी दिखा रही है लेकिन यह तमाम टेक्नोलॉजी मनुष्य अपने स्वार्थ के खातिर प्राकृतिक संसाधनों का भोगने का एकमात्र प्रबंध है और कुछ नहीं। आज हम प्रौद्योगिकी के माध्यम से चांद पर हवा ढूंढ रहे हैं मंगल पर पानी ढूंढ रहे हैं पर यह समस्त चीज धरती पर होने के बावजूद भी इसके अभाव में हम जान गवां रहे हैं, मनुष्य की मानवता ताख पर रखी हुई है इसलिए बच्चे अनाथ आश्रम में पल रहे हैं, बेटों के हृदय का ह्रास व आत्मा मृत हो गयी हैं इसलिए मां-बाप वृद्ध आश्रम में बैठकर राहगीरों के चेहरों में बेटे की परछाई देख रहें हैं।

इसका एक ही मात्र कारण है मनुष्य में अध्यात्म की कमी। इसलिए संत मरियम का प्रयास है कि इस विद्यालय के बच्चे को शैक्षणिक गुणों से परिपूर्ण, विभिन्न कलाओं में पारंगत बनाने के साथ- साथ अध्यात्म, परंपरा व संस्कारी गुणों को भी समावेशित करना होगा। तभी वह अपने व माता-पिता के जीवन में रंग भर सकते हैं। साथ ही इन्होंने अभिभावकों से अनुरोध भी किया की अधिकतर अभिभावक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपने बच्चों पर दबाव बनाते हैं, हालांकि वह उन्नत प्रदर्शन तो कर पता है लेकिन साथ ही वह एकाकी व स्वार्थी भी बन जाता है, प्रतिस्पर्धा करते- करते वह अपने परिवार, समाज व रास्ट्र के प्रति भी प्रतिस्पर्धि भाव रखने लगता है।

## गंगा गार्डेन में शानदार वाहिनी परिवार मिलन सह वनभोज का आयोजन

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की झारखंड प्रदेश अनुसांगिक इकाई ने इस वर्ष के परिवार मिलन सह वनभोज का आयोजन भव्य तरीके से चैनपुर के खोहरी स्थित गंगा गार्डेन में किया। कार्यक्रम में वाहिनी के परिवारों ने बच्चों के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे एक यादगार दिन बना दिया। भगवान श्री परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जहां बाहर से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत-संगीत से सजी इस शाम में सभी ने झूमते हुए इस आयोजन का आनंद लिया। मुख्य अतिथि अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि युवा वाहिनी अब एक परिवार के रूप में विकसित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जब तक हम सुख-दुख के क्षणों को संगठित परिवार के साथ नहीं मनाते, तब तक पूर्णता का अनुभव नहीं होता। उन्होंने घोषणा करते हुए बताया कि शिवपुर बांध में भव्य सूर्य मंदिर निर्माण की योजना है, जो आगामी वर्ष 2024 में पूरी होगी। यह निर्माण सनातन धर्म के संरक्षण का एक बड़ा प्रतीक होगा। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने संगठन की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी अपने संरक्षक अर्जुन पांडेय के मार्गदर्शन में हर वर्ष इतिहास रच रही है।

2024 में संगठन की प्रमुख योजनाओं में 18 अर्धनिर्मित मंदिरों का शिखर निर्माण, दिल्ली में सनातन संत संसद में विश्व शांति चैरिटेबल ट्रस्ट को 11 लाख रुपये का सहयोग, श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, और कई अन्य सामाजिक-धार्मिक आयोजन शामिल हैं। इस अवसर पर वाहिनी ने समाजिक सरोकार निभाते हुए सैकड़ों ग्राम यज्ञ समितियों और दुर्गा पूजा समितियों को आर्थिक सहयोग दिया। विभिन्न मेले और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी योगदान सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पांडेय लकी ने किया। इसी दौरान तन्मय पांडेय और आरती पांडेय का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में राष्ट्रीय सचिव भूदेव सोनू मिश्रा, प्रदेश संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, संतोष शुक्ला, बलराम पांडेय, प्रदीप दुबे, अनील दुबे, राजकुमार पांडेय, पुष्पांजली तिवारी, श्वेता तिवारी, और सैकड़ों परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया और संगठन की एकता और सामूहिकता का परिचय दिया।

हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन बोकारो, सोमवार 30 दिसंबर 2024 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें



सेंट जेवियर स्कूल डूरंडा में अंकित रंजन ने टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री रनर और विनर टीम के खिलाड़ियों को मोमेंटो दिया।

### कराटे कक्षा में बेल्ट ग्रेडिंग संपन्न



रांची। गोजु-रियो कराटे क्लब रातु में बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर त्रिशा मिन्ज, सौम्या प्राची कच्छप, आयुष उरांव को येलो बेल्ट, तन्नु मिन्ज, नीतिका रानी खलखो, कशिश कुमारी मुंडा को ऑरेंज बेल्ट, लावन्या तिर्की, उत्कर्ष पांडे को ग्रीन बेल्ट तथा अनुप कुमार को ब्राउन बेल्ट प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में रेन्शी शाहजाद कुरेशी, सेंसि रौनक तिर्के, सेंसि रोहित भगत एवं अन्य प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने बच्चों की मेहनत की सराहना की और उन्हें आगे भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया।

### दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज खिताब जीतकर कोनेरू हम्पी ने रचा इतिहास



नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने रविवार को न्यूयॉर्क में इतिहास रचते हुए विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में जीत हासिल की। उन्होंने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता। ऐसा करने वाली वे पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी हैं। 2019 में मॉस्को में जीत के बाद यह इस प्रारूप में उनकी दूसरी खिताबी जीत है। चीन की जू वेनजुन के बाद हम्पी महिला वर्ग में एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी शतरंज खिलाड़ी बन गई हैं। 37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए निर्णायक जीत थी। रूस के 18 वर्षीय वोलोदर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग में यह खिताब जीता। हाल ही में सिंगापुर में क्लासिकल शतरंज विश्व चैंपियनशिप में डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर चैंपियन बने थे।

### दीपेश ने की धुआंधार बल्लेबाजी, लखनऊ को हराकर दिल्ली पहुंचा फाइनल में

लखनऊ। अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली चैलेंजर्स दिल्ली की टीम ने क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के टीम को 45 रनों से हरा दिया और फाइनल में पहुंच गई। दिल्ली के खिलाड़ी मोनू शुक्ला ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके। वहीं दीपेश ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 36 बाल में 63 रन बनाये। लखनऊ के कप्तान करण सिंह ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरूआत काफी खराब रही। उसके तीन खिलाड़ी 10 रनों के स्कोर पर पवेलियन लौट चुके थे। चौथे विकेट की मजबूत साझेदारी ने टीम को मजबूती दिया और दिल्ली निर्धारित 30 ओवरों के मैच में 29वें ओवर में सभी विकेट गंवाकर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 2 विकेट से हराया

● डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम कौन सी होगी

सेंचुरियन (दक्षिण अफ्रीका)। एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने रविवार को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हरा दिया। डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला अगले साल इंग्लैंड के लॉर्ड्स में 11 जून से 15 जून के बीच खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका को मैच जीतने के लिए 148 रन बनाने थे, जिसे उन्होंने आठ विकेट खोकर हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। इस जीत के साथ



दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला अगले साल इंग्लैंड के लॉर्ड्स में 11 जून से 15 जून के बीच खेला जाएगा। एक दिन रिजर्व डे के तौर पर रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज हो गई है। टीम का 11 मैचों में सात जीत के साथ अंक प्रतिशत 66.67 हो गया है। अब देखना होगा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम कौन सी होगी।

सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 211 रन बनाए थे। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन कामरान गुलाम ने बनाए। कामरान ने 54 रनों की पारी खेली। वहीं आमेर जमाल 28 रन, मोहम्मद रिजवान 27 रन, सलमान अगा 18 रन, कप्तान शान मसूद 17 रन, सैम अयूब 14 रन, सऊद शकील 14 रन, खुर्रम शहजाद 11 रन, मोहम्मद अब्बास नाबाद 10 रन और बाबर आजम ने 4 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के लिए पहली पारी में डेन पैटरसन 5 विकेट, कॉर्बिन बॉश ने 4 विकेट औक मार्को जानसेन ने एक विकेट लिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 301 रन बनाए और 90 रन की बढ़त हासिल की। टीम के लिए पहली पारी में सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम ने 144 गेंदों में 89 रन और युवा कॉर्बिन बॉश ने 93 गेंदों में 15 चौकों की मदद से नाबाद 81 रन बनाए। इनके अलावा कप्तान टेम्बा बावुमा ने 31 रन और डेविड बेडिंघम ने 30 रन का योगदान दिया। इनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज अपना प्रभाव नहीं छोड़ सका। पाकिस्तान की ओर से खुर्रम शहजाद और नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट लिए। आमेर जमाल ने 2 विकेट, जबकि सैम अयूब और खुर्रम शहजाद ने एक-एक विकेट लिये।

दूसरी पारी में पाकिस्तान टीम ने 237 रन बनाए। इससे दक्षिण अफ्रीका को 148 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने 113 गेंदों में 84 रन और बाबर आजम ने 85 गेंदों में 50 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा शान मसूद ने 28 रन और सैम अयूब ने 27 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्को जानसेन ने 6 विकेट लिए। कगिसो रबाडा ने 2 विकेट, जबकि डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद दूसरी पारी में 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करते उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने आठ विकेट खोकर 150 रन बनाए और दो विकेट से यह मैच अपने नाम कर लिया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 40 रन, एडेन मार्करम 37 रन और कगिसो रबाडा ने 31 रन की पारी खेलकर मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। इनके अलावा मार्को जानसेन ने 24 गेंदों में नाबाद 16 की उपयोगी पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद अब्बास ने सबसे ज्यादा 6 विकेट अपने नाम किए।

## मेलबर्न टेस्ट : 333 रनों की हुई ऑस्ट्रेलिया की बढ़त



मेलबर्न। एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच के चौथे दिन का खेल खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं। नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए अब तक 55 रन की साझेदारी कर ली है। मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए। इससे पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया के पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में अब उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है।

**ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी**

ऑस्ट्रेलिया टीम की दूसरी पारी की शुरूआत अच्छी नहीं रही और 20 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। सलामी युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। कोंस्टास ने 8 रन बनाए। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर दिया। ख्वाजा ने 21 रन बनाए। फिर सिराज ने स्टीव स्मिथ को अपना शिकार बनाया। वह 13 रन बना सके। इसके बाद बुमराह ने एक ही ओवर में पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श को चलता कर दिया। हेड केवल 1 रन बना सके, जबकि मिचेल मार्श खाता भी नहीं खोल सके।

ऑस्ट्रेलिया का 91 के स्कोर पर छठा विकेट गिरा। बुमराह ने विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को बोल्ड कर दिया। कैरी दो रन बना सके। हालांकि दूसरे छोर से मार्नस लाबुशेन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का 23वां अर्धशतक पूरा किया। लाबुशेन को सिराज ने अपने जाल फंसाया और उन्हें एल्बीडब्ल्यू कर पलेवियन भेजा। लाबुशेन ने 139 गेंद में 70 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया का आठवां विकेट 156 के स्कोर पर गिरा। मिचेल स्टार्क 5 रन बनाकर रन आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया को 173 के स्कोर पर नौवां झटका लगा। कप्तान पैट कमिंस 90 गेंद में चार चौके की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नाथन लियोन ने स्कॉट बोलैंड के साथ मिलकर 10वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 300 के पार पहुंचा दिया। दिन का खेल खत्म होने तक नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं।

## लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स नवीनतम फ्रेंचाइजी के रूप में हुई शामिल

नई दिल्ली। एजेंसी

फरवरी 2025 में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित लीजेंड 90 लीग में नवीनतम फ्रेंचाइजी के रूप में दिल्ली रॉयल्स का आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। अनावरण के साथ ही टीम ने अपना लोगो भी लॉन्च किया है। कवच और ढाल से सजा दिल्ली रॉयल्स का आधिकारिक लोगो ताकत, दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और वीरता का सटीक चित्रण करता है। दिल्ली रॉयल्स फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण उत्तर भारत के सबसे बड़े राजमार्ग ब्रांड मन्नत ग्रुप द्वारा किया गया है। मन्नत ग्रुप ने लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिल्ली रॉयल्स का अधिग्रहण करके खेल उद्योग में पहली बार कदम रखा




है। अपने लग्जरी हाइवे रेस्तरां, रिसॉर्ट्स और क्विक सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) के लिए जाना जाने वाला मन्नत अपने 11 आउटलेट्स पर प्रतिदिन 60,000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। मन्नत ग्रुप जिस तरह से अपने व्यवसाय में अग्रणी है, ठीक उतना ही बड़ा नजरिया उसका खेलों को बढ़ावा देने को लेकर भी है। फ्रेंचाइजी के लॉन्च पर मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधि मंदीप मलिक ने कहा कि दिल्ली रॉयल्स राष्ट्रीय राजधानी के गौरव का प्रतीक है। हम एक ऐसी टीम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दृढ़ संकल्प के साथ अपने खेल कौशल से सभी को प्रभावित कर सकें। लीजेंड 90 लीग क्रिकेट के दिग्गजों को मैदान पर एक साथ लाने का एक शानदार मंच है और हम इसका हिस्सा बनकर बहुत रोमांचित हैं। मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंद्र कादयान ने कहा कि मन्नत ग्रुप में हम युवाओं को प्रेरित कर उनके करियर को आगे बढ़ाने वाले अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाने में विश्वास रखते हैं।

### नशा के खिलाफ मैराथन का आयोजन

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चलाए जा रहे ड्रग फ्री देवभूमि अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को पिथौरागढ़ में एक भव्य मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी और पुलिस अधीक्षक रेखा यादव द्वारा किया गया। मिनी मैराथन में पिथौरागढ़ पुलिस, सेना, भूतपूर्व सैनिकों, बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन को जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा यादव ने हरी झंडी दिखाई। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर निर्मल सिंह धामी, द्वितीय स्थान पर संजय कुमार और तृतीय स्थान पर जीवन सिंह सौन रहे।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने की पहले सीजन के लिए 12 टीमों की घोषणा

गुरुग्राम। एजेंसी

ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) ने आधिकारिक तौर पर 12 फ्रेंचाइजी टीमों और लीग के लोगो का अनावरण किया है, जिससे इसके पहले सीजन के लिए उत्सुकता और बढ़ गई है। यह लीग, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की प्रतियोगिताओं पर समान रूप से जोर दिया जा रहा है, अपने अभिनव प्रारूप और समावेशी दृष्टिकोण के साथ खेल में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। टीमों के नाम रणनीतिक



रूप से उनकी क्षेत्रीय पहचान को दर्शाने के लिए रखे गए हैं। इनमें महिला टीमें मराठी फाल्कन्स, भोजपुरी लेपड्र्स, तेलुगु चीता, तमिल लायनेस, पंजाबी टाइग्रेस और हरियाणवी ईगल्स हैं। पुरुषों की टीमें मराठी वल्चर्स, भोजपुरी लेपड्र्स, तेलुगु पैंथर्स, तमिल लायंस, पंजाबी टाइगर्स और हरियाणवी शार्क्स शामिल हैं। जीआई-पीकेएल ने अपनी टैगलाइन कबड्डी की नई जंग भी जारी की, जो पुरुषों और महिलाओं को एक बैनर के तहत लाकर और समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करके खेल को फिर से परिभाषित करने के लीग के मिशन का प्रतीक है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास एक पुरुष और एक महिला टीम होगी। इस महीने की शुरूआत में, ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) ने इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग (आईपीकेएल) के साथ अपने विलय की घोषणा की, जिससे जीआई-पीकेएल का गठन हुआ। टीम की घोषणाओं के बारे में होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआइपीएसए) की अध्यक्ष कांथी डी. सुरेश ने एक बयान में कहा, "जीआई-पीकेएल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाता है।

## व्यापार

## उतार चढ़ाव के बावजूद शेयर बाजार ने निवेशकों को कराया मुनाफा, लगातार 9वें साल मिला पॉजिटिव रिटर्न

● 2024 में शेयर बाजार ने 65 बार बनाया ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार साल 2024 के कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करता रहा। इस साल के कारोबार में अब सिर्फ आने वाले 2 दिन सोमवार और मंगलवार यानी 30 और 31 दिसंबर का कारोबार होना बाकी है। इन दो दिनों के अलावा अभी तक हुए कारोबार के दौरान घरेलू बाजार ने कई बार ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया?। हालांकि, शेयर बाजार को बीच-बीच में बड़े नुकसान का भी सामना करना पड़ा। अगर पूरे साल के कारोबार की बात करें, तो ओवरऑल घरेलू शेयर बाजार ने



अपने निवेशकों को 2024 के दौरान पॉजिटिव रिटर्न दिया। इस तरह लगातार नौवें साल घरेलू शेयर बाजार के निवेशक वार्षिक आधार पर मुनाफे में रहे। साल 2024 के दौरान शेयर बाजार ने 65 दिनों के कारोबार में ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना। इसमें आखिरी बार 27 सितंबर को सेंसेक्स 85,978.25 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचा, जबकि निफ्टी 26,277.35 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। इसके पहले 2023 के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 72,240.26 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह निफ्टी ने 21,731.40 अंक के स्तर पर पिछले साल के कारोबार का अंत किया था।

2024 में 27 सितंबर तक सेंसेक्स में 13,737.99 यानी 19.02 प्रतिशत की तेजी आ गई थी। इसी तरह निफ्टी 27 सितंबर तक 4,545.95 अंक यानी 20.92 प्रतिशत उछल चुका था। हालांकि अक्टूबर और नवंबर में वैश्विक दबाव और विदेशी निवेशकों की चौतरफा बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक अपने रिकॉर्ड हाई से नीचे आ गए। 27 सितंबर के बाद से लेकर अभी तक के कारोबार में सेंसेक्स 7,279.18 अंक यानी 8.46 प्रतिशत और निफ्टी 2,463.95 अंक यानी 9.37 प्रतिशत टूट चुके हैं। अगर 1 जनवरी से 27 दिसंबर तक के कारोबार की बात की जाए तो साल 2024 के दौरान शेयर बाजार में सेंसेक्स ओवरऑल 6,458.81 अंक यानी 8.94 प्रतिशत मजबूत हो चुका है। इसी तरह निफ्टी में इस साल अभी तक ओवरऑल 2,082 अंक यानी 9.58 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। घरेलू शेयर बाजार पर असर डालने वाले कारकों में इस साल इजरायल-ईरान संघर्ष और रूस और यूक्रेन के बीच पहले से ही जारी जंग का मुख्य रूप से उल्लेख किया जा सकता है।

### सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट नजर आ रही है, लेकिन चांदी की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। सोना 150 से 160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। सोने के भाव में आई कमजोरी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,990 रुपये से लेकर 77,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,5000 रुपये से लेकर 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी की कीमत में 100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।**

## भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग व व्यापार समझौते के दो वर्ष पूरे

नई दिल्ली। एजेंसी

भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (इंड-ऑस ईसीटीए) ने सफलता के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह पारस्परिक विकास को बढ़ावा देता है और दोनों अर्थव्यवस्थाओं की पूरकता को दर्शाता है। इंड-ऑस ईसीटीए ने व्यापार संबंधों को बहुत आगे बढ़ाया है, दोनों देशों में एमएसएमई, व्यवसायों और रोजगार के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और साथ ही उनकी आर्थिक साझेदारी की नींव को मजबूत किया है। अपने तीसरे वर्ष में केन्द्र सरकार भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के विजन 2047 को साकार करने के लिए आपसी समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मजबूत सहयोग और अभिनव पहलों के माध्यम से इस

● आर्थिक साझेदारी की नींव को मजबूत किया

गति को बनाए रखने के लिए समर्पित है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार दोगुना से भी अधिक हो गया है। यह 2020-21 में 12.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 26 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

हालांकि, कुल व्यापार वर्ष 2023-24 में घटकर 24 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में भी मजबूती देखने को मिल रही है। अप्रैल-नवंबर 2024 तक कुल द्विपक्षीय व्यापार 16.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। दोनों देशों के बीच तरजीही आयात डेटा का आदान-प्रदान शुरू हो गया है जो 2023 में समझौते के प्रभावी कार्यान्वयन को इंगित करता है। डेटा से पता चलता है कि निर्यात उपयोग 79 प्रतिशत और आयात उपयोग 84 प्रतिशत है। कपड़ा, रसायन और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि हुई है जबकि हीरे जड़े सोने और टबोर्जेट सहित नई लाइनों पर निर्यात समझौते द्वारा विविधता को दर्शाता है। धातु अयस्कों, कपास, लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों जैसे आवश्यक कच्चे माल के आयात ने भारत के उद्योगों को बढ़ावा दिया है। यह साझेदारी में बराबरी को दर्शाता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में वृद्धि की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### बोरवेल में गिरे 10 वर्षीय बच्चे की नहीं बच पाई जान, 16 घंटे चला रेस्क्यू

**गुना।** मध्य प्रदेश में बोरवेल के खुले गड्ढे ने एक और बच्चे की जान ले ली। यहां गुना जिले की राघौगढ़ तहसील के पिपलिया गांव में शनिवार शाम को बोरवेल के खुले गड्ढे में गिरे 10 वर्षीय बालक की जान नहीं बच पाई। बच्चा करीब 39 फीट की गहराई में फंसा था। जिला प्रशासन, पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने 16 घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर रविवार सुबह करीब 9.30 बजे उसे बाहर निकाला। स्वास्थ्य विभाग की टीम उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार, गुना जिले के राघौगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पिपलिया निवासी दशरथ मीना का 10 वर्षीय पुत्र सुमित शनिवार शाम करीब 6.30 बजे पतंग उड़ाते हुए गांव के फूलसिंह मीना के खेत में पहुंच गया, जहां बोरवेल का गड्ढा खुला हुआ था। बच्चा उस बोरवेल में गिर गया।

### मुठभेड़ में उत्तर प्रदेश का बदमाश घायल

**देहरादून।** रायवाला-लालतप्पड़ क्षेत्र में रविवार को पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को तुरंत उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय डोईवाला ले जाया गया। घटना के बाद एसएसपी देहरादून समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, रायवाला-लालतप्पड़ क्षेत्र में सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। बदमाशों ने न केवल रुकने से इनकार किया बल्कि पुलिस टीम पर फायरिंग भी की।

### घर का ताला तोड़कर नगदी व आभूषण चोरी

**सोनीपत।** सोनीपत में चोरों ने बंद घर का ताला तोड़ कर अलमारी से कैश व सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। मकान मालिक ड्यूटी पर गुरुग्राम गया हुआ था जबकि उसकी पत्नी जयपुर गई हुई थी। चोर रात को एक बजे घर में घुसे। यह चोरी की घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने रविवार केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। खरखौदा क्षेत्र के गांव मटिंडू के रहने वाले सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 दिसंबर को अपनी ड्यूटी पर गुरुग्राम चला गया। मौसम खराब होने के कारण वह गुरुग्राम में ही रुक गया। उसकी पत्नी कविता जयपुर गई हुई थी।

### पुलिस ने पांच घंटे में पकड़े 74 अभियुक्त

**फिरोजाबाद।** जनपद में वांछित और वारंटी अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। इसी के तहत शनिवार की रात पांच घंटे चलाए गये अभियान के दौरान 74 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सौरभ दीक्षित ने रविवार को बताया कि शनिवार की रात 12 बजे से रविवार की सुबह पांच बजे तक पुलिस का अभियान चला। इस दौरान अलग-अलग थाना इलाके से कुल 71 अपराधी पकड़े गये हैं। इनमें एनबीडब्ल्यू व तीन एसआर वारंटी वांछित अभियुक्त शामिल हैं।

### डंपर और ट्रक की टक्कर से लगी आग

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पर पेट्रोलपंप के पास तेज रफ्तार डंपर और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई जिससे दोनों ट्रक आग के गोला बन गए। आग की लपटों में चालक समेत दो लोग जिन्दा जल गए। हादसे के बाद हाइवे में दोनों तरफ जाम लग गया। सूचना पाते ही दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी जद्दोजहद के बाद ट्रकों की आग पर काबू पाया। पुलिस ने ट्रक की केबिन में फंसे चालक और खलासी के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### नेपाल-भारत संयुक्त सैन्य अभ्यास मंगलवार से



**काठमांडू।** नेपाल-भारत संयुक्त सैन्य अभ्यास का 18वां संस्करण मंगलवार से रूपनदेही जिले के सलझंडी में शुरू हो रहा है। इस सैन्य अभ्यास में सहभागी होने के लिए भारतीय सेना की टोली नेपाल पहुंच चुकी है। सूर्यकिरण नामक बटालियन स्तर का यह संयुक्त सैन्य अभ्यास जंगल युद्ध, कठिनाई भूगोल में आतंकवाद का मुकाबला, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार शांति मिशन, आपदा प्रबंधन और राहत मानवीय सहायता, आंतरिक क्षमता निर्माण और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित है। दो सप्ताह के लंबे प्रशिक्षण में नेपाली सेना की श्री जंग बटालियन और भारतीय सेना की 11वीं गोरखा राइफल शामिल होगी। नेपाली सेना के प्रवक्ता गौरव कुमार केसी ने बताया कि संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण से नेपाल और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों और विश्वास को बढ़ावा देने तथा सांस्कृतिक संबंधों का विस्तार करने की उम्मीद है। इसके साथ व्यावसायिक सहयोग भी बढ़ाया जाएगा। संयुक्त अभ्यास का 17वां संस्करण पिछले वर्ष भारत के पिथौरागढ़ में आयोजित किया गया था। अब तक, संयुक्त प्रशिक्षण में भाग लेने वाले नेपाली सेना के व्यक्तियों की संख्या 4,215 तक पहुंच गई है।

# कृषि उद्यानिकी के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिले : हरिभाऊ

● लाभकारी कृषि के लिए केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है
● प्राकृतिक प्रकोप से बचाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास करने पर भी जोर दिया



**जयपुर। एजेंसी**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कृषि उद्यानिकी के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों को देश में रसायन रहित कृषि के लिए वातावरण निर्माण किए जाने की जरूरत है। रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से रोग ही नहीं बढ़ रहे बल्कि धरती की उर्वरा शक्ति भी नष्ट हो रही है। उन्होंने उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने पानी बचाकर उसके निर्माण के लिए भी देशभर में कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल बागडे रविवार को अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय कुलपति संघ द्वारा ₹उद्यानिकी फसलों के संरक्षण₹ विषयक आयोजित 16वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कम पानी से होने वाली फसलों, फल, फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से बचाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास करने पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी कृषि विश्वविद्यालयों में सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए भी आवश्यक रूप से कार्य करने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन द्वारा 2008 में प्रस्तुत कृषि सुधारों की बनी समिति के सुझावों पर चर्चा करते हुए कहा कि लाभकारी कृषि के लिए केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कृषि उद्यानिकी के प्राचीन ज्ञान के आलोक में कृषि की नवीन तकनीक से खेती को लाभकारी किए जाने पर जोर दिया।

बागडे ने कहा कि हमारे यहां धीरे धीरे जंगल कम होता जा रहा है। पहले अनाज जब नहीं होता था और खेती की पैदावार नहीं थी तब उद्यानिकी फसलों पर ही मनुष्य निर्भर था। पर धीरे धीरे इस दिशा में ध्यान नहीं देने के कारण जंगलों में बहुत सी उद्यानिकी फसलें लोप हो गई। उन्होंने स्थान विशेष की जलवायु के अनुरूप उद्यानिकी फसलों के अधिकाधिक उत्पादन के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने आरंभ में विश्वविद्यालय के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी फॉर टिश्यू कल्चर का शिलान्यास किया। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत गेहूं और अन्य नवीन कृषि उत्पाद प्रौद्योगिकी का भी शुभारंभ किया। उन्होंने माइक्रोस्कोप से फसलों में सूक्ष्म कीट परीक्षण भी किया और विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का लोकार्पण किया। आरंभ में कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलराज सिंह ने संरक्षित खेती के साथ राष्ट्रीय सिंपोजियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### भीम आर्मी ने फूंका गृहमंत्री का पुतला

फरीदाबाद। फरीदाबाद में रविवार को डॉ.भीमराव अंबेडकर को लेकर गृहमंत्री के बयान के खिलाफ भीम आर्मी ने प्रदर्शन किया। शहर में भीम आर्मी ने शाह का पुतला फूंका और नारेबाजी करते हुए उनसे इस्तीफा देने की मांग की। इस मौके पर भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर प्रवाल ने कहा कि अमित शाह ने भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का संसद भवन में अपमान किया है। यह सब बीजेपी के इशारे पर किया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग बाबा साहब और संविधान को मानते हैं वह अमित शाह द्वारा दिए गए उनके बयानों की कड़ी निंदा करते हैं। अमित शाह को खुद इस बयान को लेकर माफी मांगनी चाहिए। अमित शाह ने कई बार बाबा साहब का नाम लेकर कहा था कि यदि वो लोग भगवान का नाम लेते तो उन्हें स्वर्ग मिलता, लेकिन वह नहीं जानते कि जो बाबा साहब द्वारा दिए गए संविधान को मानते और जानते हैं और संविधान द्वारा बताए गए रास्ते पर चलते हैं उन्हें इसी जन्म में जीते जी स्वर्ग मिलता है।

## गुरमीत सिंह बने हिमाचल हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**शिमला। एजेंसी**



न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बन गए हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को हिमाचल हाई कोर्ट के 30वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में राजभवन में आयोजित सादे समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया ने शपथ लेने के बाद कहा कि हिमाचल के साथ उनका पुराना नाता हैं। हिमाचल भी पहले पंजाब का हिस्सा था। पंजाब हरियाणा की तुलना में हिमाचल छोटा है और यहां अपराध भी कम हैं। सभी को न्याय देने का प्रयास रहेगा। लंबित मामलों को लेकर अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट को नए न्यायाधीश मिले हैं। साथ लगते चंडीगढ़ हाई कोर्ट से वह हिमाचल प्रदेश आए हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें सरकार की तरफ से बधाई दी है। वहीं हाई कोर्ट में पेंडिंग मामलों को लेकर सीएम ने कहा कि इसमें कोर्ट अपने स्तर पर फैसले लेता हैं।

जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया इससे पहले पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में सेवाएं दे रहे थे। वह 4 फरवरी 2024 को पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस का कार्यभार संभाल चुके हैं। सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को उनके नाम की सिफारिश की थी। जीएस संधवालिया ने साल 1986 में चंडीगढ़ के डीएवी कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की थी। इसके बाद साल 1989 में उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। लॉ की डिग्री हासिल करने के बाद वे पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल में एडवोकेट के रूप में सक्रिय हुए। साल 1983 से 1987 तक उन्होंने पटना में हाई कोर्ट में सेवाएं दीं। उनके पिता साल 1978 और साल 1983 के दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रह चुके हैं।

### युवक की हत्या, पत्नी समेत तीन के खिलाफ आरोप

प्रयागराज। बारा थाना क्षेत्र के कोटवारन का पूरा पाड़र गांव में शनिवार रात एक युवक की हत्या कर दी गई है। हत्या का आरोप मृतक की पत्नी समेत तीन लोगों पर लगाया गया है। रविवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि बारा थाना क्षेत्र के कोटवारन का पूरा पाड़र गांव निवासी भोला कनौजिया 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हीरालाल कनौजिया की शनिवार रात हत्या हुई है। वारदात की जानकारी होते ही मृतक के भाई ने रविवार सुबह सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थाने में दी गई तहरीर में मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि हत्या में मृतक की पत्नी पूजा कनौजिया समेत तीन लोगों का हाथ है। हालांकि पुलिस टीम अभी जांच कर रही है। पुलिस कहना है कि प्रथम सूचना के आधार पर जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि भोला कनौजिया की मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## कांग्रेस व केजरीवाल करते हैं आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति : पूनिया



**फरीदाबाद। एजेंसी**

बीजेपी प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया रविवार को फरीदाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 117वां ऐपिसोड सुना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और केजरीवाल सिर्फ आरोप प्रत्यारोप की राजनीति करते हैं। उन्हें देश के विकास की चिंता नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी को एक्स्पोजर देने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात से देश और दुनिया में अपना लोहा मनवाने वाले लोगों और अलग-अलग विषयों पर चर्चा की है। संविधान को लेकर उन्होंने कहा कि संविधान भारत की नस-नस में है। हर व्यक्ति के रोम रोम में है। भारत का कल्चर भी संविधान से मेल खाता है। जीव जंतु से लेकर मनुष्य की तरक्की कैसे हो, उसके लिए हमारी संस्कृति है और इसी आधार पर संविधान से हमारा देश चलता है। सुरेंद्र पूनिया ने दिल्ली चुनाव को लेकर कहा कांग्रेस हो या केजरीवाल दोनों आरोप प्रत्यारोप की राजनीति करते हैं। ना यह देश के विकास की चिंता करते हैं और ना ही देश के नागरिकों की। उन्होंने कहा कि अनावश्यक चर्चा देश की तरक्की में बाधा नहीं बनना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पत्रकार की लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में अहम जिम्मेदारी है : श्याम

**यमुनानगर। एजेंसी**



पत्रकारिता लोकतंत्र का एक चौथा स्तंभ है और पत्रकार की लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में अहम जिम्मेदारी है। जिसके माध्यम से लोकतंत्र के तीनों स्तंभों की हर छोटी बड़ी सूचना और जानकारी आमजन तक पहुंचाने का यह कठिन कार्य एक पत्रकार करता है। उक्त विचार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को यमुनानगर में आयोजित हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक गोष्ठी कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कृषि मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की यह सबसे बड़ी खूबी है कि सभी चारों स्तम्भ बड़ी चुनौतियों के बावजूद भी देश को आगे ले जाने का कार्य कर रहें है। उन्होंने कहा कि पत्रकार को निष्पक्ष रूप से बिना किसी भेदभाव के अपनी कलम से सत्यता के आधार पर विषय को कलमबद्ध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी मनोहर सरकार और नायब सरकार ने पत्रकार की परेशानियों और चुनौतियों का समझा और इनका समाधान भी किया।

उन्होंने कहा कि वें मुख्यमंत्री के सामने भी पत्रकारों के ज्ञापन की मांगों को रखेंगे और समाधान कराने का प्रयास भी करेंगे। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में समय के अनुसार एक बड़ा बदलाव आया है। लेकिन पत्रकार को अपनी ईमानदार और स्वच्छ छवि को बरकरार रखना चाहिए ताकि उनके दामन पर कोई दाग न लगें।

### ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के काम को रोका

गोपेश्वर। चमोली जिले के देवाल विकास के कोटेडा के ग्रामीण ने रविवार को बोरागाड-चौड-कोटेडा मोटर मार्ग का निर्माण कार्य में लगी जेसीबी को रोक कर सड़क का काम रोक दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की ओर से मनमाने ढंग से सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मलबे का निस्तारण डंपिंग जोन में न करते हुए अन्यत्र किया जा रहा है।

रविवार को कोटेडा रोड संघर्ष समिति के अध्यक्ष जगदीश राम और सरपंच अशोक कुमार की अगुवाई में ग्रामीण सड़क निर्माण वाली साइड जीचोरा पहुंचे। उन्होंने सड़क कटिंग कर रही जेसीबी मशीन को रोक कर काम नहीं करने दिया। उन्होंने सड़क का काम मानको के अनुरूप करने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने सड़क का काम कर रहे ठेकेदार और पीएमजीएसवाई के अभियंताओ पर सड़क कटिंग का मलबा डंपिंग जोन में नहीं डालकर सीधे सड़क के नीचे गिराये जाने पर आपत्ति दर्ज की। उनका यह भी आरोप है कि सड़क का समरेखण कहीं और किया गया है जबकि कटिंग कहीं और की जा रही है। उन्होंने रोड को मानको के अनुसार बनाने की मांग उठाई है।

## मन की बात जनता से सीधा संवाद करने का सशक्त माध्यम : सुभाष

**फतेहाबाद। एजेंसी**



राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को टोहाना वार्ड नंबर तीन के गोकुल धाम में आमजन और पार्टी कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। यह कार्यक्रम देशभर में सामाजिक जागरूकता, सकारात्मक बदलाव और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम के बाद सांसद ने इसे देशवासियों के लिए प्रेरणा और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाला बताया। सांसद सुभाष बराला ने कहा मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश के जनमानस से सीधा संवाद करने का एक सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा समाज के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली प्रेरक कहानियों और राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों को सामने लाना, हर भारतीय को आगे बढ़े की प्रेरणा देता है। सांसद ने कार्यक्रम में चर्चा किए गए विषयों को क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाने और इन विचारों को दैनिक जीवन में लागू करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम न केवल देश की संस्कृति, परंपराओं और नई उपलब्धियों को प्रदर्शित करता है, बल्कि आम जनता को समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का अहसास भी कराता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम न केवल आमजन की आवाज को मंच प्रदान करता है, बल्कि समाज के उन प्रेरणादायक व्यक्तियों और प्रयासों को उजागर करता है, जो देश को नई दिशा दे रहे हैं। यह कार्यक्रम हमें राष्ट्रहित में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कार्यक्रम में चर्चा किए गए विषयों पर प्रकाश डालते हुए जनता से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए संदेशों को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मौके पर नरेन्द्र गर्ग, रमन, गोपाल गोयल, संजय सिंगला, जीवन बंसल, सुभाष गोयल, सतपाल मालिक, जोगिराम, कृष्ण बंसल, विनोद बंसल, मनीष शर्मा, अशोक हिन्दुस्तानी, मनोज गोयल, मुनीश गोयल, जयदीप बराला, कुलदीप मुंड सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** > डा. ईश्वर भारद्वाज को गीता रत्न, मनीषा चौहान व जेपी जुयाल सहित छह को हरिद्वार गौरव सम्मान मिला

# मन ही मोक्ष और मुक्ति का कारण है: आचार्य करुणेश

● सभी को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र तथा शीषपग व्यासपीठ द्वारा धारण कराए

**हरिद्वार। एजेंसी**



अध्यात्म चेतना संघ द्वारा आर्य नगर में आयोजित विराट श्रीमद्भगवद् गीता महोत्सव के अन्तर्गत गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पूर्व योग विभागाध्यक्ष तथा वर्तमान में देव संस्कृति विश्वविद्यालय में योग विभाग में अकादमिक डीन के पद कर कार्यरत प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज को गीता रत्न सम्मान से विभूषित किया गया। उनकी अस्वस्थता के कारण उनकी ओर से यह सम्मान डा. भारद्वाज की धर्मपत्नी मिथलेश भारद्वाज ने ग्रहण किया। इसके साथ ही पिछले दिनों राजगीर (बिहार) में एशियाई कप महिला हाकी चैम्पियनशिप में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हाकी टीम का हिस्सा रहीं हरिद्वार की अन्तर्राष्ट्रीय महिला हाकी खिलाड़ी श्यामपुर कांगड़ी की मनीषा चौहान, आर्ट आफ लिविंग फाउण्डेशन के उत्तराखण्ड प्रभारी, जीवन प्रशिक्षक व प्रेरकवक्ता तेजिन्दर सिंह कैंथ, भारतीय सनातन संस्कृति के प्रसारक शिवम् श्रोत्रिय, पत्रकार शशांक सिखौला, ज्योतिष विद्या विशेषज्ञ पं. पवन पंत तथा पुलिस प्रशासनिक अधिकारी जे.पी. जुआल को शहरिद्वार गौरवश सम्मान से सम्मानित किया गया।

सभी को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र तथा शीषपग व्यासपीठ द्वारा धारण कराए गये। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा मीडिया प्रभारी अरुण कुमार पाठक ने कार्यक्रम में इन सम्मानों की घोषणा करते हुए बताया कि डा. ईश्वर भारद्वाज द्वारा केवल भारत में ही नहीं, बल्कि, विदेशों में भी योग को, लगभग हर स्तर पर, शैक्षणिक पाठ्यक्रम से जोड़ने में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। अपरोक्ष रूप से यह श्रीमद्भगवद्गीता के उन सभी 18 अध्यायों का ही प्रसार और विस्तार है, जिनके नाम किसी न किसी योग के साथ जोड़कर निर्धारित किये गये हैं। उन्होंने जानकारी दी की गीता रत्न तथा हरिद्वार गौरव सम्मान दिए जाने का सिलसिला संस्था ने वर्ष 1917 से प्रारंभ किया था। सम्मान समारोह के उपरान्त कथाव्यास आचार्य करुणेश मिश्र ने श्रीमद् भागवत सप्ताह के षष्ठम् दिवस कथाक्रम को विस्तार देते हुए विशेषरूप से गोवर्धन पूजन तथा रुक्मिणी विवाह के प्रसंगों का श्रवण कराया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं की भक्ति भावना तथा उमंग-उत्साह खूब धूमधाम से प्रदर्शित हुए। इसी दौरान अन्य अनेक प्रसंगों का भी संक्षिप्त श्रवण कराया। भागवत कथा गंगा में अवगाहन कराते हुए उन्होंने कहा कि, हमारा मन ही बंधन और मुक्ति का कारण है यदि हम मन से स्वयं को मुक्त अनुभव करें तो हम मुक्त हैं और यदि बंधन में महसूस करते हैं तो स्वयं को बंधनों में बंधा हुआ पाते हैं।

उन्होंने कहा कि, परमात्मा तो हमें नित्य निरंतर प्राप्त हैं ही और वह हमारे स्वयं के अंदर ही विराजमान हैं। हमारे ग्रंथ इस बात के साक्षी हैं की जिसने भी स्वयं के अंदर परमात्मा की खोज हेतु अपने भीतर की यात्रा की है।

## मन की बात हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत : गणेश जोशी

**देहरादून। एजेंसी**



कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून के वार्ड 08 सालावाला में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 80 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 117वां और इस साल 9वां और आखिरी संस्करण को पार्टी कार्यकताओं व स्थानीय लोगों के साथ सुना।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में संविधान को विरासत से जोड़ने के लिए बनी वेबसाइट, महाकुंभ की विशेषताएं, फिल्म जगत की कई महान हस्तियां राज कपूर और रफी साहब को भी याद किया। प्रधानमंत्री ने बच्चों की पसंदीदा एनिमेशन सीरीज का जिक्र और बस्तर में हुए अनूठे ओलंपिक के बारे में भी बताया। देश वासियों को नए साल की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में लोगों को अनेक प्रकार की विभिन्न जानकारी मिलती है और लोगों को नए कार्य करने व समाज के लिए अनेक कार्य करने की प्रेरणा देता है।



# नाश्ते में रवा उपमा खाने से मिलेंगे ये लाभ

**नाश्ते में अगर कुछ अच्छा (स्वादिष्ट और हेल्दी) खाने को मिल जाए तो पूरा दिन मूड अच्छा रहता है और आप अपनी प्रॉडक्टिविटी में भी अच्छा परिणाम देखते हैं। बस, जरूर इस बात की है कि हम सभी अपने काम और अपने शरीर की जरूरतों को समझें.लेकिन हममें से ज्यादातर लोग बस यहीं मात खा जाते हैं। आइए, जानते हैं दिन की बेहतर शुरुआत करने में रवा उपमा किस तरह हमारी सहायता कर सकता है.**

## रवा खाने के फायदे

- दक्षिणी भारत में सूजी को रवा कहा जाता है।उत्तर भारत और हिंदी भाषी राज्यों में सूजी का हलवा जिस तरह आय दिन घरों में बनता है और सभी बहुत चाव से खाते हैं।ठीक इसी तरह सूजी से तैयार उपमा यानी रवा उपमा दक्षिण भारत में बहुत अधिक लोकप्रिय भोजन है।
- रवा यानी सूजी गेहूं से तैयार होती है।यह फाइबर से भरपूर होती है इसलिए इसे पचाना हमारे पाचनतंत्र के लिए आसान होता है।
- फाइबर धीमी गति से डायजेस्ट होता है इसलिए यह लंबे समय तक हमारे शरीर को ऊर्जा देने का काम करता है।
- यानी रवा से बना उपमा खाने के बाद जल्दी से भूख नहीं लगती, नींद नहीं आती और आप लंबे समय स्वयं को तक ऊर्जावान महसूस करते हैं।
- रवा उपमा तैयार करते समय इसमें मौसमी सब्जियां मिलाई जाती हैं।यानी इसे खाने से आपको संपूर्ण पोषण प्राप्त होता है। सब्जियों से विटमिन्स और मिनरल्स साथ ही रवा से दिनभर के लिए ऊर्जा।
- रवा उपमा बनाने में मूंगफली और ड्राई फ्रूट्स का उपयोग किया जाता है।इन्हें खाने से आपको सभी जरूरी अमीनो एसिड्स, ओमेगा–3 फैटी एसिड, फॉलिक एसिड और विटमिन्स तथा मिनरल्स की प्राप्ति होती है।
- रवा उपमा फैट यानी वसा और हानिकारक कॉलेस्ट्रोल से पूरी तरह फ्री होता है।इसलिए यह आपके हार्ट की सेहत के लिए भी एक शानदार नाश्ता है।जो हृदय की पंपिंग को सही बनाए रखने और अपने पौषक तत्वों से रक्त का प्रवाह बनाए रखने का काम करता है।
- रवा उपमा खाने में बहुत अधिक स्वादिष्ट और साथ ही सेहत के गुणों से भरपूर होता है।इसलिए साउथ इंडिया से निकलकर इस फूड ने देश के हर हिस्से और घर में अपनी जगह बना ली है।
- आज के समय में पोहा (मुख्य रूप से मध्य भारतीय आहार) दही चूड़ा (मुख्य रूप से बिहार का भोजन) और रवा उपमा तथा इडली (दक्षिण भारतीय भोजन) अपने–अपने राज्यों की सीमाए पार कर नैशनल फूड बन चुके हैं।
- इसकी खास वजह है कि इन फूड्स को तैयार करने में कम समय लगता है।ये पौषक तत्वों से भरपूर होते हैं और कम ऑइली होने के कारण फिटनेस को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।इसके साथ ही पाचन के लिहाज से बहुत अच्छे होते हैं तो इन्हें खाने के बाद आलस भी नहीं आता है।



# शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें

**शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें। ये आपको कई गंभीर बीमारियों की तरफ धकेल सकती है. चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, हमारे शरीर का 30 प्रतिशत हिस्सा तरल है और बाकी 70 प्रतिशत में अस्थि और मज्जा शामिल है। यही वजह है कि जल को जीवन की संज्ञा दी गई है। क्योंकि मनुष्य बिना भोजन के कुछ समय रह सकता है लेकिन बिना पानी के रहना असंभव होता है। यानी जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पानी तो हम सभी लोग पीते हैं लेकिन ज्यादातर लोग शरीर की जरूरत के अनुसार उचित मात्रा में पानी नहीं पीते हैं। यही कारण है कि हमारे समाज में बड़े स्तर पर सूखे की बीमारी से पीड़ित पेशंट देखे जा सकते हैं। खासतौर पर गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन के मरीजों की मानो बाढ़ आ जाती है।**

## हल्के में ना लें यह समस्या

- आमतौर पर शरीर में पानी की कमी होने को हम सभी बहुत हल्के में लेते हैं।यह एक बड़ी वजह है कि डिहाइड्रेशन के कारण बड़ी संख्या में रोगियों की मृत्यु हो जाती है।आइए, यहां जानते हैं शरीर के उन सामान्य लक्षणों के बारे में जो आपके शरीर में पानी की कमी को दर्शाते हैं।ताकि इन लक्षणों के आधार पर आप तुरंत इस समस्या से निजात पा सकें.

## पानी की कमी के सामान्य लक्षण

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो आपके होंठ बहुत सूखे–सूखे हो जाते हैं और उनकी बाहरी त्वचा फटने लगती है। कई बार होठों से खून भी आने लगता है।
- पानी की कमी के कारण गला लगातार सूखा बना रहता है और बार–बार प्यास लगने पर पानी पीने के बाद भी प्यास नहीं मिटती है।
- शरीर में पानी की कमी के कारण सीने पर हल्की जलन, पेट में एसिडिटी या असहजता हो सकती है।साथ ही मुंह से सांसों के साथ लगातार दुर्गंध आती है। ब्रश करने के बाद भी आप सांसों की दुर्गंध फील कर पाते हैं।

## यूरिन, स्किन और मसल्स पर असर

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो पेशाब गाढ़े पीले रंग का आता है।इसके साथ मात्रा में सामान्य से कम होता है और पेशाब के बाद प्राइवेट पार्ट में जलन या खुजली की समस्या हो सकती है।
- डिहाइड्रेशन से जूझ रहे लोगों के शरीर की त्वचा भी बहुत रूखी और बेजान नजर आती है।जो लोग लंबे समय से पानी की कमी से जूझ रहे होते हैं, उनकी त्वचा पर कम उम्र में ही झुर्रियां नजर आने लगती हैं।
- पानी की कमी से मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन और जकड़न की समस्या हो सकती है।इसके साथ ही सिर में लगातार दर्द बना रहता है।इस कारण रोगी का चेहरा मुर्झाया हुआ और तेजहीन लगता है।
- जो लोग शरीर की जरूरत के अनुसार पानी नहीं पीते हैं, उनकी आंखों के नीचे काले घेरे साफ देखे जा सकते हैं।इन लोगों की आंखें अंदर धसने लगती हैं और इन्हें हर समय कमजोरी का अहसास बना रह सकता है।



# सेहत समस्याओं से निजात पाने के लिए पुदीने के घरेलू नुस्खे

**गर्मियों का मौसम आते ही भूख कम लगने लगती है, पेट व त्वचा की गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजें खाने की जरूरत होती है जो आपको ठंडक दे और पुदीना इस मौसम के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। गर्मियों में पुदीना या मिंट के अलग-अलग इस्तेमाल से कई सेहत लाभ पाए जा सकते हैं। आइए, जानते हैं पुदीना के ये 8 बेहतरीन घरेलू नुस्खे**

- पेट की गर्मी को कम करने के लिए पुदीने का प्रयोग बेहद फायदेमंद है।इसके अलावा यह पेट से संबंधित अन्य समस्याओं से भी जल्द निजात दिलाने में लाभकारी है।इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।
- दिनभर बाहर रहने वाले लोगों को पैर के तलवों में जलन की शिकायत रहती है, ऐसे में उन्हें फ्रिज में रखे हुए पुदीने को पीसकर तलवों पर लगाना चाहिए ताकि तुरंत राहत मिल सके।इससे पैरों की गर्मी भी कम होगी।
- सूखा या गीला पुदीना छाछ, दही, कच्चे आम के पने के साथ मिलाकर पीने पर पेट में होने वाली जलन दूर होगी और ठंडक मिलेगी।गर्मी हवाओं और लू से भी बचाव होगा।
- अगर आपको अक्सर टॉसिल्स की शिकायत रहती है और इसमें होने वाली सूजन से भी आप परेशान हैं तो पुदीने के रस में सादा पानी मिलाकर इस पानी से गरारे करना आपके लिए फायदेमंद होगा।
- गर्मी में पुदीने की चटनी का रोजाना सेवन सेहत से जुड़े कई फायदे देता है।पुदीना, काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, मुनक्का, जीरा, छुहारा सबको मिलाकर चटनी पीस लें।यह चटनी पेट के कई रोगों से बचाव करती है व खाने में भी स्वादिष्ट होती है।भूख न लगने या खाने से अरुचि होने पर भी यह चटनी भूख को खोलती है।
- पुदीने व अदरक का रस थोड़े से शहद में मिलाकर चाटने से खांसी ठीक हो जाती है।वहीं अगर आप लगातार हिचकी आने से परेशान हैं तो पुदीने में चीनी मिलाकर धीरे–धीरे चबाएं।कुछ ही देर में आप हिचकी से निजात पा लेंगे।
- पुदीने की पत्तियों का लेप करने से कई प्रकार के चर्म रोगों को खत्म किया जा सकता है।घाव भरने के लिए भी यह उत्तम है।इसके अलावा गर्मी में इसका लेप चेहरे पर लगाने से त्वचा की गर्मी समाप्त होगी और आप ताजगी का अनुभव करेंगे।
- पुदीने का नियमित रूप से सेवन आपको पीलिया जैसे रोगों से बचाने में सक्षम है।वहीं मूत्र संबंधी रोगों के लिए भी पुदीने का प्रयोग बेहद लाभदायक है।पुदीने के पत्तियों को पीसकर पानी और नींबू के रस के साथ पीने से शरीर की आंतरिक सफाई होगी।



# हल्की–हल्की भूख में लें इन तीन सूप का मजा

**नाश्ते के बाद और लंच से पहले वाली भूख को हैंडल करने के लिए ज्यादातर लोग चाय, कॉफी या फास्ट फूड और डिब्बाबंद फूड्स का सेवन करते हैं। लेकिन हम यहां आपको चंद मिनट में तैयार होनेवाले उन 3 खास सूप के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको 'अपनी तो लाइफ सेट है!' जैसा फील देंगे.**

## वेजिटेबल सूप

- मौसमी सब्जियों के साथ आप मिक्स वेज सूप तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप किसी एक सब्जी को उबालकर उसका सूप बनाएं और शिमला मिर्च, बीन्स, मशरूम, हरी प्याज और आलू को महीन टुकड़ों में काटकर इन्हें अलग उबाल लें।
- पहले से तैयार सूप में इन सब्जियों को मिलाएं और अपने स्वाद के हिसाब से काला नमक, जीरा पाउडर आदि मिलाएं।ध्यान रखें सूप को गाढ़ा करने के लिए कॉर्नफ्लोर मिलाया जाता है।आप इसका उपयोग कर सकते हैं लेकिन अधिक मात्रा में इसे मिलाने से बचें।नहीं तो यह आपके वजन को बढ़ाने की वजह बन सकता है।

## चुकंदर का सूप

- चुकंदर का सूप बनाने के लिए आप टमाटर, आलू, प्याज, लहसुन, काली मिर्च का पाउडर और नींबू का रस जैसी चीजों का उपयोग करते हैं। ये सभी बहुत पौष्टिक और सेहत को फिट रखनेवाली चीजें हैं।
- चुकंदर का सूप तैयार करने के लिए एक कुकर में बारीक कटे प्याज और लहसुन भून लें।इसके बाद कटे हुए चुकंदर, आलू और टमाटर डालकर भूनें।इन्हें दो मिनट पकाने के बाद कुकर को बंद कर दें और इसमें धीमी आंच पर 4 सीटी आने दें।
- तैयार मिश्रण को मिक्सी में डालकर पीसें और गाढ़ा लिक्विड तैयार करें।इसे छान लें और काली मिर्च पाउडर तथा नींबू का रस मिलाकर सूप तैयार करें और इसे हरी धनिया पत्तियों के साथ गार्निश करके सूप का लुत्फ उठाएं।

## मूंग दाल का शोरबा



- मूंग दाल का शोरबा मात्र 10 मिनट में तैयार हो जाता है।इसके लिए आप बिना छिलके की मूंग दाल को धुलकर कुकर में 3 से 4 सीटी लगा लें।इसे तैयार करते समय आपको पानी की मात्रा सामान्य दाल बनाने से दोगुना रखें और गैस की धीमी आंच पर रखकर ही पकाएं।
- अब इसमें हरी धनिया पत्ती, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा कच्चा प्याज मिलाकर तड़का लगा दें। मसलों के नाम पर इसमें सिर्फ हल्दी पाउडर का उपयोग करें, हल्का काला नमक मिलाएं और काली मिर्च पाउडर मिक्स करके गर्मागर्म शोरबा का लुत्फ उठाएं।



**वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.**

# खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है।यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।



## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं।लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें।इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए।

## मेटाबोलिज्म बढ़ाने के लिए चाय आजमाएं

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें।यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।



## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं।ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें।यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस (अजमोद का रस)

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है।ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है।बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।



## वजन घटाने के पांच बुनियादी नियम भी जानें

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं।इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी** द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
**प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी*** (*पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741